RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 178
फरीदाबाद, शुक्रवार, 07 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मेकअप के सामान को भी सैनिटाइज करना है जरूरी
सौंदर्य - 12

**कोरोना मीटर**

| विश्व | |
|---|---|
| कुल | 18,860,908 |
| मौतें | 708,476 |
| ठीक | 11,394,821 |
| **भारत** | |
| कुल | 2,021,407 |
| मौतें | 41,627 |
| ठीक | 1,374,420 |

स्रोतः www.covid19india.org

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 38.00°C
न्यूनतम 28.05°C

## क्विक न्यूज

### 21 दिनों में संक्रमितों का आकड़ा पहुंचा 10 से 20 लाख

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना संक्रमितों की संख्या 20 लाख के पार पहुंच गई है। पिछले 21 दिन में 10 लाख से ज्यादा नए मरीज सामने आए। यानी, हर दिन औसतन 47 हजार से ज्यादा। अब दुनिया के सिर्फ तीन देशों भारत, ब्राजील और अमेरिका में 20 लाख से ज्यादा कोरोना संक्रमित हैं, लेकिन 10 लाख से 20 लाख मामले होने में भारत में सबसे कम समय लगा। देश में सिर्फ 21 दिन में ऐसा हुआ। वहीं, अमेरिका में 41 दिन तो ब्राजील में 27 दिन में संक्रमितों का आंकड़ा 10 लाख से 20 लाख हुआ था।

### मथुरा में जन्माष्टमी पर नहीं होगा सार्वजनिक आयोजन

**मथुरा।** देश-दुनिया में कोरोना वायरस संकट के कारण श्रद्धालु इस बार कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर मथुरा में जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर 10 की दोपहर से ही 13 अगस्त दोपहर बाद तक सभी श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, लेकिन सभी मंदिरों में भगवान के जन्म एवं नन्दोत्सव कार्यक्रम पूर्ववत विधिवत संपन्न किए जाएंगे। जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र ने बताया कि भले ही श्रद्धालु इस बार 12 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के जश्न में शामिल नहीं हो सकेंगे, लेकिन जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाए जाने की व्यवस्था की जाएगी।

### अंग्रेजी साहित्य के प्रख्यात विद्वान अमरेश का निधन

**डिब्रूगढ़।** प्रख्यात शिक्षाविद और शेक्सपियर साहित्य के विद्वान अमरेश दत्ता का असम के डिब्रूगढ़ जिले में बृहस्पतिवार को उम्र संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह 102 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पांच पुत्र हैं।

### मनोज सिन्हा जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल बने

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश से भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज सिन्हा को बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। वह पहले राजनेता हैं, जिन्हें इस केंद्र शासित प्रदेश का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। सिन्हा पूर्व आईएएस अधिकारी गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे।

**मामला राज्य में आवारा पशुओं की जानकारी देने का**

# सूचना आयोग ने तलब किए 18 जिलों के एडीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**राज्य** सूचना आयोग के नोटिसों के बावजूद सुनवाई में खुद न पहुंचने वाले 18 एडीसी के खिलाफ आयोग सख्त हुआ है। इनमें 10 आईएएस और 8 एचसीएस अधिकारी शामिल हैं। राज्य सूचना आयुक्त जयसिंह बिश्नोई ने अपने आदेश में 18 जिलों के एडीसी को 12 अक्टूबर को स्पष्टीकरण सहित चंडीगढ़ तलब किया है। पेशी में खुद न पहुंचने पर इनके विरुद्ध सरकार को कारवाई के लिए लिखने की चेतावनी भी आयोग ने दी है।

आरटीआई कार्यकर्ता पीपी कपूर ने गत एक अक्टूबर 2018 को प्रदेश को आवारा पशु मुक्त करने के अभियान की नवीनतम स्थिति की सूचना मांगी थी। सूचना न मिलने पर राज्य सूचना आयोग ने प्रदेश के सभी 22 एडीसी को नोटिस भेजकर 3 फरवरी 2020 को सूचना सहित खुद पेश होने के आदेश किए थे। एडीसी ने खुद पेश न होकर पशुपालन विभाग के अधिकारियों को भेज दिया। आयोग ने सभी एडीसी को खुद 23 जुलाई को पेश होने के लिए दोबारा नोटिस जारी किए। लेकिन 23 जुलाई को सिर्फ पलवल, फरीदाबाद, फतेहाबाद व महेंद्रगढ़ जिलों के एडीसी खुद सुनवाई में चंडीगढ़ पहुंचे। अन्य 18 जिलों के एडीसी नहीं पहुंचे। इससे खफा राज्य सूचना आयुक्त जयसिंह बिश्नोई ने 23 जुलाई को सुनवाई उपरांत गैरहाजिर रहे सभी 17 एडीसी को एक मौका और देते हुए 12 अक्टूबर को खुद चंडीगढ़ पेश होने के आदेश दिए हैं। पेशी में न हाजिर होने पर इनके विरुद्ध सरकार को कारवाई के लिए लिखने की चेतावनी भी आयोग ने दी है।



**आयोग ने सरकार को कार्रवाई के लिए कर सकता है सिफारिश**

### इन अधिकारियों को पेशी के नोटिस जारी

मुनीश शर्मा आईएएस सोनीपत, कुमारी प्रीति आईएएस पानीपत, अनीश यादव आईएएस हिसार, अशोक बंसल आईएस करनाल, विक्रम आईएएस नूंह, डॉ. मनोज कुमार आईएएस भिवानी, उतम सिंह आईएएस सिरस, मो. इबरान रजा आईएएस चरखीदादरी, राहुल हुड्डा आईएएस रेवाड़ी, प्रशांत पंवार आईएएस गुरुग्राम, जगदीप ढांडा एचसीएस अंबाला, वीना हुडा एचसीएस कुरुक्षेत्र, महेंद्रपाल एचसीएस रोहतक, सतबीर कुंडू एचसीएस कैथल, कुमारी मनिता मलिक एचसीएस पंचकूला, जगनिवास एचसीएस झज्जर, सतेंद्र दून एचसीएस जींद व कमलेशा भादू एचसीएस एडीसी यमुनानगर। इनके अलावा शहरी निकाय विभाग निदेशालय के जनसूचना अधिकारी को भी नोटिस जारी किया गया है।

# आईपीएल 2020: अलग हुए बीसीसीआई और विवो

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और चीन के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच गुरुवार को चीनी मोबाइल फोन कंपनी वीवो के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए टाइटल प्रायोजन करार निलंबित कर दिया। बीसीसीआई ने एक पंक्ति का बयान भेजा, जिसमें कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई और इसमें कहा गया कि वीवो इस साल आईपीएल के साथ जुड़ा नहीं होगा।

बीसीसीआई और वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 2020 में इंडियन प्रीमियर लीग के लिए अपनी साझेदारी को निलंबित करने का फैसला किया है। वीवो कंपनी ने कहा कि इस करार को विराम दिया गया है। इसके बयान के अनुसार, बीसीसीआई और वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आपसी रजामंदी से इंडियन प्रीमियर लीग के 2020 सत्र के लिए अपनी भागीदारी को विराम देने का फैसला किया है। दोनों पक्ष एक योजना पर काम कर रहे हैं, जिसमें वीवो फिर से तीन साल के लिए संशोधित शर्तों पर 2021 से वापसी कर सकता है।

● विस्तृत खबर पेज-11

**आरबीआई बैठक:** रेपो रेट 4 फीसद पर बरकरार, रिवर्स रेपो रेट में भी बदलाव नहीं

# लोन पर ईएमआई न चुकाने की छूट खत्म

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को मॉनिटरी पॉलिसी में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। वह चार प्रतिशत पर कायम रखा है। प्रमुख रेट्स भी जस के तस हैं, लेकिन कोरोना वायरस की मार से बचाने के लिए मार्च में कर्ज पर किस्तें (ईएमआई) चुकाने की जो छूट दी थी, वह अगस्त में खत्म कर दी है। यानी सितंबर से आपको हर लोन पर किस्त चुकानी होगी, वरना आपका क्रेडिट स्कोर प्रभावित हो सकता है। हालांकि, बैंकों को लोन रिस्ट्रक्चरिंग की अनुमति दी है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैठक के नतीजों की जानकारी देते हुए कहा कि रेपो रेट को 4 फीसद पर बरकरार रखने का फैसला लिया गया है। वहीं, रिवर्स रेपो रेट भी 3.35 फीसदी पर स्थिर है। हालांकि, आरबीआई गवर्नर ने लोन मोरेटोरियम को लेकर कोई बात नहीं की है। बता दें कि 31 अगस्त को लोन मोरेटोरियम की अवधि खत्म हो रही है। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि आरबीआई गवर्नर इस मुद्दे को लेकर कोई बड़ा ऐलान कर सकते हैं। बैंकों की ओर से लगातार इसे आगे नहीं बढ़ाने की गुजारिश की जा रही है। अब रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति समीक्षा की बैठक अक्टूबर में होने वाली है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि गोल्ड ज्वेलरी पर कर्ज की वैल्यू बढ़ा दी गई है। अब 90 फीसदी तक कर्ज मिल सकेगा। वर्तमान में सोने की कुल वैल्यू का 75 फीसद तक ही लोन मिलता है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ग्लोबल इकोनॉमी अब भी कमजोर है। हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़त का सिलसिला जारी है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि खुदरा महंगाई दर नियंत्रण में है। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक दूसरी छमाही में महंगाई दर कम हो सकती है। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक कोरोना की मार के बाद देश की इकोनॉमी अब ट्रैक पर लौट रही है। गवर्नर ने कहा कि अच्छी पैदावार से ग्रामीण इकोनॉमी में रिकवरी है। आरबीआई गवर्नर ने एक बार फिर कहा है कि वित्त वर्ष 2020-21 में जीडीपी ग्रोथ रेट निगेटिव रहेगी।

- होम लोन और व्हीकल लोन पर ईएमआई चुकाने में मिली छूट हुई समाप्त
- सितंबर से आपको चुकानी होगी किस्त, वर्ना क्रेडिट स्कोर होगा प्रभावित
- अब भी नहीं चुका सकते किस्त तो लोन रिस्ट्रक्चरिंग के लिए बैंकों से करें संपर्क



### कोरोना महामारी का लंबा खिंचना अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम: शक्तिकांत

**मुंबई।** रिवर्ज बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को आगाह करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी का संक्रमण लंबे समय तक खिंचा, तो उससे घरेलू अर्थव्यवस्था की हालत और खराब हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए उपलब्ध मौद्रिक गुंजाइश का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करेगा। गवर्नर ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान कहा कि हालांकि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि नकारात्मक रहेगी, लेकिन महामारी पर पहले काबू पा लिया गया, तो उसका अर्थव्यस्था पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। दास की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने तीन दिन चली बैठक के बाद नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया।

● विस्तृत खबर पेज-08

### ईएमआई मॉरेटोरियम और लोन रिस्ट्रक्चरिंग में अंतर

- ईएमआई मॉरेटोरियम के तहत किस्तें न चुकाने की छूट थी। इस दौरान जो भी ब्याज बनता, वह बैंक आपके मूल धन में जोड़ देते। जब ईएमआई शुरू होगी, तो आपको पूरी बकाया राशि पर ब्याज चुकाना होता। यानी मॉरेटोरियम अवधि के ब्याज पर भी ब्याज लगता।
- लोन का रिस्ट्रक्चरिंग इससे पूरी तरह अलग है। यहां बैंकों को ज्यादा अधिकार मिल गए हैं। वह यह तय कर सकेंगे कि ईएमआई को घटाना है, लोन का पीरियड बढ़ाना है, सिर्फ ब्याज वसूलना है, या ब्याज दर एडजस्ट करना है।

### पर्सनल लोन में रिस्ट्रक्चरिंग कैसे होगी?

- आरबीआई ने पर्सनल लोन में भी वन-टाइम रिस्ट्रक्चरिंग की अनुमति दी है, लेकिन, बैंक या वित्तीय संस्थान अपने ही स्टाफ को दिए गए रिटेल लोन को रिस्ट्रक्चर नहीं कर सकेंगे।
- 1 मार्च 2020 की स्थिति में यह अकाउंट स्टैंडर्ड होना चाहिए। उसमें 30 दिन से ज्यादा का डिफॉल्ट नहीं होना चाहिए।
- यदि आप पर्सनल लोन की किस्ते नहीं चुका पा रहे हैं तो 31 दिसंबर से पहले रिस्ट्रक्चरिंग का आवेदन दे सकते हैं। बैंकों को इन आवेदनों पर 90 दिन के भीतर फैसला लेना होगा।
- बैंक और वित्तीय संस्थान लोन के रीपेमेंट का पीरियड अधिकतम दो साल ही बढ़ा सकेंगे। इसका फैसला वे व्यक्ति की आय के आधार पर ले सकेंगे।

# अहमदाबाद: कोविड-19 अस्पताल में आग लगने से आठ मरीजों की मौत

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**अहमदाबाद** के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में बृहस्पतिवार तड़के आग लगने से कोविड-19 के आठ मरीजों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में अस्पताल का एक स्वास्थ्यकर्मी घायल भी हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार ने सभी मृतकों (पांच पुरुष और तीन महिलाएं) के परिजन को छह-छह लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 के मरीजों के उपचार के लिए चिह्नित नवरंगपुर इलाके के श्रेय अस्पताल की चौथी मंजिल पर बृहस्पतिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे आग लगी। हादसे में आईसीयू वार्ड में भर्ती पांच पुरुष और तीन महिलाओं की मौत हो गई। अहमदाबाद नगर निगम ने शहर के 60 निजी अस्पतालों को कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए चिह्नित किया है, जिसमें श्रेय अस्पताल भी शामिल है। आईएएस अधिकारी राजीव गुप्ता ने बताया, श्रेय अस्पताल की चौथी मंजिल पर आईसीयू में भर्ती आठ कोविड-19 मरीजों की आग में मौत हो गई है। अन्य मंजिलों पर जनरल वार्ड में मौजूद 41 अन्य मरीजों को सुरक्षित निकालकर एसवीपी अस्पताल भेजा गया है। अहमदाबाद में विशेष ड्यूटी अधिकारी (ओएसडी) के रूप में तैनात गुप्ता ने बताया कि श्रेय अस्पताल को जांच के लिए सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से लगता है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।




### बेडसीट से बांधा था मरीज नहीं उठ पाने के कारण मौत

अस्पताल के एक वार्ड ब्वॉय ने बताया कि आईसीयू में जब आग लगी थी, तब एक कोरोना मरीज अरविंदभाई भावसार की स्थिति बेड से उठने लायक भी नहीं थी, क्योंकि उसे बेडशीट से बांधकर रखा गया था। यही वजह रही कि वह आईसीयू से बाहर नहीं निकल पाया और उसकी मौत हो गई। वार्ड ब्वॉय ने बताया कि बार-बार आक्सीजन मास्क निकालने को लेकर उन्हें बेडसीट से बांधा गया था।



**इनकी हुई मौतें :** लीलावती शाह (72), ज्योति सिंधी (55), आएशा तिरमिजी (51), नवनीत शाह (80), आरिफ मंसूरी (42), नरेंद्र शाह (62), अरविंद भवसार (78) और मनु रामी (82)।

### 'रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में चीनी घुसपैठ का जिक्र'

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच जारी तनाव के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।



रक्षा मंत्रालय के एक दस्तावेज का हवाला देकर राहुल ने कहा, रक्षा मंत्रालय चीन की तरफ से सीमा उल्लंघन की बात मान रहा है। तो फिर प्रधानमंत्री झूठ क्यों बोल रहे हैं? राहुल ने कहा, चीन का सामना करने की बात भूल जाइए। भारत के पीएम में इतना भी साहस नहीं कि वो चीन का नाम ले सकें। चीन का हमारे क्षेत्र में घुस आना और वेबसाइट्स से दस्तावेज हटा देने से सच्चाई नहीं बदल जाएगी।

# प्रदेश में आज से 52 सवारियों के साथ चलेंगी रोडवेज बसें

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ

**अब अंतरराज्जीय बसों के संचालन पर मंथन शुरू**

**हरियाणा** सरकार ने करीब पांच माह बाद सभी पूरी क्षमता (52) अथवा सभी सवारियों के साथ शुक्रवार से प्रदेश में बसों का संचालन शुरू करने का फैसला किया है। अलबत्ता बसों की संख्या में अभी कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। इस संबंध में गुरुवार को प्रदेश के सभी रोड़वेज महाप्रबंधकों को सूचित कर दिया गया है।

प्रदेश में लॉकडाउन के चलते मार्च माह में बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। जून माह में अनलॉक-वन के साथ ही सरकार ने अंतर जिला स्तर पर बसों का संचालन शुरू किया, जिसके तहत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए तीस यात्रियों के साथ बसों को चलाया जा रहा है। हालांकि इन बसों में कुछेक रूटों को छोड़कर यात्री उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद पड़ोसी राज्य पंजाब की तर्ज पर शुक्रवार से हरियाणा में भी बसों में यात्रियों की संख्या को लेकर लगाया गया प्रतिबंध समाप्त होने जा रहा है।

### सुशांत सिंह राजपूत केस: सीबीआई ने रिया चक्रवर्ती समेत छह के खिलाफ केस दर्ज किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सुशांत सिंह मामले की जांच गुरुवार को पटना पुलिस से अपने हाथ में ले ली। जांच एजेंसी ने गुरुवार को सुशांत की गर्लफ्रेंड रहीं रिया चक्रवर्ती, पिता इंद्रजीत, मां संध्या, भाई शोविक, सहयोगी सैमुअल मिरांडा, श्रुति मोदी और अन्य के खिलाफ केस भी दर्ज किया। सीबीआई ने एसआईटी बनाई है, इसे गुजरात कैडर के आईपीएस मनोज शशिधर लीड करेंगे।

सुशांत की गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती के सहयोगी सैमुअल मिरांडा से गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। ईडी ने रिया और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। सुशांत के परिवार ने रिया पर अभिनेता के अकाउंट से 15 करोड़ रुपये निकालने का आरोप लगाया था। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

# कोरोना को हराने वाले प्लाज्मा दान करने आएं आगे : खट्टर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कोरोना से ठीक हुए लोगों को प्लाज्मा दान करने की अपील करते हुए कहा कि इस महामारी से लड़ने को आमजन को प्रेरित करने के लिए आगे आएं। इस बात का संदेश दें कि इस बीमारी से डरने की बजाये, सावधानी बरतने की ज्यादा आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को कोरोना से संबंधित विभागीय अधिकारियों के आपदा प्रबंधन ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ठीक हुए लोगों को प्लाज्मा डोनेट करने के लिए एसएमएस भेजे जा रहे हैं। अब तक 338 लोगों ने प्लाज्मा डोनेट करने की सहमति व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों को अलग से पत्र भी भेजे जाएं। बैठक में अधिकारियों ने सीएम को बताया कि लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रेरित करने के लिए यातायात चौराहों व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के वाहनों तथा 900 से अधिक सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग्स लगाकर मास्क और गमछा पहनने तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और रेवाड़ी जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की स्थिति नियंत्रण में है।

**स्कूल प्रबंधन कमेटी की पावर में कटौती**

# अब टेंडर से होंगे पांच लाख से अधिक के काम

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के स्कूलों में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्कूल प्रबंधन कमेटी की पैसा खर्च करने की पावर घटा दी है। पहले स्कूल प्रबंधन कमेटी बिना किसी टेंडर के 20 लाख रुपये तक के निर्माण कार्य करा सकती थी, लेकिन अब पांच लाख रुपये तक के काम ही करा सकेगी। पांच लाख से अधिक के काम कराने पर स्कूल प्रबंधन कमेटियों को टेंडर निकालने होंगे, ताकि भ्रष्टाचार की गुंजाइश पूरी तरह से खत्म की जा सके। मुख्यमंत्री ने यह ऐलान भाजपा विधायक दल, जजपा विधायक दल और सरकार को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधायकों की बैठक में किया। यह बैठक लंबे समय बाद हुई है।




**अभी तक 20 लाख के निर्माण कार्य कराने की थी पावर**

स्कूलों की हालत, पढ़ाई और क्वालिटी में सुधार पर चर्चा के दौरान घरौंडा के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूलों को 20 लाख रुपये तक के निर्माण कार्य कराने की पावर है। इस पावर का कई स्कूलों में दुरुपयोग किया जाता है। स्कूलों में कराए जाने वाले कामों की विधायकों तक को जानकारी नहीं होती। इसलिए सारा काम टेंडरिंग के जरिए होना चाहिए।

हरविंद्र के इस सुझाव पर मुख्यमंत्री खट्टर ने कहा कि पांच लाख रुपये से अधिक के सभी कार्यों के लिए टेंडरिंग व्यवस्था लागू करनी होगी। फरीदाबाद के भाजपा विधायक नरेंद्र कुमार गुप्ता ने मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बढ़ाने पर जोर देने की बात कही। नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि कुछ विधानसभा ऐसी हैं, जहां इन स्कूलों का खाका तैयार नहीं हुआ है। तिगांव के विधायक राजेश नागर ने नरेंद्र की बात का समर्थन किया। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और तिगांव समेत छह विधानसभा ऐसी हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने इन सभी विधानसभा क्षेत्रों को मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनाने वाली सूची में शामिल करने के निर्देश दिए।

### शहरी स्कूलों में ढांचागत बदलाव जरूरी: नरेंद्र गुप्ता

विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने जब भ्रष्टाचार की आशंका जाहिर की, तो मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र बनने के बाद यह आशंका पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। 27, 28 और 29 फरवरी को पूरे प्रदेश में शिविर लगाकर परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे। पूंडरी के विधायक रणधीर गोलन ने स्कूलों में सफाई नहीं होने का मुद्दा उठाया। गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने सुझाव दिया कि तमाम नए बनाए जाने वाले स्कूलों का अलग निदेशालय बने, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहरी क्षेत्र के स्कूलों में ढांचागत बदलाव जरूरी हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के शिक्षा के मद में बजट की कोई कमी नहीं है। गुप्ता ने सीएम को बताया कि हरियाणा के स्कूलों में स्वीपर नहीं होने के मुद्दे पर उन्होंने विधानसभा की पीएसी कमेटी में मुद्दा उठाया था, जिसे गंभीरता से लिया जाए।

### स्कूलों में लगे सोलर सिस्टम : विधायक नयनपाल रावत

पृथला के निर्दलीय विधायक नयनपाल रावत ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि हरियाणा के कई मॉडल इसमें अपनाए गए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूलों में चपरासी, चौकीदार और माली की सख्त जरूरत है। जिन स्कूलों में स्टाफ सरप्लस हैं, उसे स्टाफ की कमी वाले स्कूलों में स्थानांतरित किया जाए। रावत ने स्कूलों में सोलर सिस्टम लगाने का सुझाव दिया। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार होने से हरियाणा की छवि पूरे प्रदेश में बढ़ेगी।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शुक्रवार, 07 अगस्त 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## यदि सभी ईमानदारी से भागीदारी निभाएं तो हार जाएगा कोरोना : रश्मि

कोरोना को लेकर हमारे देश में जागरूकता का काफी अभाव है। इसी अज्ञानता की वजह से ही वायरस फैल रहा है। इसलिए इसका व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। इसके प्रचार के लिए प्रत्येक व्यक्ति, सरकारी विभाग और सभी राजनैतिक दलों को ईमानदारी से अपनी भागदारी निभानी होगी। जिस तरह के राजनैतिक दल चुनाव के दौरान अपना प्रचार करते हैं। उसी तरह से अब भी सभी दलों को कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार करना चाहिए। यह कहना है शिक्षाविद् एवं साहित्यकार रश्मि सिंह का। श्रीमती सिंह आम दिनों की तरह लॉकडाउन में लगातार जरूरतमंदों की मदद करती रही हैं। पेश है **पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और रश्मि सिंह की** बातचीत के अंश :-



**जीवन परिचय**

| | |
|---|---|
| नाम | रश्मि सिंह |
| जन्मदिन | 2 नवंबर |
| पिता | डीपी सिंह |
| माता | शांतिदेवी |
| पति | अमोद कुमार जीएम, बीएसएनएल |
| परिवार | बेटा अपूर्व नंदन, बेटी आयुश्रीनंदन |
| स्कूल | हाईसैकेंड्री, लॉरेटों कॉन्वेट स्कूल, रांची |
| उच्चशिक्षा | एमए, एमबीए, बीएड, सीटीपी |
| रूचि | लेखन, गायन, पेंटिंग, रिडिंग |

**सवाल : शिक्षा के बाद अपने करियर की शुरूआत कैसे की।**

**जवाब :** स्नातक के बाद मेरा विवाह हो गया था। पति की ट्रांसफर होती रहती थी। वर्ष 1993 में मैं गोरखपुर स्थित अमरसिंह चिल्ड्रन स्कूल में बेटे का दाखिला कराने गई तो प्रबंधन द्वारा ऑफर दिए जाने पर मैने स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया।

**सवाल : इस दौरान अपने कहां कहां सेवाएं दी।**

**जवाब :** पढ़ाने के दौरान मुझे महसूस हुआ की स्नातक नाकाफी है। इसलिए मैने आगे की पढ़ाई भी जारी रखी। इस दौरान मैने झारखंड, मुरादाबाद के अलग अलग स्कूलों में अपनी सेवाएं दी।

**सवाल : आपका फरीदाबाद में कब आना हुआ।**

**जवाब :** वर्ष 2002 में पति का फरीदाबाद ट्रांसफर हुआ तो परिवार यहां शिफ्ट हो गया। लेकिन मैं बच्चों की पढ़ाई की वजह से मुरादाबाद रह रही थी। बाद में यहां शिफ्ट होकर मैने मानव रचना में पर्सनलिटी डेवलपमेंट ट्रेनर के पद पर काम किया। साथ ही कोचिंग भी देती थी।

**सवाल : यहां आपने किन-किन स्कूलों में काम किया।**

**जवाब :** वर्ष 2015 में मैने पलवल स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में कॉर्डिनेटर के पद ज्वाइन किया। कुछ समय बाद मुझे मुख्य अध्यापिका बना दिया गया था। बाद में मैने पलवल स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल ज्वाइंन किया। जिसके बाद मैं ग्रेटर फरीदाबाद स्थित दिल्ली स्कोलर इंटरनेशनल स्कूल में प्रिंसीपल के पद पर आ गई। जून 2020 में मैने निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया। फिलहाल मुझे एनसीआर के तीन चार बड़े स्कूलों से ऑफर मिल रहे हैं।

**सवाल : लेखन की तरफ आपकी रूचि कैसे बनी।**

**जवाब :** मेरी बचपन से ही लिखने पढ़ने में रूचि थी। मैं स्कूल और कॉलेज के दौरान प्रत्येक गतिविधियों में हिस्सा लेती थी। वर्ष 2010 में मैने अपने दो ब्लॉग बनाए और उनमें लिखना शुरू कर दिया। साथ ही मैं सामाजिक विज्ञान की नई लिखी पुस्तकों को रिव्यू करने का काम भी करती थी।

**सवाल : आपने पुस्तके कैसे और कब लिखनी शुरू की।**

**जवाब :** मेरे ब्लॉग पढ़कर मिताली नामक महिला ने मुझे पब्लिकेशन के लिए पुस्तक लिखने का ऑफर दिया था। इनके लिए मैने दो नोवल और दो पुस्तके लिखी थी। वर्ष 2011 में लिखी गई नोवल लवजर्नी को बिहार और झारखंड में काफी प्रसिद्धी मिली। मैने लिफी और अन्य पब्लिकेशन के लिए कुल आठ किताबे लिखी हैं। कई किताबों को विदेशों में भी काफी प्रसिद्धी मिली है।

**सवाल : हाल ही में पैरेंटिंग पर लिखी पुस्तक में आपने क्या संदेश दिया है।**

**जवाब :** बच्चों पर ज्यादा प्रेशर नहीं बनाना चाहिए। बच्चों को न तो आसानी से सबकुछ उपलब्ध करवाना चाहिए और न ही उन्हें मूलभूत चीजों कमी आने देनी चाहिए। बच्चों को उनकी इच्छा के मुताबिक करियर बनाने देना चाहिए। माता पिता को बच्चों के लिए त्याग करना चाहिए।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :**लॉकडाउन में देरी हुई है। यदि लॉकडाउन फरवरी में हो जाता तो कोरोना पर अब तक काबू पाया जा सकता था।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 37.26 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.09 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- डबुआ सब्जी मंडी आढ़ती व विक्रेताओं के लिए खुलने समय: रात 12 से सुबह 5 बजे
- शहर की डिस्पेंसरियों में सैनिटाइजेशन सुबह 9 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना ओपीडी की शुरूआत : सुबह 8 बजे
- आवश्यक बस्तुओं की दुकानें खुलेगी: सुबह 9 से शाम 7 बजे तक

### निवेश गुरु

**सुरक्षित** भविष्य के लिए जल्दी निवेश करने के बारे में विचार अक्सर अनदेखा किया जाता है, विशेष रूप से नव नियोजित द्वारा जब से छ्द्व कारपे दीम 'तक रहने के लिए वाक्यांश लगता है। लेकिन, अस्थिर बाजार की स्थितियों और अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था को देखते हुए, स्थिर भविष्य के लिए जल्दी निवेश करना बुद्धिमानी है। आपके 20 वर्ष ऐसे वर्ष हैं, जहां आपकी तुलनात्मक रूप से कम जिम्मेदारियां और अधिक प्रयोज्य आय है। पहला कदम आपकी पहचान करना है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### संस्कृत गीत गायन में निशान द्वितीय



**फरीदाबाद।** मेहरचंद महाजन डीएवी महिला कॉलेज चंडीगढ़ द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन अंतर महाविद्यालय शोलोकोच्चारण एवं गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारतवर्ष के लगभग 36 महाविद्यालयों ने भाग लिया। डीएवी शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद की संस्कृत विभाग तृतीय वर्ष की छात्रा निशा रानी ने दूसरा स्थान प्राप्त कर पूरे भारत में महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने छात्रा निशा एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा को बधाई दी तथा संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की संस्कृत भाषा संसार की प्राचीनतम भाषा है तथा सभी भाषाओ की आधार भाषा है। भारतवर्ष की संस्कृति और संस्कार संस्कृत भाषा पर ही आश्रित है। हमे इस भाषा के प्रचार प्रसार के लिए प्रयत्न करते रहने चाहिए। उन्होंने डॉ अमित शर्मा को समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते रहने के लिए कहा।

### क्विक न्यूज

#### फरार आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। जीआरपी ने दो साल से फरार चल रहे एक पीओ घोषित आरोपी को बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल के निकट स्थित झुग्गी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम प्रवीण उर्फ रवि है, जो मूल रूप से जिला अलीगढ़ के गांव बामोती का रहने वाला है, लेकिन वह कई साल से बल्लभगढ़ में रह रहा है। जीआरपी ने 2016 में उसे चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। वह कोर्ट से गैर हाजिर होने लगा। जिससे की कोर्ट ने 2018 में उसे पीओ घोषित कर दिया। पुलिस को बृहस्पतिवार सुबह पता चला कि प्रवीण सिविल अस्पताल के निकट बसी झुग्गियों में रह रहा है।

## खुले मैनहॉल : नगर निगम के भ्रष्टाचार से हो रहे हादसे

राजेश दास। फरीदाबाद



फोटो : राजेश पुंजानी

**नगर** निगम के अधिकारियों के भ्रष्टाचार के कारण शहर के लोगों को आए दिन कई तरह की परेशानियों का सामना तो करना पड़ ही रहा है। साथ ही इनकी गलतियों की वजह से लोग आए दिन हादसों का शिकार भी हो रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने अपने फायदे के लिए शहर के ज्यादा सीवर के मैनहॉल पर घटिया क्वालिटी के ढक्कन लगाए हुए हैं। ढक्कन में घटिया सामाग्री का इस्तेमाल होने की वजह से यह कुछ ही दिनों में टूट जाते है। एक बार टूट जाने पर इन्हें कई कई दिनों तक बदलने की जरूरत भी महसूस नहीं की जाती। इन दिनों शहर में जगह जगह ढक्कन टूट जाने की वजह से सीवर के मैनहॉल खुले पड़े हुए है। सड़क पर बरसाती पानी भर जाने से यह गड्ढे पैदल और दोपहिया वाहन चालकों को नजर नहीं आते। ऐसे में लोग अक्सर हादसों का शिकार हो जाते है। शहर के एनआईटी इलाके में इन दिनों दर्जनों की संख्या में सीवर के मैनहॉल या तो खुले पड़े हैं या फिर उनके ढक्कन टूट चुके हैं।

### हादसों का रहता है इंतजार

**नगर** निगम के अधिकारियों की लापरवाही यहीं खत्म नहीं हो जाती। निगम द्वारा खुले मैनहॉल से होने वाले हादसें का इंतजार किया जाता है। ढक्कन टूट जाने पर शिकायत मिलने पर भी उन्हें बदला नहीं जाता। साथ ही कई स्थानों पर सीवर के मैनहॉल गलत तरीके से सड़क से ऊंचे या गहरे बने हुए है। सड़क से ऊंचे या गहरे होने के कारण इनसे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अजरौंदा मेट्रो स्टेशन के पास खुले सीवर के मैनहॉल के कारण कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। संजय कालोनी की 33 व 22 फुट रोड पर दर्जनों स्थानों पर मैनहॉल टूटे है और कई गलत तरीके से बनाए गए हैं। जवाहर कालोनी की नंगला रोड पर कई जगह मैनहॉल के ढक्कन टूटे हुए हैं। सारन स्कूल रोड पर कई स्थानों पर टूटे है सीवर के ढक्कन। इसके अलावा प्रैस कालोनी, जवाहर कालोनी, संजय कालोनी और पर्वतीय कालोनी में दर्जनों की संख्या में सीवर के मैनहॉल सड़क से ऊंचे या गहरे बने हुए हैं। इनसे टकरा कर आए दिन वाहन चलाक घायल होते रहते हैं।

### टूटे हुए हैं मैन हॉल के ढक्कन



**जवाहर** कालोनी निवासी सुरेंद्र रावत ने बताया कि आसपास के इलाकों में दर्जनों स्थानों पर ढक्कन टूट जाने से मैनहॉल खुले पड़े है। इनकी वजह से इलाके के लोग आए दिन हादसों का शिकार हो रहे है। शिकायत के बाद भी ढक्कनों को नहीं बदला जाता।

### फायदे के लिए धोखा

**नियमों** के मुताबिक सड़कों पर बने मैनहॉल के ढक्कन आईएसआई मार्क होने चाहिए। लेकिन निगम के अधिकारियों के लिए यह नियम जरा भी मायने नहीं रखता। क्योंकि आईएसआई मार्का ढक्कन की खरीद से उन्हें कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में अपने फायदे के लिए निगम के संबंधित अधिकारियों द्वारा कायदे कानूनों को ताक पर रख कर स्थानीय उत्पादकों से घटिया किस्म में मैनहॉल के ढक्कन खरीद लेते है। इन ढक्कन में उत्पादकों द्वारा घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया जाता है। घटिया सामाग्री से बने ढक्कन उन्हें कम कीमत पर उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन इन ढक्कनों का भुगतान आईएसआई मार्का ढक्कन की कीमत के बराबर ही किया जाता है। बरसाती पानी जमा होने अथवा चंद बार बड़े वाहनों के गुजरने पर यह घटिया सामाग्री से बने ढक्कन कुछ ही समय में टूट जाते हैं। जिसके बाद आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होने लगती है। नगर निगम से शिकायत करने के बाद भी इन टूट चुके ढक्कनों को लंबे समय तक बदलने की जरूरत महसूस नहीं की जाती है। इस लापरवाही की वजह से लोगों को हादसों का शिकार होना पड़ता है।

### गलत बनाए मैनहॉल



**समाजसेवी** अश्वनी रस्तोगी का कहना है कि शहर की विभिन्न कालोनियों में निगम ठेकेदारों द्वारा गलत तरीके से सीवर के मैनहॉल बनाए गए है। कई स्थानों पर सड़क से काफी ऊंचे तो कई जगह सड़क से गहरे बने हुए है। ऐसे में हादसे होते रहते हैं।

### कार्रवाई नहीं होती



**संजय** मौर्य ने कहा कि मैनहॉल के कारण होने वाले हादसों के बाद जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। यदि जिम्मेदार अधिकारियों पर पुलिस मामले दर्ज कर कार्रवाई करती तो यह लोग लापरवाही नहीं करते।

### जिम्मेदार नहीं होती कार्रवाई

**सीवर** के खुले मैनहॉल की वजह से शहर में आए दिन हादसे होते रहते हैं। कई हादसों में तो लोगों की जान तक जा चुकी है। गत 13 जुलाई 2010 को सेक्टर 55 निवासी अमरजीत के पांच साल के बेटे इंद्रजीत की मैनहॉल में गिरकर मौत हुई थी। 26 अक्टूबर 2013 को भारत कालोनी निवासी वीरसिंह की तीन साल की बेटी काजल की मौत मैनहॉल में गिरकर हुई थी। नौ अक्टूबर 2015 को राजीव कालोनी निवासी दो साल की बच्ची निशा की सीवर के मैनहॉल में गिरकर मौत हुई थी। तीन जून 2016 को पल्ला पुल के पास पल्ला निवासी पूनम नामक महिला मैनहॉल में गिरी थी। हादसे में महिला और उसे बचाने का प्रयास करने वाले युवक लक्ष्मण की मौत हुई थी। 19 फरवरी 2018 को हनुमान नगर निवासी आकाश खेड़ी रोड पर सीवर के मैनहॉल में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इन हादसों के बाद जिम्मेदार नगर निगम अथवा हूडा के किसी भी कर्मचारी अथवा अधिकारी के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि नियमों के मुताबिक इलाके कर्मचारी और अधिकारी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए।



## आदेशों को ताक पर रख चल रही ऑनलाइन क्लास

### बच्चों की आंखों व स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, इसका गहरा दुष्प्रभावः कैलाश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मानव** संसाधन मंत्रालय ने स्कूल बंद होने के कारण विद्यार्थियों को दी जा रही ऑनलाइन क्लास के बारे में कुछ गाइडलाइन जारी की थी। जिसके अनुसार एनसीईआरटी के सिलेबस के अनुसार नर्सरी, केजी के लिए रोज सिर्फ 30 मिनट की क्लास, एक से आठवीं के बच्चों के लिए 30 से 45 मिनट के दो सत्र और नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए 30 से 45 मिनट के चार सत्र की ऑनलाइन पढ़ाई कराई जाएगी। हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा कि कई स्कूल प्रबंधक एचआरडी की गाइडलाइन के विपरीत अभी भी 3 से 4 घंटे की ऑनलाइन क्लास ले रहे हैं। जिससे छात्रों की आंखें व स्वास्थ्य खराब हो रहा है।

सेक्टर-14 स्थित एक स्कूल की प्रिंसिपल ने एक नया नोटिस निकालकर प्राइमरी व मिडिल छात्रों के लिए सुबह साढ़े नौ से साढ़े 12 बजे तक की 3 घंटे की ऑनलाइन क्लास कराने का मैसेज अध्यापकों को भेजा है। यह पूरी तरह से एचआरडी द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का उल्लंघन है। ऐसे में अभिभावकों के सामने कई परेशानियां आ खड़ी हुई हैं।

### एक फोन पर तीन घंटे

**अभिभावकों** के पास एक ही मोबाइल फोन होता है, छात्र उसी को लेकर के 3 घंटे ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं। जिससे फैमली के पास मोबाइल न रहने उनको भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट शिव कुमार जोशी व जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा ने कहा है कि लॉकडाउन से पहले छात्र स्कूलों में बड़े ब्लैक बोर्ड पर दी जा रही पढ़ाई करने के बाद भी ट्यूशन लगाकर अपने होमवर्क व पढ़ाई को पूरा करते थे। यह कार्य अब लॉकडाउन के बाद भी हो रहा है। पेरेंट्स ऑनलाइन क्लास के समय अपने बच्चे के पास बैठकर उनकी मदद कर रहे हैं। वैसे भी मोबाइल के दो तीन इंच की स्क्रीन पर पढ़ाई ठीक प्रकार से हो ही नही सकती है।

### ये होता आंखों पर असर

**नेत्र विशेषज्ञ** डॉक्टर भी कहते हैं कि मोबाइल स्क्रीन पर लगातार पढ़ाई करने से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। लगातार स्क्रीन देखने से आंखें कमजोर होने के साथ-साथ मोबाइल की रेडिएशन से स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। मंच का कहना है कि 10वीं से 12वीं कक्षा तक के लिए ही ऑनलाइन क्लॉस का प्रावधान होना चाहिए। वह भी एचआरडी द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार, प्राइमरी व मिडिल क्लास के बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई पूरी तरह से बंद होनी चाहिए।

### कबाड़ी हथियार सहित गिरफ्तार



**फरीदाबाद** । क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 ने अवैध हथियार रखने वालों के ऊपर शिकंजा कसते हुए एक आरोपी हसिनु उर्फ इमरान निवासी गांव मिर्जापुर फरीदाबाद को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। पुलिस प्रवक्ता धारणा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी पीछे से हापुड़ उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और फिलहाल गांव मिर्जापुर फरीदाबाद में कबाड़ी की दुकान चला रहा है। आरोपी को सूत्रों के माध्यम से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसने यह कट्टा हापुड़ उत्तर प्रदेश से 5000 रुपये में खरीद कर लाया था। आरोपी से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर अदालत में पेश कर जेल भेजा।

## संक्षिप्त समाचार

### घी के दीपक जलाकर मनाई दीपावली



**फरीदाबाद।** श्रीराम जन्म स्थान अयोध्या नगरी मे 500 वर्षों बाद श्रीराम मंदिर के निर्माण का भूमि पूजन देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हिन्दू हृदय सम्राट योगी आदित्य नाथ तथा साधु संतों द्वारा किए गया। इसकी खुशी में मंदिर श्रीबांके बिहारी में महंत ललित गिरि गोस्वामी पंच दशनाम जूना अखाड़ा व बडखल विधायक सीमा त्रिखा ने घी के दीपक जलाकर दीपावली मनाई। इस शुभ अवसर पर मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से भी खूब सजाया गया था। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा और महंत ललित गिरि गोस्वामी ने कहा कि पिछले 500 वर्षों से राम जन्म भूमि को लेकर विवाद चल रहा था अनगिनत रामभक्तों ने इस सर्घष में अपने प्राण गंवा दिए। करोडों हिंदुओं की धार्मिक आस्था के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी का भव्य मंदिर बनाने की शुरुआत हुई। जिससे की आज का दिन करोड़ों हिन्दुओं के लिए दीपावली से भी बड़ा उत्सव है। उन्होंने कहा कि हम कोरोना की वज़ह से नहीं जा सकते इस लिये सभी हिन्दुओं अपने घरों में, घर के बाहर, मंदिरों, मठों, अखाड़ों में दीपक प्रज्वलित कर के, घंटी, मंजीरे, नगाड़ा बजा कर जय श्री राम जी का उद्घोष कर के अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम हिंदुओं को कट्टर होना चाहिए सब से पहले हम हिन्दू हैं ऐसी धारणा हर हिन्दू की होनी चाहिए। इस अवसर पर सरपरस्त एनएल गौसांई, अशोक अरोड़ा, पंडित विनोद शास्त्री, पंडित मनीष दूबे, पीयूष गोस्वामी, रितेश गोस्वामी,हिमांक गोस्वामी,,संदीप गोस्वामी,उत्सव गौस्वामी,राजेश गोस्वामी,रवि हीरा,बन्नी सिंह,महिला मण्डल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी, प्रीति गोस्वामी, गीता गोस्वामी, चारू गोस्वामी, रेखा, शोभा दत्ता मौजूद थी।

### मानव भवन पर 101 दिए जला कर मनाई खुशी



**फरीदाबाद।** अयोध्या में भगवान राम का भव्य व ऐतिहासिक मंदिर बनने के पुनीत कार्य का शिलान्यास होने की खुशी में मानव सेवा समिति ने अपने सेक्टर 10 स्थित कार्यालय मानव भवन पर 101 घी के दीपक जलाकर और लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर पूरे मानव भवन को श्रीराम की ध्वज पताका लगाकर सजाया गया। समिति की महिला सेल की सदस्यों ने राम धुन पर नृत्य करके खुशियां मनाई। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी उषा किरण शर्मा, पवन गुप्ता, अरुण बजाज, कैलाश शर्मा, सुरेंद्र जग्गा, राजेंद्र गोयनका, रमा सरना, बांकेलाल सितोनी, ओमप्रकाश सहल, सुष्मिता भौमिक, राज राठी, जितिन गौड़, अमर बंसल, नीरज जग्गा, सरोज बाला, अनूप गुप्ता, एमआर मोगा उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैलाश शर्मा ने कहा कि वर्षों पुराना जो भारतवासियों का राम मंदिर निर्माण का सपना था आज वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन करके साकार हुआ है। पूरे देश में जश्न का माहौल है, घर-घर घी के दिए जलाए जा रहे हैं। मानव परिवार ने भी गुरुवार को अपने कार्यालय में दिए जलाकर खुशी मनाई है।

### बीके चौक पर जलाए घी के दीपक



**फरीदाबाद।** श्रीराम मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर युवा सैन समाज फरीदाबाद के संस्थापक कुलदीप सैन के नेतृत्व में सायं बीके चौक पर समाज के लोगों ने सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए हाथों में भगवा झंडे व बैनर को साथ लेकर पूरे चौराहे पर देशी घी के दीए जलाए गए। इस अवसर पर युवा सैन समाज फीदाबाद के प्रधान योगेन्द्र सैन ने कहा कि लगभग 500 वर्षों के बाद यह शुभ अवसर आया है। इस मौके पर प्रत्येक परिवार को अपने घरों व संस्थानों में श्रद्धा अनुसार दीपक जलाने चाहिए। आज जिले में सैन समाज के सभी परिवार दीपक जलाकर खुशियां मान रहे है। इस अवसर पर राजीव बालियान, सोमवीर सैन, सुधीर माथुर, सोनू सैन, वींरेंद्र सैन, नरेंद्र सैन, रविन्द्र सिद्धु एडवोकेट, नरेश सैन सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चाकू के बल पर लूटपाट करने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 ने गुप्त सूचना के आधार पर चाकू के बल पर दुकानदार से लूटपाट करने वाले अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के जितेंद्र उर्फ जीतू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। आरोपी जितेंद्र फिलहाल भारत कॉलोनी फरीदाबाद में रह रहा है। पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में आरोपी जीतू ने अपने साथी प्रदीप, मुस्ताक, शाकिर के साथ मिलकर 29 जुलाई को मुंह पर मास्क लगाकर दोपहर लगभग डेढ़ बजे नगला गुजरान गांव स्थित भूमि कम्युनिकेशन मोबाइल दुकान मालिक की दुकान में जबरन घुसकर दुकानदार को चाकू दिखाकर गल्ले से 40 हजार रुपये लूट लिए थे। दुकानदार को जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से मोटर साइकिल पर सवार होकर भाग गए थे। जिस पर आरोपियों के खिलाफ थाना मुजेसर में लूट और डुब्ल्ध एक्ट की धारा सहित मामला दर्ज किया गया था। आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू के साथी प्रदीप, शाकिर, मुस्ताक को क्राइम ब्रांच ने 1 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। जिनको अदालत में पेश कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है। ये तीनों आरोपियों से वारदात में प्रयोग बटन दार चाकू और मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। उपरोक्त मुकदमा में आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू की गिरफ्तारी बकाया थी जिसको भी आज गिरफ्तार कर लिया गया है।


### गुमशुदा की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरिचन्द पुत्र चुन्नीलाल निवासी मकान न. 125/बी भाटिया कॉलोनी फरीदाबाद ने बतलाया कि उसका लड़का राहुल व उम्र 27 साल दिनांक 01.07.2020 को बिना बताये घर से चला गया। जिस पर मुकद्दमा न. 373 दिनांक 02.07.2020 धारा 346 आईपीसी थाना शहर बल्लभगढ दर्ज हुआ है। जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हस्ट-पुष्ट शरीर, लम्बाई करीब 5 फिट 6 इंच, हरी रंग की कमीज, पैरो में हवाई चप्पल पहने हुए है पता चलने पर निम्नलिखित नम्बर पर सूचित करें।

**एसएचओ थाना शहर बल्लभगढ़ - 9582200132**
**आई/सीपी.पी.पी एएस, चौक बल्लभगढ़ - 9582200170**
**पुलिस चौकी अग्रसैन चौक बल्लभगढ़ - 0129-2300966**

### मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.08.2020 को एक व्यक्ति जिसका नामपता नामालूम की ऐतमातपुर के पास ऐक्सीडेंट में मौत हो गई है मौके पर नीरज पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी गैस प्लांट वाली गली पवन कालोनी नजदीक बीकानेर ने दरखास्त पेश की जिस पर उपरोक्त मुकद्दमा दर्ज रजि. किया गया। जिसका हुलिया-रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, कद 5 फिट 9 इंच व उम्र करीब 30 साल जिसने काली पैन्ट पहनी हुई है। मुकद्दमा न. 453, दिनांक 05.08.2020 धारा 279, 304ए, थाना पल्ला फरीदाबाद। अगर इस बारे में सूचना मिले तो प्रबन्धक अफसर थाना पल्ला के निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**पुलिस कन्ट्रोल रूम फरीदाबाद - 0129-2227300, 100**
**पुलिस थाना पल्ला - 0129-2252437, प्रबन्धक अफसर - 9582200039**

# लापरवाही: स्टाफ नर्स के पॉजिटिव आने के बाद भी नहीं लिया सबक

## अस्पताल में सोशल डिस्टेंसिंग की जगह-जगह उड़ रहीं धज्जियां

## नर्सों की कमी से जूझ रहा बीके सिविल अस्पताल



**कविता।** फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में 90 में से मात्र 20 स्टाफ नर्स ही तैनात है। इनमें से भी कुछ अवकाश पर तो कुछ पदोन्नत हो चुकी हैं। अब सिर्फ 15 ही स्टाफ नर्स कार्यरत है। मंगलवार को डिलीवरी वार्ड में तैनात एक स्टाफ नर्स पॉजिटिव आ गई। जिसके बाद से बीके सिविल अस्पताल में अव्यवस्था फैली हुई है। कर्मचारियों की कम संख्या के कारण सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ा रही है।

### नियमों की उड़ रही धज्जियां

**बीके** अस्पताल के कर्मचारियों के पॉजिटिव आने के मामले लगातार सामने आने के बाद भी यहां गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाई जा रही है। दो दिन पहले जच्चा-बच्चा वार्ड में तैनात एक स्टाफ नर्स पॉजिटिव आ गई। जिसके बाद न तो कक्ष को बंद किया गया और न ही यहां सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा जा रहा है। अस्पताल के अपातकालीन कक्ष से लेकर वार्डों में हर जगह सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गुरुवार को ओपीडी में भी कमरा नम्बर नौ, 19 और 18 में सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती हुई नजर आईं।

### वार्ड में स्टाफ नहीं

**अस्पताल** के सभी वार्डों को शुरू कर दिया गया, लेकिन यहां स्टाफ नर्सो की भारी कमी है। ओर्थो, मेडिकल, सर्जिकल और क्षयरोग वार्ड तृतीय तल पर चल रहे हैं। वहीं डिलीवरी, आईसोलेशन और आईसीयू वार्ड भी शुरू हैं। आईसीयू और अपातकालीन कक्ष में एक-एक ही स्टाफ नर्स को तैनात किया गया है। जिससे मरीज परेशान हैं।

### प्रबंधन से की शिकायत

**पिछले** दिनों आईसीयू में भर्ती दो कोरोना पीड़ित महिलाओं के परिजनों ने प्रबंधन को शिकायत देकर बताया था कि कोविड-19 आईसोलेशन और आईसीयू में एक ही स्टाफ नर्स है। सूचना मिलते ही एक अन्य स्टाफ की ड्यूटी आईसीयू में लगा दी। स्टाफ नर्सों की भारी कमी से मरीजों को रोज परेशानी हो रही है।

### नौ वर्ष से अभाव

**वर्ष** 2010 में बीके अस्पताल की नई बिल्डिंग तैयार हो गई थी। तब यहां 90 पदों में से सिर्फ 15 स्टाफ नर्सें ही कार्य कर रही हैं। जबकि यहां आने वाले मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। लगातार पत्र लिखे जाने पर वर्ष 2019 में एक बार संज्ञान लिया गया, तब यहां स्टाफ की संख्या 15 से बढ़कर 35 पर पहुंच गई थी। बढ़ते काम के बोझ को देख नई स्टाफ नर्सो ने अपना तबादला करवा लिया। ऐसे में यहां फिर से नर्सो की कमी उत्पन्न हो गई।

### मांगीं हैं स्टाफ नर्स

**स्टाफ** नर्सो की कमी को लेकर पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि उन्होंने कई बार पत्र लिखा है। कम स्टाफ से ही यहां काम लिया जा रहा है। एक से दो वार्डों में एक स्टाफ नर्स ही यहां काम कर रही है।

# अवैध खनन के गड्ढे में डूब कर दो बच्चों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**तिगांव** इलाके के भैंसरावली रोड पर एक खेत में अवैध तरीके से खोद गए गड्ढे में बरसाती पानी भर गया। इस गड्ढे में डूब कर बीती शाम दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। दोनों शवों को गड्ढे से निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया गया है।

थाना तिगांव में दर्ज मामले के मुताबिक तिगांव गांव निवासी राजेश ने बताया कि वह भैंसरावली रोड पर महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में परिवार सहित रहता है। परिवार में पत्नी, 10 साल का बेटा व एक छोटी बेटी है। 10 साल का बेटा सुंदर गांव ही स्थित प्राइवेट स्कूल की तीसरी कक्षा में पढ़ता था। बुधवार दोपहर को सुंदर पड़ोसी दर्शन के छह साल के बेटे कार्तिक के साथ कॉलोनी में ही पतंग से खेल रहे थे। दोनों देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने बच्चों की तलाश शुरू की।

तलाश के दौरान वे खेत में खनन के लिए खोदे गए गड्ढे के पास पहुंच गए। जहां दोनों बच्चों के शव पानी में तैर रहे थे। राजेश ने आरोप लगाया कि दोनों बच्चों की मौत खेत मालिक, मिट्टी खनन करने वाले ठेकेदार व मशीन संचालक की वजह से हुई है। बस्ती के लोगों ने खनन करने से मना किया था तो आरोपियों ने बस्ती को उजाड़ने की धमकी दे दी। जिस वजह से इनकी दबंगई से बस्ती के लोग डर गए।

खेत से 6 से 8 फुट मिट्टी का खनन किया जा रहा है। पूरे दिन खेत में मशीन और डंपर चलते हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने बिजली के तार भी तोड़ दिए थे। आरोप है कि यह जमीन तिगांव निवासी ओम नागर की है। ओम नागर ही खेत से मिट्टी का खनन करा रहा है। खनन होने से खेत में करीब 8 फुट का गड्ढा बना हुआ है।

तिगांव थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि इस मामले में मिली शिकायत के आधार पर खेत मालिक ओम नागर, मिट्टी खनन करने वाले ठेकेदार व मशीन संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मिट्टी खनन मामले की भी जांच की जाएगी। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। दोनों बच्चों के शवों का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# हिरोशिमा दिवस पर ब्रिगेड ने दिया शांति संदेश



**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, गाइडस और जूनियर रेडक्रॉस ने हिरोशिमा दिवस पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में शांति का संदेश दिया। ब्रिगेड अधिकारी व प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा नगर में 'लिटिल बॉय' नाम से यूरेनियम बम छह अगस्त 1945 को गिराया था। यह बम उस समय का सबसे शक्तिशाली बम माना जाता था। इस बम के धमाके से 13 किमी में त्राहि-त्राहि मच गई थी। उस समय हिरोशिमा की जनसंख्या लगभग 3.5 लाख थी, पर इस विस्फोट से एक लाख 40 हजार से ज्यादा लोग एक ही बार में मारे गये थे। मरने वालों में सर्वाधिक नागरिक, बच्चे, बूढ़े और स्त्रियां थीं। इस बम के गिरने के बाद भी कई लोग विकिरण से प्रभावित होकर मर गए। मनचन्दा ने बताया इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार वर्तमान में विश्व के नौ देशों ने ऐसे परमाणु हथियार विकसित कर लिए हैं। जिनसे मिनटों में यह विश्व समाप्त हो जाए। ये नौ देश हैं- अमेरिका (7,300), रूस (8,000), ब्रिटेन (225), फ्रांस (300), चीन (250), भारत (110), पाकिस्तान (120), इजरायल (80) और उत्तर कोरिया (60)। इन 9 देशों के पास कुल मिलाकर 16,445 परमाणु हथियार हैं।

# कोरोना महामारी से दो मौतें, 161 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 9669

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** में कोरोना महामारी का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है। बृहस्पतिवार को जिले में कोरोना पॉजिटिव दो मरीजों की मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ पिछले 24 घंटों में जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 161 नए मरीजों की पुष्टि की गई है। जिले में बृहस्पतिवार को 217 मरीजों ने कोरोना को मात देने में कामयाबी हासिल की है। जिससे में कोरोना पॉजिटिवों का आंकड़ा 9669 पर पहुंच गया है। वहीं मृतकों की संख्या का आंकड़ा 138 पर है।

### मृतक और पॉजिटिव

**जिले** में बृहस्पतिवार को कोरोना ग्रस्त दो मरीजों की मौत हो गई। जिसमें एनएच-पांच निवासी 49 वर्षीय एक व्यक्ति और न्यू जनता कालोनी निवासी 48 वर्षीय एक व्यक्ति शामिल है। दोनों ही कोरोना के अलावा अन्य कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त थे। वहीं 161 नए कोरोना पॉजिटिव में ओल्ड फरीदाबाद, बल्लभगढ़, एनआईटी, जवाहर कलोनी, एसी नगर, खेड़ीकलां, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, आदर्श नगर, सेक्टर-16, सेक्टर-23, सेक्टर-19, सेक्टर-तीन, सेक्टर-15 और पन्हैड़ा खुर्द के मरीज शामिल हैं।

### यह है आंकड़ा

अब तक सैंपल जांच को भेजे- 86634

| | |
|---|---|
| रिपोर्ट नेगेटिव आई- | 76448 |
| रिपोर्ट आनी शेष बाकी- | 517 |
| सैंपल पॉजिटिव मिले- | 9669 |
| ठीक हुए अब तक- | 8676 |
| अब तक मौत- | 138 |
| क्रिटिकल हालत में भर्ती- | 48 |
| आईसीयू में भर्ती- | 08 |

# मास्क बनाने के लिए दिया 300 मीटर कपड़ा दान

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने हरित फरीदाबाद अभियान जारी रखते हुए सेक्टर 9 मार्केट पार्क में छायादार व फलदार पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प लिया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में सीजेएएम मंगलेश कुमार चौबे अध्यक्ष जिला विधिक प्राधिकरण सेवा ( डीएलएसए) व नरेंद्र गुप्ता विधायक, मनमोहन गर्ग उपमहापौर ने बतौर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेकर मानव परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर नीम, पीपल, अमरूद, जामुन, बैल आदि के 11 पौधे लगाकर समिति के पदाधिकारियों से कहा कि वह इनकी सुरक्षा, देखभाल करते हुए इन्हें बड़ा पेड़ बनाए। तभी इस पौधारोपण कार्यक्रम की सफलता सार्थक होगी। इस अवसर पर समिति ने 300 मीटर कपड़ा जिला विधिक प्राधिकरण सेवा को दान दिया।

# ईएसआई के प्लाज्मा बैंक का सीएम करेंगे उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**एनआईटी** तीन ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल 510 बिस्तरों का है। जिसमें अब केवल कोरोना पॉजिटिव मरीजों का इलाज व जांच की सुविधाएं मिल रही है। यहां रोजाना नए नए रिसर्च के बाद पिछले कुछ समय से प्लाज्मा थैरेपी के जरिये मरीजों की जान बचाने का प्रशिक्षण किया जा रहा था। प्रशिक्षण सफल होने के बाद यहां प्लाज्मा बैंक की शुरूआत की गई।

कोरोना महामारी के तहत लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए इस प्लाज्मा बैंक को शुरू तो तीन महीने पहले कर दिया था, लेकिन इसका विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल दिल्ली स्थित हरियाणा भवन से बटन दबाकर प्लाज्मा बैंक की शुरुआत करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष गंगवार, ईएसआईसी की महाप्रबंधक अनुराधा प्रसाद मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

इस विषय में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. अनिल पांडे (एके पांडे) का कहना है कोरोना वारयरस से संक्रमित लोगों के इलाज के लिए डॉक्टरों तथा अस्पतालों को मरीज की जरूरत को देखते हुए प्लाज्मा के लिए यहां संपर्क करना होगा। जो व्यक्ति हाल ही में कोरोना वायरस के संक्रमण से ठीक हो चुके हैं वे प्लाज्मा दान दे सकते हैं। यह फरीदाबाद का पहला प्लाज्मा बैंक होगा। इससे शुरु होने के बाद कोरोना के गंभीर मरीजों को प्लाज्मा के लिए भटकना नहीं होना पड़ेगा। डॉ. एके पांडे ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन की ओर से प्लाज्मा बैंक शुरु करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल बेवीनार के माध्यम से बैंक की शुरुआत करेंगे।

# डीसी ने सीएम के कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल 8 अगस्त को शहर में करीब 10 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। सीएम के दौरे को लेकर उपायुक्त यशपाल यादव ने बृहस्पतिवार को गांव चंदावली का दौरा किया।

उनके साथ एसडीएम बलीना लौहान, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रदीप कुमार, चंदावली की सरपंच अंजू यादव के पिता गिर्राज यादव भी मौजूद थे। उपायुक्त ने सबसे पहले 5.60 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का जायजा लिया। यहां से उपायुक्त गांव चंदावली पहुंचे।

उन्होंने पंचायत द्वारा गांव के मुख्य प्रवेश द्वार पर करीब 1.50 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए गेट का जायजा लिया। राधा.कृष्ण सरोवर का दौरा किया। पंचायत ने जोहड़ को करीब 2 करोड़ रुपये खर्च करके एक सरोवर का रूप दिया है।

# नगर निगम का अवैध निर्माणों पर टूटा कहर



**फरीदाबाद।** नगर निगम क्षेत्र में पिछले लंबे समय से रिहायशी प्लॉटों पर व्यवसायिक भवन बनाने का सिलसिला जारी है। जिससे एक तरफ जहां सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ा रहा है। अनेक लोगों द्वारा इस तरह की शिकायतें लगातार सरकार से की जा रही थी। जिसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने तोड़फोड़ अभियान शुरू किया हुआ है। अभियान के दूसरे दिन एनएच पांच के इलाके में कुछ अवैध इमारतों को तोड़ा गया तो कुछ इमारतों को सील किया गया है।

अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर अकुंश लगाने के लिए नगर निगम द्वारा तीन दिवसीय अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत बुधवार को निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने एनएच एक की मार्केट में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया था। अभियान के दूसरे दिन दोपहर करीब 12 बजे के आसपास निगम का तोड़फोड़ दस्ता एनएच पांच पहुंच गया। दस्ते के साथ निगम के संयुक्त आयुक्त प्रशांत अटकान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद थे। जबकि दस्ते का नेतृत्व एक्सईएन ओपी करदम कर रहे थे। एहतियात के तौर पर दस्ते के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद था। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान दस्ते ने अवैध रूप से बन रही एक चार मंजिला इमारत और कुछ दुकानों को तोड़ा। इस दौरान दस्ते ने अवैध रूप से बन रही करीब आधा दर्जन अवैध इमारतों को सील कर दिया। निगम अधिकारियों का दावा है कि तोड़फोड़ की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

# महिला आयोग की सदस्य रेनू भाटिया ने जाना बेसहारा का हाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर**-11 स्थित वर्किंग वुमेन्स चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत कार्यरत 'कोटा होम' का आज हरियाणा महिला आयोग की सदस्य रेनू भाटिया ने औचक निरीक्षण किया। वहां रह रही अनाथ व असहाय बालिकाओं से बात की। उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। उन्होंने यहां रहने वाली बालिकाओं की उचित शिक्षा व इलाज के लिए प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उनके साथ सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन श्रीपाल भी उपस्थित रहे।

रेनू भाटिया ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने आश्रय स्थलों आदि ऐसे स्थानों पर रह रही बालिकाओं के उत्थान के लिए अनेक तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं तथा अब इन बालिकाओं को शिक्षा के साथ ही 18 वर्ष की होने उपरांत सिलाई-कढ़ाई आदि का प्रशिक्षण देकर इनको आत्मनिर्भर बनाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं का भी पूर्ण लाभ दिये जाने के अथक प्रयास किए जा रहे हैं।

रेनू भाटिया ने यहां रह रही सभी बालिकाओं को कोरोना से बचाव हेतु सैनिटाइजर व फेस मास्क भी उपलब्ध कराएं तथा सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आह्वान किया।

### जाना नाबालिग का हाल

**एक** भाई ने अपनी नाबालिग बहन को मारपीट कर घर से बाहर कर दिया है। भाई द्वारा घर से निकाली गई बहन अब चाइल्ड वैलफेयर कमैटी के गर्ल्स केयर सेंटर में रह रही है। जिससे मिलने के लिये हरियाणा महिला आयोग टीम की सदस्य रेनू भाटिया पहुंचीं। उन्होंने पीड़िता से मुलाकात की। इसके साथ-साथ इस केयर सेंटर में रह रही करीब दर्जन भर ऐसी ही प्रताडित नाबालिग लड़कियों का हाल-चाल जाना। जिन्हें या तो घर से प्रताड़ित करके निकाला गया है या फिर चाईल्ड लेबर करते हुए पाई गई हैं। हरियाणा महिला आयोग टीम की सदस्य रेनू भाटिया के सामने आंसुओं से अपना दुखडा सुनाते हुए पीड़ित युवती को इसके सगे भाई ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है। अब ये युवती भाई की क्रुरता के डर से वापस घर नहीं जाना चाहती है। ये ही नहीं और भी ऐसी नाबालिक युवतियां है जो अपनों से जख्म खाकर इस गर्ल्स केयर सेंटर में रह रही हैं। कुछ युवतियों ने आत्महत्या करने की भी कोशिश की, मगर अब सब कुछ ठीक है। दौरे पर पहुंची हरियाणा महिला आयोग टीम की सदस्य रेनू भाटिया ने बताया कि उन्होंने नाबालिग बच्चियों से बताचीत की है और उनकी आपबीती जानी है। चाईल्ड वैलफेयर कमेटी के चेयरमैन श्रीपाल ने बताया कि केयर सेंटर में रह रही सभी बच्चियों को एजुकेशन दी जा रही है। साथ-साथ स्किल भी सिखाई जा रही है ताकि सभी बच्चियां आत्मनिर्भर बन सकें।

# जेल भरो आंदोलन में भाग लेने का चौतरफा फैसला

**फरीदाबाद।** सीटू से संबंधित विभिन्न यूनियनों ने आगामी 9 अगस्त को होने वाले देशव्यापी सत्याग्रह और जेल भरो आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया। यह जानकारी देते हुए सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर और जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि ऑटो ड्राइवर यूनियन की बैठक बदरपुर बॉर्डर में हुई। जिसमें सैकड़ों ऑटो रिक्शा ड्राइवर यूनियन के सदस्यों ने भाग लिया। इस मीटिंग को सीटू के नेता केपी सिंह और रवि गुलिया ने संबोधित किया। इसी तरह से ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की आम सभा प्रधान दिनेश पाली की अध्यक्षता में नाहर सिंह पार्क बल्लभगढ़ में हुई।

# संक्षिप्त समाचार

## मेट्रो पिलर से टकराई कार, एक मौत दूसरा घायल



**फरीदाबाद ।** नेशनल हाईवे पर मेवला महाराजपुर स्थित मेट्रो के पिलर से अनियंत्रित एक कार टकरा गई। इस हादसे में कार चालक 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई और उसका दोस्त बुरी तरह से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर उसे दिल्ली के सफदरजंद अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान लकड़पुर स्थित शिव दुर्गा बिहार निवासी राजकुमार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक लकड़पुर स्थित शिव दुर्गा बिहार निवासी मृतक राजकुमार कार चलाना सीख रहा था। सुबह वह अपने दोस्त आकाश के साथ उसकी कार में घर से निकला था। मेवला महाराजपुर मेट्रो स्टेशन के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी और सीधी मेट्रो के पिलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस भयानक हादसे में राजकुमार की मौत हो गई और आकाश बुरी तरह से घायल हो गया। दोनों को अस्पताल ले जाने राजकुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और आकाश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली भेज दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया और परिजनों को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही परिवार में मातम पसर गया है।

## यातायात सुरक्षा को लेकर मीटिंग का आयोजन



**फरीदाबाद।** उपायुक्त ट्रैफिक के दिशा निर्देशानुसार जयपाल सिंह एसीपी ट्रैफिक के नेतृत्व में यातायात सुरक्षा को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें एसएचओ ट्रैफिक सुभाष कुमार सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी व कोविड-19 के कोऑर्डिनेटर डॉ. एमपी सिंह सब इंस्पेक्टर व एसीपी ट्रैफिक के रीडर सब इंस्पेक्टर हुकम सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। एसीपी ट्रैफिक ने कहा की लाल बत्ती को जंप करने वाले और बिना मास्क के वाहन चलाने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। नए नियमों के आधार पर उनके चालान किए जाएंगे। इसी संदर्भ में उन्होंने नगर निगम आयुक्त राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और स्मार्ट सिटी के सीईओ को पत्र लिखकर अवगत कराया कि जिनके क्षेत्र में स्टॉप व पैदल पट्टी की मार्किंग दिखाई नहीं पड़ रही है। वह इस कार्य को समय रहते कराने की कृपा करें। ताकि यातायात के नियमों की पालना कराई जा सके। सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ एमपी सिंह ने पिछले आंकड़ों के आधार पर बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है। अब ड्रिंकिंग ड्राइविंग व डबल और ट्रिपल राइडिंग के उदाहरण कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से कम दिखाई पड़ रहे हैं। नए आयुक्त के नेतृत्व में काफी दुर्घटनाओं में कमी आई है और यातायात पुलिस अपना काम अपनी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कर रही है। अनेकों स्थानों पर मास्क न पहनने वाले साथियों को जागरूक किया जा रहा है तथा अभद्र व्यवहार करने वालों को कानून का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर ट्रैफिक एसएचओ सुभाष कुमार ने भी आश्वस्त किया, कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हम पूरा प्रयत्न करेंगे और सरकार के दिशा निर्देशों की पालना कराने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाएंगे।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर अपराध शाखा ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो कि फोन कर लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का वादा कर पैसों की ठगी करता था। पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने बताया कि आरोपी मिराजुल रफीक दिल्ली के नेम सराय साकेत का रहने वाला है। पीछे से आरोपी असम का रहने वाला है। आरोपी ने सेक्टर 30 फरीदाबाद में रहने वाले मनदीप को फोन कर विदेश में नौकरी दिलाने का वादा कर अपने झांसे में फसा लिया था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को फर्जी वीजा व जहाज की टिकट दिखाकर अपनी बातों में लेकर मनदीप से 2 लाख रुपए अपने एकाउंट में डलवा लिए थे। पैसे लेने के बाद जब आरोपी ने अपना फोन बंद कर लिया तो मनदीप को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। जिस पर उसने पुलिस को शिकायत दी। शिकायतकर्ता मनदीप की शिकायत पर थाना सेक्टर 31 में धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया गया। ये मामला पुलिस आयुक्त ओपी सिंह के संज्ञान में आने के बाद आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। जिस पर साइबर अपराध शाखा ने तकनीकी और पुलिस सूत्रों के माध्यम से आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता धारणा यादव ने फरीदाबाद वासियों से अपील करते हुए कहा कि ऑनलाइन फ्रॉड से बचें। फरीदाबाद पुलिस साइबर अपराधियों के बारे में लोगों को जागरूक करती रहती है। उसके बावजूद भी कुछ लोग इस तरह के लोगों के झांसे में आकर अपना पैसा गवा देते हैं। नौकरी के लिए अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें। पैसा लेकर नौकरी लगवाने वालों से सावधान रहें।

## बगैर नोटिस तोड़फोड करना अत्याचार है : विजय प्रताप

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस की मार से जहां पुरा विश्व हलकान है। इससे निपटने के लिए लोग एक साथ मिलकर लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं नगर निगम द्वारा लगातार पर व्यापरियों पर अत्याचार किया जा रहा है। दुकानों में बगैर नोटिस दिए तोड़फोड़ की जा रही है, इतने उदासीन गमगीन महौल में सरकारें अत्याचार कर रही हैं यह ठीक नहीं है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता, व्यापारी, मजदूर वर्ग सब परेशान है लोगों में गुस्सा भर रहा है। यह गुस्सा कभी भी विस्फोट बन फूट सकता है। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता आंदोलन तक छेड़ सकती है। जहां कोरोना काल में लोग एक साथ एकत्र नहीं हो सकते ऐसे में जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता कभी भी सडकों पर उतर सकती है। सरकार को ऐसा माहौल नहीं बनाना चाहिए। मालूम हो कि एन एच पांच में नगर निगम के तोडफ़ोड़ दस्ते ने बड़े पैमाने पर तोडफोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान लोगों से उनकी जमकर झड़प भी हुई और अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई गई।

## सीएम करेंगे आठ को विद्यालय की इमारत का उद्घाटन



**फरीदाबाद।** आगामी 8 अगस्त शनिवार को बल्लभगढ़ में नवनिर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बॉयज अंबेडकर चौक की भव्य बहुमंजिला इमारत का उद्घाटन हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आगमन को लेकर हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व परिवहन मंत्री के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा के नेतृत्व में शहर के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर सीएम आगमन की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम कोविड-19 के चलते सीमित रखा गया है यह किसी प्रकार की कोई जनसभा नहीं की जाएगी। वहीं भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के लिए यह खुशी की और गौरव की बात है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री आदरणीय मनोहर लाल बल्लभगढ़ में 9 करोड़ की लागत से बनाए गए एक भव्य स्कूल का उद्घाटन करेंगे।

# ईराक में अवैध रूप से दवाओं की आपूर्ति में दो और धरे गए

### पुलिस आयुक्त केके राव के निर्देश पर सहायक पुलिस आयुक्त डीएलएफ करण गोयल को बनाया गया था एसआईटी प्रमुख


अवैध दवा केस में गिरफ्तार आरोपी हरिओम टिकिवाल व अमित अग्रवाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारत से ईराक अवैध रूप में नशीली दवाओं के सप्लाई करने के मामले में गठित की गई एसआईटी गुरुग्राम की पुलिस टीम ने 2 और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पहले 4 ईराकी मूल के नागरिकों को दो स्थानों से अपराध शाखा सेक्टर-40 की टीम ने गिरफ्तार किया गया था। गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

इस मामले में पुलिस आयुक्त केके राव ने एक एसआईटी का गठन किया था, जिसके प्रमुख सहायक पुलिस आयुक्त डीएलएफ करण गोयल को बनाया गया। उनके नेतृत्व में ही इस मामले की जांच और आरोपियों से पूछताछ की गई। इस दौरान पता लगाया कि आरोपी किस प्रकार से प्रतिबंधित गोलियां व इंजेक्शन हासिल करते थे और किस मूल्य में उनकी खरीदारी करते थे। परत-दर परत खुलासे होते गए। एसआईटी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किए गए 5 आरोपियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ही गुरुवार को दो और आरोपियों को दबोच लिया गया। इनमें जयपुर निवासी हरिओम टिकिवाल पुत्र विनोद कुमार और आगरा निवासी अमित अग्रवाल पुत्र हरिओम अग्रवाल शामिल हैं। हरिओम टिकिवाल की जयपुर में क्रोम फार्मास्यूटिकल नाम से फर्म है और वह हेटेरो हेल्थकेयर का होलसेल वितरक है। अमित अग्रवाल का आगरा में अपने भाई मुकेश अग्रवाल के साथ होलसेल दवाओं के वितरक का काम है।

### दोनों आरोपियों ने किया ये खुलासा

**गुरुग्राम।** गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला कि जयपुर से पकड़ा गया आरोपी हरिओम टिकिवाल हेटेरो हेल्थकेयर कंपनी से न्यूनतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर यानी करीब 4200 रुपए प्रति इंजेक्शन की दर से सप्लाई मंगवाता था। इसके बाद इसमें अपनी बचत रखकर आगरा के दवाई व्यापारी अमित अग्रवाल को बेच देता था। अमित अग्रवाल ने आगरा में अपने भाई मुकेश अग्रवाल के साथ एमके वितरक होलसेल मेडिसिन वितरक दवाइयों की दुकान कर रखी है। इन मामलों में पहले ही गिरफ्तार हो चुके रुद्र मेडिकोज दिल्ली के तरुण गोयल आगरा से यह दवाई लेकर आता था। यह आगे फ्रेंड्स मेडिकोज के दवा विक्रेता साजिद व फैजान को बेच देता था। जहां से प्रदीप नामक व्यक्ति खरीदता था और ईराकी नागरिकों को बेच देता था। जो कि 28 जुलाई 2020 को गिरफ्तार किए जा चुके हैं। लगभग 4200 रुपए कीमत का यह इंजेक्शन अलग-अलग जगह बिकता हुआ ईराकी आरोपियों तक 18 से 20 हजार रुपये में पहुंचता था। उसके बाद ईराकी आरोपी और ज्यादा अधिक मूल्य पर इन्हें ईराक में सप्लाई करते थे। प्रतिबंधित दवा सप्लाई की कड़ी में शामिल ईराकी नागरिकों के अलावा तरुण गोयल, साजिद, फैजान व प्रदीप को भी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों से यह पूछताछ चल रही है कि ये प्रतिबंधित दवाई को बिना डॉक्टर की सलाह के कैसे बेच देते थे। बता दें कि 28 जुलाई 2020 को सीएम फ्लाईंग और गुरुग्राम पुलिस की टीम एवं दवा नियंत्रक विभाग ने मिलकर छापेमारी करके गुरुग्राम में दो स्थानों से प्रतिबंधित दवाओं के साथ ईराकी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इसमें एक महिला भी शामिल थी।

## 23 वर्ष बाद भूमिहीन परिवारों को मिला प्लाटों पर कब्जा


सोहना नगर परिषद के गांव खाईका में प्लाटों से अवैध कब्जा हटाती जेसीबी।

### पंचायत विभाग ने 1997 में गांव खाईका के 13 भूमिहीन कमजोर लोगों को दिये थे 100-100 वर्गगज के प्लाट

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना नगर परिषद के गांव खाईका के 13 भूमिहीन परिवारों को 23 वर्ष बाद रिहायशी प्लाटों पर कब्जा मिला। गांव के दबंग लोगों ने आवंटित प्लाटों पर अवैध कब्जा किया हुआ था।

केन्द्र सरकार के आदेश पर पंचायत विभाग ने 1997 में गांव खाईका के 13 भूमिहीन कमजोर वर्ग के तहत 100-100 वर्गगज के प्लाट आवंटित किए थे। जिन परिवारों को यह प्लाट आवंटित किए थे। उन्हें प्लाटों की रजिस्ट्रियां देते हुए पटवारी के खाते में मालकाना हक भी दर्ज कर दिया था, लेकिन प्लाटों पर गांव के दबंग अवैध कब्जा करके बैठे थे। जो न तो जमीन की कभी पैमाइश होने देते थे और न ही असल मालिकों को उन पर कब्जा दे रहे थे। ग्रामीण ने अपना प्लाटों को अवैध कब्जों से मुक्ति के लिए पिछले करीब 15 वर्ष से कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे।

गुरुवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट, बीडीपीओ सोहना प्रमेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी से प्लाटों पर हो रहे अवैध कब्जे का सफाया कराया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध कब्जा शांतिपूर्ण वातावरण में हटाया गया है। प्लाटों के असल मालिकों को उनका हक मौके पर ही दिलाते हुए कब्जा कराया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोहना नगर परिषद सड़कों पर लगाएगी 50 हजार पौधे

**सोहना।** सोहना नगर परिषद अपनी सभी सड़कों को हरा भरा करने के लिए 50 हजार पौधे लगाएगी। यह पौधे छायादार, फलदार और औषधि युक्त होंगे। परिषद पौधारोपण का अभियान शुक्रवार से करेगी। एक्सईएन अजय पंघाल ने बताया कि नगर परिषद ने इस वर्ष 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। जिसमें परिषद अपने सीमा क्षेत्र में अपने वाली सड़कों को हरा-भरा करने के लिए अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम मार्ग, बेरका मार्ग, बालूदा मार्ग, जखोपुर, दमदमा मार्ग, दौला मार्ग और शहर में बने सभी पार्कों में पौधारोपण किया जाएगा। परिषद के एक्सईएन अजय पंघाल ने बताया कि पौधारोपण करने के बाद इनकी देखरेख की जिम्मेदारी नगरपरिषद के अधिकारियों को ही सौंपी जाएगी। एक अधिकारी अपनी टीम के साथ 5 हजार पौधों की देखभाल करेगा। अधिकारी कम से कम दो वर्ष तक अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले पौधों का पालन पोषण करेगा। ताकि एक भी पौधा खराब न हो सके।

### बिजली निगम ने आठ क्रेसर मशीनों के कनेक्शन काटे

**सोहना।** बिजली निगम ने रायसीना क्रेसर जोन में बिना अनुमति के चल रही आठ मशीनों का कनेक्शन काट दिया। बिजली निगम ने माइनिंग विभाग के आदेश पर क्रेसर मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। रायसीना क्रेसर जोन में बिना लाइसेंस चल रही मशीनों को बंद कराने के लिए माइनिंग विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। माइनिंग विभाग ने एक सर्वे के दौरान यहां की पहले चरण में ऐसी आठ मशीनों की जांच की, जिनके पास मशीन चलाने का अनुमति पत्र तक नहीं है। इन मशीन मालिकों ने अपनी मशीनों को दो से तीन लाख प्रति माह किराए पर दे रखा है। बिजली निगम ने कार्रवाई निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग हरियाणा, चंडीगढ़ के आदेश पर की है। माइनिंग विभाग की शिकायत पर बिजली निगम ने कार्रवाई की है। जिनमें मैसर्ज गणेश स्टोन, मैसर्ज अनुमान स्टोन, मैसर्ज एकता ग्रिट, मैसर्ज आफरीया, मैसर्ज राज महेन्द्र, मैसर्ज ओम भगवती व मैसर्ज एकता स्टोन क्रेसर शामिल हैं। बिजली निगम के एसडीओ सुरेन्द्र बैरवाल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के मिले आदेश पर क्रेसर मशीनों के बिजली कनेक्शन तुरन्त प्रभाव से काट दिए हैं। अभी तक उनके पास आठ क्रेसर मशीनों के आदेश आए हैं।

### पेड़ों से समाज के हर जीव को आश्रय मिलता : केके राव



**गुरुग्राम।** पेड़ पौधे लगाने से ना केवल पर्यावरण स्वच्छ होता है, बल्कि समाज के हर जीव को आश्रय मिलता है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इसके साथ-साथ उसका बड़ा होने तक उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। यह बात पुलिस कमिश्नर केके राव ने व्यक्त किए। पुलिस कमिश्नर केके राव पुलिस शहीद फाउंडेशन द्वारा आयोजित पौधारोपण और पुलिस कर्मचारियों के लिए इम्युनिटी बूस्टर वितरण के कार्यक्रम के शुभारंभ पर बोल रहे थे। बतौर मुख्य अतिथि केके राव ने कहा कि पेड़ हमारे हमारे जीवन के साथ भी और जीवन के बाद भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने फाउंडेशन के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग की खाली जमीन पर पेड़ लगाकर इसे हरा-भरा बनाने में सहायता करें। पुलिस कमिश्नर केके राव ने फाउंडेशन के संस्थापक व पूर्व पुलिस अधिकारी पंडित हुकम चंद शर्मा को नमन व श्रद्धांजलि अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और पुलिस आयुक्त कार्यालय में ही अमरूद, निम्बू और आंवला के पौधों को लगाया।

### नूंह जिले को 2 हजार और मिलेंगी एंटीजन किट



**तावडू।** चाइनीज रेपिड टेस्टिंग किट फेल होने के बाद केंद्र ने कोरोना के विरुद्ध जंग में साउथ कोरियन रेपिड डायग्नोस्टिक एंटीजन किट को मैदान में उतारा है। कुछ समय पूर्व नूंह जिले में ये दो चरण में 4 हजार किट भेजी गई थी, जोकि इस्तेमाल हो चुकी हैं। अब नूंह जिले को 2 हजार एंटीजन किट और मिलेंगी। पिछले दिनों भारत ने चीन से साढ़े पांच लाख टेस्ट किट खरीदी थी लेकिन कई राज्यों में नमूनों की जांच संतोषजनक नहीं थी। इसलिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर) ने एंटीबॉडी रैपिड टेस्टिंग किट के परीक्षण पर रोक लगा दी थी। उसके बाद कोरियन कंपनी की रेपिड डायग्नोस्टिक किट (आरडीके) को यूज में लाया गया था जोकि ये भी फेल साबित हुई थी। अब आइसीएमआर कोरियन कंपनी की ही आरडी एंटीजन किट (आरड-एके) को मैदान में लाया है। आइसीएमआर ने कई तरह के आरटी-पीसीआर टेस्ट को मंजूरी दी हुई है। लेकिन इसमें सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसकी जांच रिपोर्ट में 24 घंटे तक का समय लगता है। इसके मद्देनजर एंटीजन किट को मैदान में लाया गया है।

### स्वतंत्रता दिवस पर उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करेंगे ध्वजारोहण

**गुरुग्राम।** 74वें स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह सेक्टर-38 के ताऊ देवीलाल खेल परिसर में मनाया जाएगा। जिसमें उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मुख्य अतिथि होंगे। समारोह को लेकर उपायुक्त अमित खत्री की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें अमित खत्री ने कहा कि इस बार कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह कोविड प्रोटोकोल के साथ यानी फेस मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुए मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानी तथा युद्ध वीरांगनाएं, जिनके अथक प्रयासों की वजह से देश को आजादी मिली, वे हर बार स्वतंत्रता दिवस समारोह का गौरव होते हैं। लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण और स्वतंत्रता सेनानियों व युद्ध वीरांगनाओं की बड़ी आयु को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन उन्हें उनके घर पर ही जाकर सम्मानित करेगा। उन्हें सम्मानित करने का कार्यक्रम एक दिन तक सीमित ना रहकर दो से तीन दिनों तक चलेगा।

## अब चाहकर भी रजिस्ट्री करने में कुछ गड़बड़ नहीं कर पाएंगे अधिकारी

### टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों में बदलाव, सरकार ला रही है नया अध्यादेश

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**जमीन** की रजिस्ट्रियों से जुड़े नियमों की खामियां का फायदा उठाकर मलाई खाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों की अब खैर नहीं है। सरकार ऐसे अधिकारियों पर एक अध्यादेश के माध्यम से लगाम कसने जा रही है। इसके लिए, सरकार ऐसा फुल प्रुफ प्लान तैयार कर रही है कि नीयत में खोट रखने वाले अधिकारी चाह कर भी रजिस्ट्री करने में कु छ गड़बड़ नहीं कर पाएंगे। इसका फुल प्रुफ प्लान प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला तैयार कर रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्व विभाग के साथ जुड़े टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों में भी संशोधन के माध्यम से फेरबदल किया जा रहा है। इस फेरबदल के तहत हरियाणा सरकार हरियाणा डवलेपमेंट एंड रेगुलेशन ऑफ अर्बन एरियाज एक्ट 1975 (2017 एक्ट नंबर 11) के सेक्शन 7 ए के लिए अध्यादेश लाने जा रही है, ताकि रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया में अधिकारियों द्वारा की जा रही नियमों की धज्जियां उड़ाने पर रोक लगाई जा सके। इसी अध्यादेश को लेकर वीरवार को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने कार्यालय में संबंधित राजस्व, शहरी स्थानीय निकाय तथा नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक में विस्तार से चर्चा की।

यहां बता दें कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2017 में हरियाणा डवलेपमेंट एंड रेगुलेशन ऑफ अर्बन एरियाज एक्ट, 1975 (जो 2017 में एक्ट नंबर 11 के तहत संशोधित किया गया था।) का अधिकारियों ने इस संशोधन का प्रयोग अपने लाभ के लिए उठाना शुरू कर दिया और प्रदेश में रजिस्ट्री में होने वाली अनियमितताओं के मामले पहले से ज्यादा बढ़ गए। एक्ट में कुछ प्रावधान ऐसे थे जिनका भ्रष्टाचारियों ने नाजायज फायदा उठाया और राज्य सरकार के राजस्व को चूना लगाया। मामला उजागर होने पर संबंधित विभाग ने इसे लेकर एक रिपोर्ट तैयार की। इसमें टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों की ओर भी शक की सूई घूम गई। प्रदेश में हाल में रजिस्ट्रियों मंड हुई गड़बड़ियों के बाद राजस्व विभाग संभाल रहे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने इस एक्ट में भी संशोधन करने का सुझाव प्रदेश सरकार के समक्ष रखा। सरकार इस संशोधन के लिए राजी हो गई है और अध्यादेश के माध्यम से एक्ट में बदलाव किया जाएगा।

डिप्टी सीएम ने कहा कि अध्यादेश के बाद फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारियों पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि क्योंकि कोविड-19 के कारण विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने में अभी समय लगेगा और वाजिब लोगों के लिए रजिस्ट्री खोलनी भी आवश्यक है, इसलिए एक्ट में संशोधन करने के लिए जल्द अध्यादेश लाने की जरूरत है। दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जमीनों की रजिस्ट्री करने के मामले में संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करके ऐसा फुल प्रूफऑनलाइन सिस्टम तैयार करें जिसमें न तो राजस्व की चोरी हो और न ही किसी व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी होने की गुंजाइश बचे।

### स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगाएंगी कोविड-19 जांच शिविर

**सोहना।** स्वास्थ्य विभाग की टीम नागरिक अस्पताल सीमा क्षेत्र में आने वाले गांवों में भी कोविड-19 जांच के शिविर लगाएगी। जिसके लिए विभाग की टीम योजना को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुट गई है। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि कोविड-19 जांच के लिए लगाए जाने वाले शिविरों की समय सीमा को 14 जुलाई तक बढ़ा दिया है।

नागरिक अस्पताल सोहना की टीम एक दिन में दो स्थानों पर रोजाना कोविड-19 जांच शिविर लगा रही है। सोहना में लगाए गए अब तक करीब 60 जांच शिविरों में 450 से अधिक लोगों का कोरोना संक्रमित पाए गए थे। जिनमें से 70 कोरोना संक्रमित अपने घरों पर आइसोलेशन पर है और 350 से अधिक लोग ठीक हुए हैं।

## घोटाले की शिकायत लेकर एसडीएम से मिले गोकलपुरवासी

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना



एसडीएम दफ्तर में शिकायत करने के बाद लौटे लोग।

**उपमंडल** के गांव गोकलपुर में सरपंच द्वारा पंचायत विकास कार्यों में किए गए करोड़ों के घोटाले की शिकायत लेकर गुरुवार को दर्जनभर से अधिक लोगों ने एसडीएम कुलबीर सिंह ढाका से मुलाकात कर सरपंच के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करते हुए इन्साफ की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव की विकास राशि को सरपंच सहित बैंक मैनेजर, पंचायत सेक्रेटरी, ठेकेदार व कुछ अधिकारियों ने सांठगांठ करके खुर्द बुर्द किया है।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे गोकलपुर निवासी समसुद्दीन, शहबाज, यूनुस, ताहिर, मकसूद, माजिद, नवाब, आजाद, मुबीन, हाकम, अकरम आदि ने बताया कि उनके गांव के सरपंच ने फर्जी तरीके से 262 जॉब कार्ड बनवाए हैं, जिनसे कई लाख रुपये फर्जी तरीके से निकाले गए हैं, जबकि जॉब कार्ड वाले लोगों को आज तक कानों कान खबर न लगने दी।

इसके अलावा कागजों में जोहड़ का निर्माण, श्मशानघाट में टीन शैड, कब्रिस्तान की चार दिवारी, ईद गाह में मिट्टी डालना, फिरनी के रास्ते में स्ट्रीट लाइट, स्कूल में मिट्टी डालना आदि कामों को कागजों में दिखाकर करोड़ों रुपये का घोटाला किया है। वहीं इस मामले में पुन्हाना के एसडीएम कुलबीर सिंह ढाका ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच कराई जाएगी। घोटाले में जो भी शामिल होंगे कार्रवाई की जाएगी।

## नवकल्प फाउंडेशन ने लगाए 100 पेड़

### नवकल्प फाउंडेशन के साथ रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी व इको ग्रीन ने किया सहयोग


गुरुग्राम के बेरी वाला बाग में नवकल्प फाउंडेशन के साथ मिलकर पौधारोपण करते रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी व इको ग्रीन के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नवकल्प** फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए हरा-भरा हो गुड़गांव अभियान के तहत गुरुवार को नवकल्प फाउंडेशन के साथ मिलकर रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी व इको ग्रीन ने गुरुवार को यहां राजीव चौक पर स्थित बेरी वाला बाग परिसर में पेड़ लगाए। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे यहां पर लगाए गए। साथ ही सभी पेड़ों के रखरखाव का इको ग्रीन ने जिम्मा लिया।

इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ साउथ सिटी गुड़गांव के प्रधान रोटेरियन नवीन गुप्ता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष रोटेरियन अनिल गुप्ता, रोटेरियन विनोद गुप्ता समेत काफी संख्या में इको ग्रीन कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधान नवीन गुप्ता ने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रखने के लिए जरूरी है कि हम अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं। पेड़ों से मिलने वाली ऑक्सीजन ही हमारे लिए जीवन का आधार है। हमारी संस्कृति पेड़-पौधों के साथ मिलकर रहने की रही है, ना कि उन्हें काटकर रहने की।

अगर हम एक पेड़ काटते हैं तो उसके बाद 100 पेड़ लगाना हमारा कर्तव्य है। चाहे शहर हो या गांव, पेड़ों के बिना गुजारा नहीं है। आज बीमारियां पनपने का कारण भी यही है कि कंक्रीट के जंगल हमने खड़े कर लिए और हरियाली को भुला दिया।

### आयुर्वेदिक दवाओं से कोरोना संक्रमितों के ठीक होने का दावा

**गुरुग्राम।** नोवल कोरोना वायरस ने जहां एक तरफ पूरे विश्व को अपनी चपेट में ले रखा है, वहीं दुनिया भर के तमाम बड़े वैज्ञानिक कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने में दिन रात जुटे हुए है। इस बीच कुछ लोग आयुर्वेदिक दवाओं को भी आजमा रहे हैं और उनके सेवन से स्वस्थ भी हो रहे है।

जिला के आयुष विभाग की जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ के अनुसार गुरुग्राम जिला में 726 कोरोना पॉजिटिव मरीजों को आयुर्वेदिक दवाएं दी गई। जिनमें से 589 मरीज बहुत ही कम समय में पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके है और पहले की तरह सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे है। बाकी मरीजों को भी दवाएं दी जा रही हैं।

## इसी वर्ष होगा तावडू में सेक्टर निर्माण: संजय सिंह

### 9 वर्ष में भी तावडू में नहीं बने सेक्टर

### ठंडे बस्ते में पड़ी थी सेक्टर निर्माण योजना

### 26 नवंबर 2016 को केनाल रेस्ट हाउस में आए थे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**26 नवंबर** 2016 को सीएम मनोहर लाल केनाल रेस्ट हाउस आए। इस दौरान सीएम ने तावडू में प्रस्तावित तीनों सेक्टरों में से एक सेक्टर का निर्माण कार्य जनवरी 2017 से शुरू होने की बात कही, लेकिन तीन वर्ष बीतने पर भी सीएम की कथनी सिरे नहीं चढ़ी है। जिस पर लोगों का कहना है कि ये सीएम का आश्वासन नहीं बल्कि छलावा था। इसका खामियाजा पार्टी को आगामी चुनावों में भुगतना पड़ सकता है।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने वर्ष 2011 में तावडू में तीन सेक्टर 7, 8 व 11 के निर्माण को लेकर लगभग 360 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। लेकिन 9 वर्ष बाद भी यह जमीन ज्यों की त्यों पड़ी है। सीएम 26 नवंबर 2016 को तावडू केनाल रेस्ट हाउस आए। स्थानीय विधायक द्वारा सेक्टरों को विकसित करने की मांग पर जनवरी 2017 में एक सेक्टर निर्माण चालू करने का आश्वासन दिया। लेकिन मुख्यमंत्री आश्वासन को तीन वर्ष बीतने पर भी स्थिति जस की तस है। ओर हां, कुछ समय पूर्व ही सीएम ने यह भी कहा था कि हरियाणा के 6 शहरों में हुडा 9 सेक्टर बनाएगा। आने वाले कुछ वर्षों में इस तरह के 47 सेक्टर काटने की सरकार की मंशा है। सीएम ने विभाग के अधिकारियों को एचएसवीपी के अधिकारियों को इसकी तैयारी के आदेश दे दिए गए हैं। भिवानी, महेंद्रगढ़, यमुनानगर, डबवाली, तावडू व पिंजौर में सेक्टर विकसित होगा। उल्लेखनीय है कि सेक्टर को विकसित करने की बात सीएम बार-बार कह रहे हैं लेकिन इसके निर्माण को लेकर एक ईंट आज तक नहीं रखी गई है। जिसको लेकर लोगों में मुख्यमंत्री के प्रति नाराजगी देखी जा सकती है। वहीं कुछ समय पूर्व सीएम दो बार तावडू आए। लोगों को विश्वास था कि सेक्टर निर्माण से लेकर अन्य विकास कार्यों पर सीएम अवश्य कुछ कहेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तावडू के विकास को लेकर मुख्यमंत्री के मुंह से एक शब्द नहीं निकला। सीएम दौरे में तावडू की इस उपेक्षा से भी लोगों में जबरदस्त नाराजगी देखी जा सकती है। वहीं सोहना विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक संजय सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट ली है।


सेक्टर्स के लिए अधिग्रहित की गई जमीन।

विधायक संजय सिंह का कहना है कि तावडू में तीनों ही सेक्टर बनेंगे। मुख्यमंत्री के समक्ष दोबारा जल्द ये विषय रखा जाएगा। वैसे मुख्यमंत्री तावडू में सेक्टर निर्माण को लेकर स्वयं गंभीर हैं। उम्मीद है कि इसी वर्ष सेक्टर निर्माण चालू हो जाएगा।

### उधार के रुपए मांगना पड़ा महंगा, चाकू से कर दिया हमला

**गुरुग्राम।** उधार दिए रुपये मांगने पर युवक पर चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गया। लोगों की मदद से घायल युवक को अस्पताल में दाखिल कराया गया। यह घटना दयानंद कालोनी की है। सेक्टर-5 थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दयानंद कॉलोनी निवासी दीपक से अजय नामक शख्स ने रुपये उधार ले रखे थे। बुधवार दोपहर को दीपक अपने उधार लिए रुपये लेने अजय के पास गया। दीपक ने जब आरोपी से उधार दिए रुपये मांगे तो उसने गाली-गलौच करते हुए चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने पीड़ित के सिर व पीठ में दो वार किए जिसमें वह घायल हालत में जमीन पर गिर गया।

## इस्कॉन द्वारका का जन्माष्टमी उत्सव 7 से 12 तक

### सुरक्षा मानकों के बीच होंगी आकर्षक गतिविधियां, महाआरती, महाभिषेक और ऑनलाइन प्रसारण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भगवान** श्री कृष्ण के अवतार का दिन हमारे बीच है, जिसे हम जन्माष्टमी त्योहार के रूप में पूरे हर्षोल्लास से मनाते हैं। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में दिल्ली के द्वारका सेक्टर 13 स्थित प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर ने हर वर्ष की तरह भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के लिए खासी तैयारियां की हैं और इस वर्ष वे डिजीटल प्लेटफॉर्म एवं प्री-बुकिंग माध्यम से एंट्री के साथ विभिन्न आकर्षक गतिविधियां संग इसकी तैयारियां कर रहे हैं।

7 से 12 अगस्त 2020 तक इस्कॉन द्वारका द्वारा जन्माष्टमी उत्सव मनाया जायेगा। प्रबंधन ने भगवान को खुश करने के लिए 1,08 व्यंजन भोग का लक्ष्य रखा है। इसमें भक्त व्यंजन फल, ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयां, सेवईयां इत्यादि पेश कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इस्कॉन द्वारका का अपना बैंड 'शंखनाद' ऑनलाइन मेडिटेशन कीर्तन भी करेगा।

इस्कॉन द्वारका ने इस वर्ष एक अनूठा अवसर प्रदान करने का विचार रखा है, जहां श्रीश्री रुक्मिणी द्वारिकाधीश आपके घर आएंगे और अपने भक्तों को प्रसन्न करेंगे। इसके लिए प्रबंधन द्वारा समुचित व्यवस्था की गयी है और आपके घर से आरती और अभिषेक करने में आपकी मदद करने के लिए किट तैयार की है, जिसे बड़े दिन से पहले भक्तों के पास पहुंचाया जायेगा। ऐसे में भक्तों के पास बहुत अच्छा मौका है अपने प्रभु पर अटूट प्रेम और स्नेह बरसाने का। 8 अगस्त 2020 को शाम 7 बजे से, वैष्णव सिद्धान्त पर एक प्रसिद्ध आधिकारिक उपदेशक श्रीला भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज द्वारा श्री कृष्ण कथा होगी। चूंकि कैलेंडर के अनुसार, जन्माष्टमी 11 एवं 12 अगस्त 2020 को पड़ती है, लेकिन इस्कॉन वैष्णव समुदाय के लिए यह 12 अगस्त को मनायी जायेगी। महा-अभिषेक और महा आरती क्रमशः 10 बजे और आधी रात को होगी।

# अनजान और बेसहारा अस्थियों को अब मिलेगी हरिद्वार में मुक्ति

### मुक्तिधाम के सदस्य अस्थियों को लेकर हरिद्वार रवाना

रणबीर सिंह। सोनीपत

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव मुक्ति धाम सेक्टर 14-15 की समस्त कार्यकारिणी व समाज के प्रमुख समाजसेवी जो पिछले 21 वर्षों से अगस्त माह में अनजान वह बेसहारा लावारिस अस्थियों का पूर्ण विधि से हवन-यज्ञ दान-दक्षिणा देकर उनको प्रवाहित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए हवन करते हैं।

कार्यकारिणी के पदाधिकारी व समाजसेवी इस वर्ष भी इन लावारिस वह अनजान अस्थियों को लेकर हरिद्वार के लिए रवाना हुए। हरिद्वार पहुंचकर इन अस्थियों का पूर्णविधि रूप से अंतिम संस्कार किया जाएगा। वह इनकी आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ किया जाएगा। इस पुण्य कार्य के लिए शिव मुक्ति धाम की कार्यकारिणी व समाजसेवियों का कहना है कि इन लावारिस अनजान वह बेसहारा अस्थियों को गंगा में प्रवाहित करने के इनकी आत्मा को


शिव मुक्तिधाम सेक्टर 14-15 के प्रधान डॉ. रतन लाल, उपप्रधान नरेंद्र भूटानी, महासचिव डॉ. दर्शन लाल मल्होत्रा, कार्यकारी प्रधान भारत कपूर, खजांची महेंद्र भाटिया, संयोजक डॉ. ओमप्रकाश चौधरी।

मुक्ति मिलेगी। शिव मुक्ति धाम के प्रधान डॉ. रतनलाल रॉयल ने बताया कि इस वर्ष कोरोना वायरस जैसी महामारी से जिनकी मृत्यु हुई है और उनके परिवार वाले उनकी हस्तियां लेने नहीं आए हैं। उन हस्तियों को हमारी कार्यकारिणी की टीम हरिद्वार ले जाकर उन्हें गंगा में प्रवाहित कर उनके मोक्ष की कामना करेंगी।

शिव मुक्तिधाम के उपप्रधान नरेंद्र भूटानी ने बताया वे इन अस्थियों को पिछले करीब 21 वर्षों से हर वर्ष श्मशान के मेंबर्स एवं शहर के समाजसेवी को साथ लेकर जाते हैं। हरिद्वार जाकर इन हस्तियों को मां गंगा में परवाह करने के साथ वहां पर भंडारा व हवन करते हैं। हस्तियों की मुक्ति के लिए मां गंगा मैया से प्रार्थना करते हैं कि उनको अपनों चरणों में स्थान दें। मुक्ति धाम के महासचिव डॉ. दर्शन लाल मल्होत्रा ने कहा कि इस वर्ष जो कोरोना वायरस जैसी महामारी की चपेट में आकर जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उनकी हस्तियां लेने उनके परिवार वालों तक नहीं आए। उन हस्तियों को भी पूरी विधि विधान, दान दक्षिणा के साथ मां गंगा में प्रवाहित किया जाएगा। जिनकी कोरोना वायरस जैसी महामारी से मृत्यु हुई है, उनकी बॉडी हमारे श्मशान घाट से मुक्तिधाम सेक्टर 14-15 में आई है, उनमें से छह डेड बॉडी ऐसी हैं, जिनके परिवार वाले उनकी अस्थियों को लेने नहीं आए। वह हस्तियां भी हमारे साथ हरिद्वार में मां गंगा में प्रवाहित की जाएगी। मुक्तिधाम के पदाधिकारी मां गंगा से प्रार्थना करते हैं कि जिनकी हस्तियां हरिद्वार में प्रवाहित की जा रही है, परमात्मा उनके परिवार को शांति प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि शिव मुक्तिधाम धाम के अलावा और श्मशान घाट से भी उनके पास हस्तियां आई हैं, उनका भी पूरी विधि विधान द्वारा अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. रतन लाल रॉयल, नरेंद्र भूटानी, डॉ. दर्शन लाल मल्होत्रा, नंदलाल लूथरा, अशोक छाबड़ा, मुकंद लाल सहगल, अमीरचंद लूथरा, डॉ. ओपी चौधरी, महेंद्र भाटिया, भारत कपूर, हरीश जोहर, ओमप्रकाश मुखी, मोहनलाल नासा, मुकेश खुराना, गौरव लूथरा, अशोक पंडित, चरणजीत चावला, अशोक मदान, महेश लूथरा, किशन मिड्डा, रमेश, नरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# खनन नीति में बदलाव को जैन से मिला व्यापार मंडल


भाजपा नेता राजीव जैन से मिलते व्यापार मंडल के पदाधिकारी व अन्य।

### मांगें न माने जाने पर कठोर कदम उठाने के लिए होंगे मजबूर

**सोनीपत।** जिला व्यापार मंडल के अभियान व्यापार मंडल आपके द्वार मुहिम के अंतर्गत बिल्डिंग मैटीरियल व्यापारियों को आ रही दिक्कतों का संज्ञान लिया। खनन विभाग द्वारा आए दिन लगाए जा रहे मोटे जुर्मानों से परेशान होकर शहर के सीमेंट, रोड़ी, डस्ट, बजरी आदि भवन निर्माण सामग्री के व्यापारियों ने गुरुवार को जिला व्यापार मंडल की अगुवाई में भाजपा राजीव जैन को मांग-पत्र सौंपा और हरियाणा सरकार की खनन नीति में बदलाव की मांग की।

जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने ज्ञापन के माध्यम से राजीव जैन को बताया कि निगम क्षेत्र के अंदर आने वाले छोटे दुकानदारों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। उनकी गाड़ियों पर लाखों रुपये का भारी भरकम जुर्माना लगाकर व्यापारियों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। माल भेजने वाली गाड़ियों का सिर्फ बिल चेक होने पर छोड़ देना चाहिए। अगर किसी दुकानदार की गाड़ी या ट्रैक्टर पकड़ लिया और वो अपील में जाता है तो सुपरदारी या अन्य किसी गारंटी पर व्हीकल छोड़ देना चाहिए, जो काफी समय तक इम्पाउंड रखा जाता है। जिससे व्यापारी दोहरी मार झेलते है, जबकि दूसरे विभागों में ऐसा प्रावधान है। खनन विभाग द्वारा लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाया जाना चाहिए व सबको जागृत किया जाना चाहिए। मौके पर संजय वर्मा, पवन तनेजा, रविन्द्र सरोहा, प्रदीप खन्ना, हंसराज छाबड़ा, पुनीत, कपिल, मिन्टू अग्रवाल, जगबीर दहिया, संदीप, संजय, कृष्ण, विनोद सैनी, प्रमोद, नीटू, अनिल, भूपेश मेहता, धीरज, सुनील, नितिन, गोबिंद, राम लाल डाबरा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा 5 अगस्त का इतिहास : राणा



**असंध।** श्रीराम जन्मभूमि के भूमि पूजन के पावन अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री योगेंद्र राणा ने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण से पूरे देश मे खुशी की लहर गूंज गयी है और 5 अगस्त का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण दिन है। राणा ने कहा कि आयोध्या राम मंदिर निर्माण सदियों से दुनियां भर के हिन्दुओं की आस्था का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भव्य मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास किया गया ,जिसने महान भारतीय संस्कृति व सभ्यता के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय लिखा है और एक नए युग की शुरुआत की है। जिला महामंत्री ने कहा कि सैकड़ों वर्ष पूरानी मांग अयोध्या मे भगवान श्रीराम के मंदिर को बनाने का सपना पूरा होने जा रहा है। राणा ने कहा कि देश मे दीपावली जैसा माहौल है।

### गोताखोर प्रगट सिंह व उनकी टीम को किया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** गोताखोर प्रगट सिंह व उनकी टीम को थाना आदर्श केयूके के एसएचओ सूरज चावला ने मास्क, सेनिटाइजर व गलब्ज देकर सम्मानित किया। गोताखोर प्रगट सिंह को उनकी समाज के लिए निस्वार्थ भाव से की गई सेवाओं के लिए 301वीं बार सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में गोताखोर प्रगट सिंह के अलावा सिन्द्र, नरेंद्र, मामू राम व गोपी भी शामिल रहे। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि वे पिछले 18 साल से भाखड़ा नहर और सिरसा ब्रांच में डूब रहे लोगों को जिंदा बचाने या उनके शव निकालने का काम कर रहे हैं। कोरोना महामारी के बीच वे नहर से 32 शवों को निकाल चुके है। इसके अलावा चार लोगों को जिंदा नहर से निकाला। बता दे कि गोताखोर प्रगट सिंह वर्ष 2005 से भाखड़ा नहर और सिरसा ब्रांच में डूब रहे लोगों को जिंदा बचाने या उनके शव निकालने का काम कर रहे हैं। प्रगट सिंह ने बताया कि साल 2005 में उनके दादाजी की नहर में डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। उस समय वह पशु चराने का काम करते थे। दादा की मौत के बाद प्रगट के मन में भाव आया कि नहर में डूबने वालों को उसके वारिसों को सौंपा जाए। प्रगट सिंह गोताखोर निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करते हैं।

### मंदिर शिलान्यास के अवसर पर किया हवन यज्ञ



**कुरुक्षेत्र।** गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वाधान में श्रीराम जन्म मंदिर भूमि शिलान्यास के पावन अवसर पर रेलवे रोड स्थित भारत सेवाश्रम संघ में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनिल कुमार शास्त्री वेदाचार्य के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य यजमान समाजसेवी अशोक शर्मा पहलवान, राजेश बंसल व अश्विनी शर्मा उपस्थित रहे। यज्ञाचार्य पंडित रंगनाथ त्रिपाठी ने विधि विधान के साथ हवन यज्ञ करवाया। आश्रम के संचालक स्वामी तारानन्द महाराज ने यज्ञ में आए हुए यजमान को आशीर्वाद तथा प्रसाद दिया। इस अवसर तारानन्द ने कहा कि घर में सुख शान्ति समृद्धि हेतु वेदाचार्य प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनिल कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में 108 परिवार के घर में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा और यज्ञाचार्य पंडित रंग नाथ त्रिपाठी यज्ञों को निष्पादन कराएंगे।

### श्रीराम नाटक अमर क्लब ने दीपमाला कर खुशी मनाई



**इंद्री।** रामलीला ग्राउंड में श्री राम अमर नाटक कल्ब के सदस्यों ने अयोध्या में भगवान राम के मंदिर निमार्ण को लेकर किए गए भूमि पूजन पर खुशी मनाते हुए दीपमाला की। इस अवसर पर काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। सभी ने भगवान राम के चित्र के सम्मुख दीपमाला कर नमन किया और भगवान की महिमा का गुणगान किया। प्रधान राजिन्द्र मिढ़ा, सचिव विक्की मलहोत्रा ने कहा कि पूरे देशवासियों के लिये बड़ा खुशी का दिन है। मंदिर निमार्ण के लिये बहुत लंबा सघर्ष करना पड़ा और अब वो शुभ घड़ी आई है जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। मौके पर सभी ने जय श्री राम के उद्घोष किए और दीपमाला की। इस अवसर पर सतीश भाटिया, वकील तरुण मेहता, वीनू भाटिया, सुरेश भाटिया, करण मिढ़ा, रिंकू मिढ़ा, सतिन्द्र शर्मा, प्रेम अनेजा, अशोक कुमार सहित काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

### 5 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** क्रिकेट क्लब बकाली द्वारा आयोजित 5 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ ब्लॉक समिति सदस्य अमरीक सिंह बकाली ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर अमरीक सिंह बकाली ने घोषणा की कि क्रिकेट क्लब बकाली को ब्लॉक समिति की अनुदान राशि से क्रिकेट किट उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि युवा खेल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग ले सकें। उन्होंने युवाओं को समाज में फैल रही नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया। अभिलेख बकाली ने कहा कि पांच दिवसीय टूर्नामेंट में 25 टीमें भाग ले रही है जिसका फाइनल मैच सोमवार को होगा। प्रथम टीम को 7100 रुपये इनाम, द्वितीय को 3100 रुपये ईनाम, तृतीय टीम को 2100 रुपये इनाम स्वरूप दिया जाएगा। इस अवसर पर दर्शन नम्बरदार, अभिलेख बकाली, मंजू, प्रवीण, टोनी अन्य उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह पर खेल मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**करनाल।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को जिला अधिकारियों की बैठक हुई।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इस समारोह के आयोजन को लेकर अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां शुरू कर दें। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह नई अनाज मंडी करनाल में मनाया जाएगा, लेकिन इस बार कोविड-19 प्रोटोकॉल की अनुपालना का पूरा ध्यान रखा जाएगा। समारोह में ज्यादा भीड़ इकट्ठी नहीं होने दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक मास पीटी शो भी नहीं होगा, केवल परेड के लिए पुलिस, होमगार्डस व एनसीसी की प्लाटूनें ही शामिल होंगी। उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में हरियाणा के खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री संदीप सिंह बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोरोना वायरस के चलते स्वतंत्रता दिवस समारोह में सोशल डिस्टैंसिंग का पूरा ध्यान रखा जाए, समारोह स्थल पर पर्याप्त मात्रा में मास्क, सैनिटाईजर उपलब्ध हों। बिना मास्क के कोई भी व्यक्ति समारोह में भाग न लें। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर केवल कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया जाना है।

# ग्रांट राशि में हेराफेरी की शिकायत विज को भेजी

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

**नौ** फरवरी 2016 को नगरपालिका रादौर के गठन के समय तत्कालीन भंग पंचायत द्वारा नगरपालिका को विभिन्न ग्रांट राशियों के माध्यम से 1 करोड़, 32 लाख, 47 हजार, 723 रुपये की राशि सौंपी गई थी। लेकिन उपरोक्त ग्रांट राशि में से रादौर में तहसील के पास पंचायत द्वारा बनाये जाने वाले स्टेडियम के लिए सरकार द्वारा भेजी गई 42 लाख, 90 हजार, 217 रुपये की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

आरटीआई के माध्यम से शहर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता सतीश कुमार बठला द्वारा उपरोक्त राशि के बारे में नगरपालिका से जानकारी हासिल करने की कोशिश की गई।

### आरटीआई कार्यकर्ता ने मांगी थी जानकारी

लेकिन आज तक नगरपालिका आरटीआई कार्यकर्ता सतीश कुमार बठला को ग्रांट राशि के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाई है। जिसके बाद सतीश कुमार बठला ने मामले को लेकर गृह एवं शहरी निकाय मंत्री अनिल विज, स्टेट विजिलैंस ब्यूरो हरियाणा, महानिदेशक शहरी स्थानीय निकाय पंचकूला को शिकायत भेजकर लाखों रुपये की ग्रांट में की गई हेराफेरी की जांच किये जाने की मांग की गई है। रादौर निवासी सतीश कुमार बठला ने गृहमंत्री अनिल विज को भेजी शिकायत में बताया कि 2016 में रादौर पंचायत को भंग करके नगरपालिका बनाई गई थी।


जानकारी देते आरटीआई कार्यकर्ता सतीश कुमार बठला।

जिसके बाद उन्होंने नगरपालिका में आरटीआई के माध्यम से पंचायत द्वारा नगरपालिका को सौंपी गई ग्रांट राशि के बारे में जानकारी मांगी थी। जिसमें नगरपालिका की ओर से उन्हे जानकारी दी गई थी कि पंचायत ने एसएफसी के तहत 80 लाख, 48 हजार, 864 रुपये, जिला योजना स्कीम के तहत 8 लाख, 65 हजार, 642 रुपये व तहसील के पास पंचायत द्वारा बनाये जाने वाले स्टेडियम के लिए 42 लाख, 90 हजार, 217 रुपये की ग्रांट राशि उन्हे दी गई थी। इसके बाद नगरपालिका रादौर ने उपरोक्त राशि को खर्च नहीं किया। यह राशि 2019 तक खर्च नहीं की गई। जिसके बाद 26 दिसंबर 2019 को नगरपालिका सचिव की ओर से पत्र क्रमांक 1230-एमसीआर के तहत निदेशक शहरी स्थानीय निकाय पंचकूला को पत्र भेजकर उपरोक्त ग्रांट राशि में से एसएफसी के तहत 80 लाख, 48 हजार, 864 रुपये, जिला योजना स्कीम के तहत 8 लाख, 65 हजार, 642 रुपये को विकास कार्यो के लिए खर्च करने की अनुमति मांगी थी।

# हरियाणा नई शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला प्रांत

### हरियाणा सरकार ने एक हल्के में एक संस्कृति सीनियर माडल स्कूल खोलने का निर्णय लिया है

पायनियर समाचार सेवा। इंद्री



**विधायक** रामकुमार कश्यप ने कहा कि पूरे हरियाणा में तीन से 16 अगस्त तक पेड़ पौधे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को भादसों के सरकारी स्कूल सहित हल्के के कई गांवों में पौधारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में पेड़ों की बहुत ही जरूरत है। हमारा पर्यावरण दूषित होता जा रहा है और केवल पेड़ पौधे लगाने से ही पर्यावरण शुद्ध किया जा सकता है।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि सभी साथियों के सहयोग से हम यह लक्ष्य अवश्य पूरा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने एक हल्के में एक संस्कृति सीनियर माडल स्कूल खोलने का निर्णय लिया है और इसमें भादसों के सरकारी स्कूल को चुना है। ऐसे स्कूलों में नर्सरी से ही आनलाइन एजुकेशन, कंप्यूटर ट्रैनिंग आदि नए तरीकों से शिक्षित स्टाफ द्वारा शिक्षा दी जाएगी ताकि ग्रामीण आंचल के गरीब बच्चे नई तकनीक से शिक्षा पाकर देश के अच्छे नागरिक बन देश सेवा कर सकें। विधायक ने कहा कि नई शिक्षा नीति केन्द्र द्वारा बनाई गई है। राज्यों की मर्जी है कि वो इसे लागू करे या नहीं लेकिन हरियाणा ऐसा पहला प्रांत है जिसने इस शिक्षा नीति को लागू करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि जो डिप्टी सीएम का बयान पंचायतों के चुनावों में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण देने का आया है उसके बारे मे अभी कोई स्पष्ट नहीं है। मैंने भी यह बयान अखबारों में ही पढ़ा है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के समय का एक सिक्का आजकल सोशल मीडिया में छाया हुआ है जिसमें 1818 साल अंकित है ओर एक तरफ राम दरबार ओर दूसरी ओर कमल का फूल व ओउम अंकित है। इस अवसर पर अमनदीप सिंह विर्क, महेन्द्र पंजोखरा, अनिल श्रवणमाजरा, पवन कबीरपंथी, कर्मवीर, गुरदयाल नंबरदार आदि भादसों स्कूल के अध्यापक मौजूद रहे।

# श्रीराम मंदिर की खुशी में किया हनुमान चालीसा पाठ



**सोनीपत।** अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर के शिलान्यास करने की खुशी में वीरवार को सोनीपत के कच्चे क्वार्टर में प्रधानमंत्री जन कल्याण प्रचार प्रसार अभियान के जिला प्रभारी सुरेश कुमार उर्फ स्वामी सुरेशानंद तथा अमित सेतिया ने भगवान राम एवं भगवान वाल्मीकि पूजा-अर्चना करने के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं को फल वितरित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एचवीएम हरियाणा प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष राजीव पिहवाल ने पूजा अर्चना करते हुए भगवान वाल्मीकि और जय श्रीराम के जयकारे लगाए और हनुमान चालीसा का पाठ किया। एचवीएम जिलाध्यक्ष राजीव पिहवाल ने रामायण रचयिता वाल्मीकि के बारे बताया कि किस प्रकार भगवान राम के बच्चों लव-कुश और सीता माता का संरक्षण करते हुए किसी प्रकार सर्व संपन्न शिक्षा के गुणों से संपन्न किया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए हिंदुओं की लगभग 500 सालों से चली आ रही जन्मभूमि विवाद पर हुई जीत की बधाई दी। इस मौके पर गौरव भौला, साहिल राणा, पवन कुमार, लखन पिहवाल तथा आशीष बैध मौजूद थे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**सुना महलों ने कब कुछ भी कहीं जब झोंपड़ी रोई**
**व्यवस्था हो किसी की भी हमेशा ही रही सोई**
**सियासी लोगों से लेकर यहाँ क़ानून तक आख़िर**
**सबल के साथ तो सब हैं ग़रीबों का नहीं कोई**

### राहगीरों व रेहड़ी संचालकों को वितरित की पेयजल बोतल

**सोनीपत।** गर्मी के मौसम में कोई प्यास से व्याकुल न हो इसके लिए वीरवार को कांग्रेस नेता अनुज छाबड़ा ने बस स्टैंड के पास राहगीरों व रेहड़ी संचालकों को पानी की बोतलों के साथ पानी के जग वितरित किए। इस दौरान लोगों को कोरोना के प्रति सचेत भी किया गया। कांग्रेस नेता अनुज छाबड़ा ने कहा कि कोरोना काल के समय में एक तरफ वे जहां कोरोना वायरस के संक्रमण पर लगाम कसने को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजर की बोतलें व मास्क वितरित कर रहे थे। वहीं अब उन्होंने निर्णय लिया है कि वे शहर में पानी की बोतलों के साथ पानी के जग उपलब्ध कराएंगे। इसी के चलते शहर में अभियान चलाया जा रहा है। इनसे बचने के लिए वे ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। हिमांशु शर्मा ने कहा कि कुछ भी खाने पीने की वस्तु हों उसको खाने से पहले अच्छे ढंग से धोना चाहिए। संदीप सैनी, विजय आंतिल आदि मौजूद थे।

# बीएचआईसीएल ने कोविड 19 पर दिया सुरक्षा कवच, शुरू की नई सेवाएं और उत्पाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### 9 घर में इलाज होने पर प्रतीक्षा अवधि में कमी और कैशलेस दावों की सुविधा जल्द होगी शुरू 9

**कोविड** 19 आने के साथ ही सेहत और सुख के संग व्यापक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी रखने की अहमियत समझना भी जरूरी हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड की स्वास्थ्य बीमा कंपनी आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस (BHICL) ने ऐसी कई सेवाएं एवं उत्पाद पेश किए हैं, जो ऐसे मुश्किल वक्त में अपनी सेहत का ध्यान रखने में ग्राहकों की मदद करते हैं।

आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस की योजना है कि सभी पॉलिसीधारकों के लिए कोविड-19 मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने पर किए जाने वाले दावों की आरंभिक प्रतीक्षा अवधि 30 दिन से घटाकर 15 दिन कर दी जाए। पॉलिसीधारकों के लिए यह सुविधा जल्द ही शुरू की जाएगी। एक अन्य प्रमुख पेशकश होगी उन पॉलिसीधारकों को घर पर ही इलाज (होम ट्रीटमेंट) कराने की सुविधा देना, जिन्हें सामान्य परिस्थितियों में अस्पताल में भर्ती होना पड़ता और जिन्हें इलाज कर रहे डॉक्टर ने आईसीएमआर के दिशानिर्देशों के मुताबिक घर पर ही इलाज की सलाह दी है। घर पर ही इलाज की सुविधा कैशलेस होगी और हमारे नेटवर्क प्रदाता तथा पैनल में शामिल सेवा प्रदाता के जरिये दी जाएगी।

आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस ने हाल ही में कोविड-19 के लिए इनडेम्निटी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी - कोरोना कवच पॉलिसी भी पेश की। कोरोना कवच अस्पताल में भर्ती से संबंधित खास इनडेम्निटी बीमा पॉलिसी है, जिसमें कोविड-19 संक्रमण के कारण या रोगी को कोई अन्य बीमारी होने की सूरत में अस्पताल में भर्ती किए जाने पर हुए सभी खर्च शामिल होते हैं।

आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस के मुख्य कार्य अधिकारी मयंक बड़थ्वाल ने नई एड-ऑन सुविधाओं तथा सेवाओं के बारे में कहा, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस में हम अपने ग्राहकों को केवल स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने का नहीं बल्कि उससे भी अधिक करने का लगातार प्रयास करते हैं। कोविड से जुड़ी पॉलिसियों और मौजूदा पॉलिसी में जोड़े गए एड-ऑन से यह सुनिश्चित होगा कि वायरस का पता लगने से लेकर ठीक होने के बाद तक यानी अस्पताल में भर्ती होने से लेकर अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद तक के सभी खर्च बीमा में शामिल होने से हमारे ग्राहक सुख से रहें।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**◆ बेदखली सूचना ◆**

मैं, रामकिशन पुत्र कुड़ा राम निवासी किशनगढ़ रोड, बिजली कालोनी, शाहाबाद मारकंडा (कुरुक्षेत्र) ब्यान करता हूं कि मेरी पुत्री सपना कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके कार्यों/ लेनदेन का मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा।

**◆ नाम परिवर्तन ◆**

I, Harsh S/o Anil K Punia R/o 904/A7, KLJ Greens, B-Block, Sec-77, Faridabad have changed my name to Harsh Punia.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## पाकिस्तान का मानचित्र

### कश्मीर को दिखाया अपना हिस्सा

सभी जानते हैं कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण का एक भी मौका नहीं छोड़ता है, पर ऐसा पुराना व निरर्थक राजनयिक कदम उठा कर 'शोर मचाने' का कोई अर्थ नहीं है। हालांकि, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का एक साल पूरा होने पर वह इससे अधिक और कुछ नहीं कर सकता है। पाकिस्तान ने एक नया मानचित्र जारी कर कश्मीर, लद्दाख के कुछ हिस्सों और गुजरात के जूनागढ़ को अपना हिस्सा बता दिया। यह क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के नग्न प्रदर्शन के सिवा और कुछ नहीं है। भारत ने कहा है कि इस खोखली व एकपक्षीय घोषणा के समर्थन में कोई विश्वसनीय तर्क, समर्थक समूह, ऐतिहासिक तर्क या विधिक वैधता नहीं है तथा यह एक 'राजनीतिक मूर्खता' है। वैश्विक रूप से स्वीकृत संप्रभुता को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने चुनौती दी है और उन्होंने नए मानचित्र के प्रति अपनी कैबिनेट के साथ विपक्ष तथा अज्ञात कश्मीरी नेतृत्व का समर्थन बताया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी ने कहा कि 'नए मानचित्र से स्पष्ट है कि कश्मीर की सीमा चीन से लगती है। इससे स्पष्ट है कि नेपाल की तरह पाकिस्तान भी चीन के इशारे पर सीमाओं के पुनर्निर्धारण की बात कर रहा है। यह कदम कश्मीर के प्रति किसी चिन्ता के बजाय पाकिस्तान की अपनी रणनीति है। जब भारत पूर्वी लद्दाख में चीन के पीछे हटने पर जोर दे रहा है, ऐसे में पाकिस्तान का मानचित्र भारत को दो मोर्चों पर युद्ध की चेतावनी देता है। पिछले महीने वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर चीन की सैनिक तैनाती के समर्थन में पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा-एलओसी पर लगभग 20,000 सैनिक तैनात किए हैं। आश्चर्यजनक रूप से बालाकाट एयर स्टाइक के बाद उसने इस तरह सैनिक नहीं तैनात किए थे। इसके साथ ही पाकिस्तान



सीमा पर घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। इसके पीछे चीन की योजना इस तथ्य से स्पष्ट है कि चीनी अधिकारी नेपाल के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान में पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ नियमित विचार-विमर्श करते रहते हैं। चीन एक समय कश्मीर में सक्रिय रहे अल बदर नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पाकिस्तान को प्रोत्साहित कर रहा है। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी पर कर्ज में फंसी पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था संकट में है और वह चीनी खैरात पर निर्भर होने के कारण उसका मुहरा बन गया है। इस कदम से इमरान खान घरेलू राजनीति में भी कुछ लाभ उठाना चाहते हैं। वे अपने समर्थकों को बताना चाहते हैं कि कश्मीर पर उनका नेतृत्व बना हुआ है, जबकि अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उनको यह मुद्दा उठाने पर जरा भी समर्थन नहीं मिला है। हालांकि, एक समय वे यह भी कह चुके हैं कि भारत के 'विशाल बाजार' होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मंच पर कोई उनकी बात पर ध्यान नहीं दे रहा है। भारत की आलोचना में तुर्की को शामिल कर इमरान खान पाकिस्तान, तुर्की व मलेशिया को शामिल कर एक नई इस्लामी धुरी तैयार करना और इसका नेतृत्व करना चाहते हैं। यह पाकिस्तान के प्रचार अभियान से स्पष्ट है जो लगातार चीन व तुर्की को भारत-विरोधी बयान व ट्वीट जारी करने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है। वह कश्मीर को एक व्यापक इस्लामवाद का मुद्दा बनाना चाहता है। मजेदार बात है कि इस काम में अब अमेरिका उसका सहयोगी नहीं है। इसलिए पाकिस्तान अपनी नई स्वीकार योग्य कश्मीर रणनीति बनाने का जिम्मेदार स्वयं है। इसे देखते हुए भारत सरकार को कश्मीर में सिविल सोसाइटी से संबंध बढ़ाने के प्रयास तेज करने चाहिए ताकि पाकिस्तान को उसके नए अलगाववादी एजेंडे के लिए समर्थन न मिल सके। देश में नौकरियों व उच्च शिक्षा की इच्छा के कारण ज्यादा से ज्यादा कश्मीरी नौजवान मुख्यधारा विमर्श में शामिल हो रहे हैं। इन नौजवानों से राजनीतिक संबंध बढ़ाने के प्रयास होने चाहिए। पाकिस्तान को अपना एजेंडा चलाने से रोकने के लिए हमें कश्मीर में जमीनी स्थिति में और सुधार करने की आवश्यकता है।

# एक तापस वेशधारी फिर बना मेरा उद्धारक

**मैं अयोध्या हूं। राम भक्तों का सदियों का संघर्ष 5 अगस्त को राम कृपा से सुफलित हो गया है। आज फिर एक तापस वेशधारी योगी के प्रयत्नों से मैं गौरवान्वित हो रही हूं। मुझे अपना पुरातन गौरव पुनः प्राप्त होता दिखाई पड़ रहा है।**


प्रणय विक्रम सिंह


महेंद्र कुमार सिंह



**मैं अयोध्या** हूं। राजा राम की राजधानी अयोध्या। इक्ष्वाकु कुल के सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी अयोध्या। यहीं राम के पिता राजा दशरथ ने राज किया। यहीं श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। यहीं बहती है सरयू। संस्कृतियों का संगम.. सरयू। वेद में मुझे ईश्वर का नगर बताया गया है और मेरी सम्पन्नता की तुलना स्वर्ग से की गई है। हनुमानगढ़ी मेरी सीमाओं की पहरेदार है तो सरयू मेरी पवित्रता की सौगन्ध। सदियों की ऐतिहासिक यात्रा में अंधकार और प्रकाश मेरे सहयात्री हैं। मेरी गोद में संस्कृतियां इठलाती हैं। तभी तो आज भी मेरे आंगन में हिन्दू, बौद्ध, इस्लाम एवं जैन धर्म से जुड़े अवशेष देखे जा सकते हैं। हिन्दुओं के रामलला, हनुमंतलाल और नागेश्वरनाथ जैसे तीर्थ मेरे ही आंगन में हैं। इस्लाम के पीरों, जैनियों के तीर्थकरों और बौद्धों के धर्मगुरुओं का केन्द्र भी यहीं हैं। हां, मैं वही अयोध्या हूं जो समय-समय पर विदेशी आक्रांताओं के आक्रमणों के बाद भी अपने अस्तित्व को बचाने में सफल रही। इतिहास के पृष्ठों पर मेरे संघर्षों की व्यथित कर देने वाली अनेक कहानियां अंकित हैं। मेरे पुत्रों ने मेरे लिए अपना बलिदान देने में कभी विलंब नहीं किया। मेरी गलियों में ही बौद्ध और जैन पंथ फला-फूला। पांच जैन तीर्थंकर यहां जन्मे। इनके मन्दिर भी तो बने हैं यहां। सनातन संस्कृति के विभिन्न आयामों, स्वरूपों से लेकर जैन, बौद्ध, सिख और सूफी परम्परा तक की जड़ें व्याप्त हैं।

जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव अयोध्या राजपरिवार के थे। लगभग पांच हजार वर्ष पश्चात भी राम की अयोध्या में प्रथम तीर्थंकर की विरासत श्वास ले रही है। रायगंज मोहल्ले में उनके भव्य मन्दिर के साथ विशाल प्रतिमा भी स्थापित है यही नहीं कटरा मोहल्ले में भी उनका मन्दिर है। मैं अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ एवं अनंतनाथ के रूप में चार अन्य जैन तीर्थंकरों की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित हूं। बौद्ध परम्परा में भी मेरा स्थान महत्वपूर्ण है। महात्मा बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद 45 वर्षों तक धर्मोपदेश किया और उनमें से 16 वर्षावास उन्होंने अयोध्या में किया, ऐसा बौद्ध ग्रंथ दीपवंश से भी ज्ञात होता है। बुद्ध के करीब पांच सौ वर्ष बाद बौद्ध धर्म की महायान शाखा के अग्रणी आचार्य अश्वघोष यहीं के थे। सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग आये यहां। उन्होंने दुनिया भर को मेरे सुख.समृद्धि के बारे में बताया, उसके अनुसार यहां 20 बौद्ध मन्दिर थे तथा 3000 भिक्षु रहते थे। सिखों की चर्चा के बगैर रामनगरी की संस्कृति में समाहित बहुरंगी छटा का परिचय पूर्ण नहीं हो सकता। प्रथम, नवम् एवं दशम् सिख गुरु समय-समय पर अयोध्या आए और नगरी के प्रति आस्था निवेदित की। गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड एवं गुरुद्वारा गोविंद धाम के रूप में सिख परम्परा की विरासत अभी भी जीवन्त है। मैं इस्लाम के लिए भी अकीदत का मरकज हूं। इस्लाम की परम्परा में मुझे मदीनतुल अजोधिया के रूप में भी संबोधित किए जाने का जिक्र मिलता है।

मेरे आंचल को स्पर्श कर प्रवाहित होती सरयू के किनारे 14 प्रमुख घाट हैं। हर घाट की अपनी एक कहानी है। इनमें गुप्तार घाट, कैकेयी घाट, कौशल्या घाट, पापमोचन घाट, लक्ष्मण घाट आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मन्दिरों में कनक भवन की शोभा अनिर्वचनीय है। कैकेयी ने इसे सीता को मुंह दिखाई में दिया था। ऊंचे टीले पर हनुमानगढ़ी आकर्षण का केन्द्र है। तुलसी चौरा महाकवि तुलसीदास जी की स्मृतियों को समेटे है तो प्रह्लाद घाट के पास गुरु नानक जी भी आकर ठहरे थे। मैं वही अयोध्या हूं जिसकी गोद में राम खेले थे जिसकी जमीन पर राम का जीवन खिला था जिस धरा पर राम का राज्य था। जहां मंदिर हनुमान का भी हो तो राम की मूरत उसकी शोभा बढ़ाती है। जिसके बारे में राम ने कहा था- 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते] जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।' यानी हे लक्ष्मण, होगी लंका सोने की लेकिन यह जो सरयू किनारे मेरी जन्मभूमि है, जहां मैं जन्मा, वह मेरी मातृभूमि, मेरे लिए स्वर्ग से भी बढ़ कर है। वाल्मीकि रामायण में दर्ज इस इतिहास को तुलसीदास जी ने अवधी में अलग तेवर दिए।

'जद्यपि सब बैकुण्ठ बखाना। बेद पुरान बिदित जगु जाना।।'

'अवधपुरी सम प्रिय नहिं सोऊ। यह प्रसंग जानइ कोउ कोऊ।।'

'जन्मभूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि बह सरजू पावनि।'

विडम्बना देखिए कि उसी अयोध्यापुरी में बर्बर विदेशी आक्रांता की नियोजित कुण्ठा के कारण रामलला अपनी जन्मभूमि पर सदियों तक तिरपाल में रहे। किंतु राम भक्तों का सदियों का संघर्ष 5 अगस्त 2020 को राम कृपा से सुफलित हो गया है। आज फिर एक तापस वेशधारी योगी के प्रयत्नों से मैं गौरव भूषित हो रही हूं। मुझे अपना पुरातन गौरव पुन: प्राप्त होता दिखाई पड़ रहा है। प्रभु श्री राम के भव्य-दिव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हो चुका है। मेरे घाटों, मंदिरों, कुण्डों का युद्ध स्तर पर जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से सहस्त्रों वर्ष पुरानी स्मृतियां जीवंत हो रही हैं। सुगम यातायात के लिए परिवहन पथों के निर्माण के साथ ही अत्याधुनिक विमानपत्तन की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो रही है। रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण के साथ नगर की आधारभूत संरचना में व्यापक एवं बहुआयामी परिवर्तन लाने वाली अनेक विशाल निर्माण परियोजनाएं तीव्र गति से संचालित हैं।

**मेरे पुरातन वैभव को पुनर्जीवित करने का हर संभव प्रयास योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया जा रहा है। हर गली-हर कूचा जो मेरे राम की स्मृतियों से आबाद हैं, आज जीवंत हो रहे हैं। मेरा मन मुदित है, पुलकित है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पुनः मेरे राम का राज्याभिषेक हो रहा हो। ऐसा लग रहा है कि जैसे फिर एक बार गुरु वशिष्ठ के निर्देशन में भगवान विश्वकर्मा मुझे रच रहे हैं।**

मेरे पुरातन वैभव को पुनर्जीवित करने का हर संभव प्रयास योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया जा रहा है। हर गली-हर कूचा जो मेरे राम की स्मृतियों से आबाद हैं, आज जीवंत हो रहे हैं। मेरा मन मुदित है, पुलकित है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पुन: मेरे राम का राज्याभिषेक हो रहा हो। ऐसा लग रहा है कि जैसे फिर एक बार गुरु वशिष्ठ के निर्देशन में भगवान विश्वकर्मा मुझे रच रहे हैं। आस्था, आधुनिकता और वैज्ञानिकता की त्रिवेणी अपने सम्पूर्ण सामर्थ्य में मुझे सवांरने, मेरे इतिहास, मेरे राम के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी से साझा करने हेतु प्रयत्नशील है। इक्ष्वाकुपुरी नगरी का निर्माण उसी अद्भुत कल्पना का आकार है।

अयोध्या शोध संस्थान, अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय, थीम पार्क जैसी योजनाएं सांस्कृतिक उन्नयन की यात्रा को नए स्वरूप में नई पीढ़ी से साक्षात्कार कराएंगी। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद अब मेरे विकास का ध्यान रखेगा। हजारों वर्षों की प्रतीक्षा के बाद जैसे अहिल्या के उद्धार के लिए प्रभु श्री राम आए थे, आज मेरे अर्थात अयोध्या के उद्धार के लिए योगी आदित्यनाथ आए हैं। एक तापस वेषधारी के प्रयासों से पुन: मेरा उत्कर्ष हो रहा है। रघुकुल नंदन के भव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है।

*(प्रणय विक्रम सिंह वरिष्ठ पत्रकार हैं। महेंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ पत्रकार रहे हैं और वर्तमान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि के मीडिया व जनसम्पर्क अधिकारी और राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य है)*

# दास प्रथा की भयावह विरासत है नस्लवाद

**"लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वर्तमान से भटकाव है जो दास प्रथा द्वारा छोड़ी गई नस्लवाद की डरावनी विरासत को मिटाने के लिए है।"**


**ग्विन डायर**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

अमेरिका के लोगों का मूल्यांकन आज के मानकों के अनुरूप करने से हमें अपने अधिसंख्य नायकों को खलनायकों की संज्ञा देने पर बाध्य होना पड़ेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स में लिखे अपने अभिमत लेख में लगता है कि सीनेटर टॉम कॉटन का विचार यही था। इसकी प्रतिक्रिया में काफी आक्रोश पैदा हुआ, अभिमत संपादक को इस्तीफा देना पड़ा था और कोटन को दास प्रथा का बचाव करने के लिए गालियां दी गईं। वो संभवत: इसके लायक थे। जो उन्होंने असलियत में कहा वह यह था कि अमेरिका के संस्थापक दास प्रथा को ऐसी अनिवार्य बुराई के रूप में देखते थे जिस पर संघ का निर्माण हुआ था। कक्षा में यह सही लगता है यदि आप अन्यथा यह व्याख्या करें कि दासों के स्वामी दक्षिणी राज्य सभी 13 उपनिवेशों के परिसंघ पर सहमत नहीं हुए होंगे।

यह एक सीनेटर के मुख से कम अच्छा लगा जो अमेरिकी स्कूलों में दास प्रथा के इतिहास के बारे में शिक्षण को सुधारने के लिए एक परियोजना के परिसंघीय वित्तपोषण पर प्रतिबंध लगाना चाहता है। सीनेटर कोटन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वफादार सिपाहियों में से एक थे, जो एक श्वेत प्रजातीय घबराहट तैयार करने एवं आकाओं के आधार को मजबूत करने का प्रयास कर रहे थे। मगर मुद्दा यह नहीं है। मुद्दा यह है कि मैंने उस उद्धरण में एक शब्द बदल दिया, और ऐसा कहने वाले कोटन नहीं थे। वो नाइजीरियाई पत्रकार एवं उपन्यासकार अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी थीं, और उन्होंने बीबीसी के लिए लिखे एक एक लेख में असलियत में जो कहा, वो यह था : "अफ्रीका के लोगों का मूल्यांकन आज के मानकों के अनुरूप करने से हमें अपने अधिसंख्य नायकों को खलनायकों की संज्ञा देने पर बाध्य होना पड़ेगा।"

वो विशिष्ट रूप से अपने पितामह, नवाबानी ओगोगो ओरियाकू में बारे में बात कर रही थीं, जो 20वीं सदी के पूर्वार्ध में दक्षिण-पूर्वी नाइजीरिया में तंबाकू, पाम आयल, एवं दासों के सम्मानित व्यापारी थे। अटलांटिक दासों के व्यापार पर यूरोपीय सम्राटों द्वारा एक शताब्दी पूर्व प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन दास प्रथा तब भी नाइजीरिया तथा कई अन्य अफ्रीकी देशों में फलता-फूलता घरेलू बिजनेस था। उनके पितामह ब्रिटिश उपनिवेश प्राधिकारियों की अवज्ञा करके काफी प्रसिद्ध हो गए थे, जो नाइजीरिया के भीतर दास प्रथा को खत्म करने के प्रयास में लगे हुए थे। उन्होंने उनके दासों में से कुछ को जब्त कर लिया था और वो पिछली सदी का व्यापार लाइसेंस लहराकर दिखाते हुए उन्हें वापस दिए जाने की मांग करते हुए आगे बढ़े।

वे अचम्भित रह गए, क्षमा मांगी और उनके दासों को वापस कर दिया। निश्चित रूप से, वे उनके साहस तथा आत्मविश्वास से काफी प्रभावित थे कि उन्होंने बाद में उनको उनके इलाके का सर्वोच्च मुखिया नियुक्त कर दिया। अत: वो अपने ही दिन में स्थानीस नायक बन गए और अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी परिवार के लिए अभी भी नायक हैं। दास प्रथा, सभी साम्राज्यों तथा उपसहारा अफ्रीका के नृजातीय समूहों समेत, अधिकतर आधुनिक समाजों में सामान्य हुआ करती थी। समुद्री पातों में तटों पर यूरोपीयों के नजर आने से पूर्व अफ्रीकियों ने दासों को सदियों से विविध इस्लामी साम्राज्यों में बेच दिया था। वे उसी बाजार में खरीदने वाले ग्राहकों का एक समुच्चय ही थे।

दास बनाए गए अधिकतर अफ्रीकी घर से कुछ सौ किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं गए थे। अनुमान लगाया जाता है कि 18वीं सदी में, वर्तमान में सेनेगल कहे जाने वाले देश में एक तिहाई लोग दास थे जो अन्य सेनेगलियों से जुड़े थे। लेकिन जो विदेशियों के हाथों बोच दिए गए थे उन्होंने ज्यादा कष्ट झेले।

इतिहासकारों का मानना है कि दस मिलियन अफ्रीकियों में से लगभग एक पांचवां हिस्सा जो तीन सदियों से अधिक के दौरान अमेरिकियो को भेजे गए थे वे समुद्री जहाजों पर ही मर गए। दस शताब्दियों के दौरान अरबी व्यापारियों को बेचे गए तथा सहारा में वपैदल चलने के लिए विवश किए गए अथवा समुद्री पोतों में हिंद महासागर के चारों ओर ले जाए गए 17 मिलियन से अधिक दासों में मरने वालों की संख्या भी उतनी ही ज्यादा थी। बचने वालों के समक्ष जो संकट आया वो बहुत भीषण था।

लेकिन अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी सही कहती हैं। अतीत में एक भिन्न देश था और लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वे समझ भी नहीं पाती हैं। लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वर्तमान से भटकाव है जो अमेरिका में दास प्रथा द्वारा छोड़ी गई नस्लवाद की डरावनी विरासत को मिटाने के लिए है।

यह संज्ञान लेने योग्य बात है कि उन अफ्रीकी देशों में अपराधबोध एवं नस्लवाद की कोई तुलनीय विरासत नहीं है जो दासों को बेचते थे। दास और मालिक, हर कोई समान समूह का होता था, और हर कोई किसी नकिसी तरह संलिप्त होता था। हम ऐसा किया करते थे, अब नहीं करते, कहानी खत्म। यूरोपीय देशों में यह काफी भिन्न क्यों होता है, और सबसे ऊपर अमेरिका में? मेरा अनुमान यह है कि ऐसा दास प्रथा के कारण होता था, असमान रूप से दुनिया में, और दस प्रथा हजार वर्ष पूर्व यूरोप में समाप्त हो गई थी। जब 16वीं सदी के यूरोपीय पश्चिमी अफ्रीका पहुंचे, तो यह उनके लिए बिलकुल नया था।

उन्होंने दासों स्वामित्व को इच्छापूर्वक लिया लेकिन उनके पास ऐसी कोई परम्परागत व्यवस्था नहीं थी जिसमें वे उसके बारे में सोचते। नवाबानी ओगोगो ओरियाकू को स्वयं को यह बताकर दासों का स्वामित्व ग्रहण करने को सही ठहराने की आवश्यकता नहीं है कि वे निम्न कोटि के होते थे। उन्होंने खरीदा। समस्या क्या है? जबकि अमेरिकी बागान मालिकों को स्वयं के समक्ष व्याख्या करने के लिए विचित्र प्रजातीय कल्पनाओं का सहारा लेना पड़ा कि अन्य लोगों का मालिक बनना क्यों सही था, और आज उनके नाती-पोते अभी भी उन कल्पनाओं से संघर्ष कर रहे हैं।

## आप की बात

### निजी अस्पतालों की बेईमानी

**एक** खबर से पता चला है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है जो बताती है कि वर्ष 2018 में देश के निजी अस्पतालों ने फालतू में शल्यक्रिया (सीज़ेरियन) से प्रसूति कराई जिससे उन्हें लगभग 5,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में भारत के निजी क्षेत्र ने चिकित्सा सुविधाओं के विकास एवं विस्तार में मोटा निवेश किया है। जाहिर है ये निवेश परोपकार के लिए नहीं बल्कि व्यापार और तगड़े फायदे के लिए किया गया है। अन्य व्यापारिक गतिविधियों की तरह निजी चिकित्सा केन्द्रों के डॉक्टरों और कर्मचारियों को भी वित्तीय लक्ष्य दिए जाते हैं जो पूरे करने आवश्यक होते हैं। यही कारण है की निजी चिकित्सा सुविधाएं महंगी होने के साथ-साथ अनेकों मामलों में गैर भरोसेमंद भी होती हैं। कमाई बढ़ानें के लिए गैर ज़रूरी जाँचों, शल्य प्रक्रियाओं, बेवजह की भर्ती, महंगी दवाइयों आदि जैसे कुकृत्यों को अंजाम दिया जाता है। जबरदस्ती की सीज़ेरियन प्रसूति भी ऐसा ही एक कृत्य है जिसमें ना सिर्फ दो जानें जोखिम में आती हैं अपितु महिला की भविष्य की प्रसूतियों भी कठिन बन जाती है।

**- ब्रजेश माथुर**

### बिहार में विकास

**एक** सवाल वो तमाम बिहारी बुद्धिजीवियों से जो खूब ज्ञान बखारते हैं। एक सवाल उन तमाम प्रशासनिक अफसरों से जो कि बिहार से है, और एक सवाल उन तमाम नेताओं से जो देश के लिए जान देने की बात करते हैं और अपने राज्य में कुछ नहीं। जिस तरीके से दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र व देश के अन्य कोनों से मजदूर पैदल जाने को मजबूर हुए आखिर आप उन्हें आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी बिहार में ही रोजगार क्यों नहीं दिलवा पाएं? कमोबेश हर वर्ष बाढ़ की वजह से पूरा बिहार बर्बाद हो जाता है उन्हें उनकी स्थिति पर छोड़ दिया जाता है। इस बार बिहार पर दो गुना मार पड़ी है एक तरफ है कोरोना दूसरी तरफ है बाढ़ , बिहार की अवाम को अनाथ की तरह छोड़ दिया गया है? करोड़ों के बांध और पुल जो कि बिहार के जनता की हिफाज़त को आश्वस्त करता था वे भी नेताओं के वादे की तरह खोखले निकले और ध्वस्त हो गए। साथ ही बाढ़ के पानी के साथ नेताओं के वादे भी बह गए। आज पत्रकारिता में तकरीबन 80 प्रतिशत लोग बिहार से है वे क्यों नहीं अपने राज्य की दिक्कत को उजागर कर पाएं? आखिर क्यों नहीं बिहार में एक भी अच्छी विश्वविद्यालय बना पाए?

**- हर्ष कुमार**

### कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ

**देश** में अत्याधुनिक राफेल लड़ाकू विमान आया हो या अयोध्या में भूमिपूजन का अर्थ ये नहीं कि कोरोना खत्म हो गया। जरा संभल कर,इसी लापरवाही का फायदा उठा कहीं कोरोना, अपना आक्रमण और तेज न कर दे।इस बात का बिल्कुल ध्यान रखें कि जंग अभी जारी है,कोरोना अब भी हम पर भारी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि जिस लापरवाही से हम रह रहे,देश,राज्य और जिले के बाद अब घर घर इसके फैलने की नौबत न आए। अन्यथा इसको काबू में करना मुश्किल हो सकता है। भले ही आंकड़े संक्रमितों के दो दिनों रात चार चौगुना हो रहे। लोगों के ठीक होने की भी दर में बढ़त हुई है, लेकिन भारत का पायदान विश्व में सर्वश्रेष्ठ तीन में हो रहा। समय रहते संभालना अति आवश्यक है, अन्यथा क्या हश्र होगा,और इसका क्या खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। सरकार और प्रशासन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे,लेकिन कुछ तथाकथित लोग इसको नजरअंदाज कर रहे, साथ ही कोरोना कैरियर का घिनौना कार्य कर रहे।

**- अमन जायसवाल**

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"कोविड-19 पर भारत की समय से पहले और श्रेणीबद्ध बहुस्तरीय संस्थागत प्रतिक्रिया से देश में मौतों को काफी कम रखने में मदद मिली।

**-डॉ. हर्षवर्धन**
स्वास्थ्य मंत्री, भारत सरकार

हम सभी को अपनी सामूहिक आवाज उठानी चाहिए और मांग करनी चाहिए कि महबूबा मुफ्ती को जल्द से जल्द रिहा किया जाए और उन नजरबंद लोगों भी छोड़ा जाए जो संविधान के तहत इसके हकदार हैं।

**-पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता





बिहार विधानसभा के होने वाले आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर और सकारात्मक एजेंडे के साथ जनता के बीच जाएगी।"

**-राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# आईसीडीएस सुपरवाइजरों के आनलाइन ट्रांसफर से आक्रोश

## महिला सुपरवाइजरों के 150 से 350 किमी दूर तक तबादले

## अविवाहित व नवंबर माह में रिटायर होने वाली सुपरवाइजर भी बदलीं

### कल रोहतक में बुलाई बैठक आंदोलन का होगा ऐलान

**सर्व** कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित आईसीडीएस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार के निर्देश पर विभाग द्वारा गैर जरूरी और प्रताड़ना की दृष्टि से किए गए इन तबादलों की घोर निन्दा की है। एसोसिएशन की राज्य प्रधान सबिता व महासचिव संतोष यादव ने बताया कि इन तबादलों से सुपरवाइजरों में पैदा हुए आक्रोश को देखते हुए 8 अगस्त को रोहतक में राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। जिसमें इन तबादलों को रद्द करवाने के लिए आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन तबादलों में नवंबर में रिटायर होने के कारण ट्रांसफर डिवाइस में हिस्सा न लेने वाली सुपरवाइजर को भी जींद से फरीदाबाद ट्रांसफर कर दिया गया है और अविवाहित का तबादला गोहाना से 200 किलोमीटर दूर मेवात कर दिया।

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**महिला** एवं बाल विकास विभाग द्वारा आईसीडीएस सुपरवाइजरों के आनलाइन ट्रांसफर में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं के दूरदराज तबादले करने से भारी आक्रोश फैल गया है। बुधवार देर शाम जारी ट्रांसफर आदेशों में कोरोना महामारी में बच्चों के दाखिले करवा चुकी करीब सैकड़ों महिला सुपरवाइजरों को उनके घरों से 150 से 350 किलोमीटर दूर तबादले किए हैं। इसमें अविवाहित व नवंबर महीने में रिटायर होने वाली सुपरवाइजरों तक को नही बख्शा गया है।

आईसीडीएस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य प्रधान सबिता व महासचिव संतोष यादव ने बताया कि आनलाइन ट्रांसफर नीति में शामिल होने से बचाने के लिए सरकार के नजदीक करीब 55 सुपरवाइजरों ने सीएम की स्वीकृति से पहले ही अपने मनपसंद जगहों पर ट्रांसफर करवा लिए थे। जिसके कारण अब उन्हें आनलाइन ट्रांसफर नीति में शामिल नही किया गया है। जिसकी कोई सिफारिश नहीं थी, उन्ही सुपरवाइजरों को ट्रांसफर डिवाइस में शामिल कर दूर दराज ट्रांसफर किया गया है।

उन्होने कहा कि महिला सुपरवाइजरों के यह तबादले उस समय पर किए गए हैं, जब राज्य परिवहन की बसों व मैट्रो रेल की सुविधा तक नहीं है। कोरोना महामारी में फरीदाबाद, गुरुग्राम, पलवल व मेवात जैसे स्थान जहां कोरोना का कहर है, वहां एक दम किराए पर मकान मिलना भी मुश्किल है। महिलाओं के लिए अकेले रहना सुरक्षित भी नहीं है। बेटी बचाओ अभियान को तेजी से लागू करने वाली वाली व हरियाणा में लिंग अनुपात बढ़ाने वाली सुपरवाइजर्स को सरकार द्वारा अच्छा तोहफा दिया गया है। सरकार के इस कृत्य से सरकार का महिलाओं के प्रति संवेदनहीनता का भी पता चलता है।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने आनलाइन ट्रांसफर करने को उपलब्धि के तौर पर प्रचारित करने के लिए सैकड़ों महिला कर्मचारियों को दूर दराज ट्रांसफर करने की घोर निन्दा की। उन्होंने इन तबादलों को रद्द करने और स्वेच्छा से चाहने वाले और शिकायत मिलने पर उसकी जांच उपरांत ही ट्रांसफर करने की मांग दोहराई।

# वेतन विसंगतियां दूर नहीं हुईं तो मुख्यालय पर होगा धरना-प्रदर्शन



पत्रकारों को अपनी व्यथा सुनाते कर्मचारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**हरियाणा** संयुक्त कर्मचारी मंच के राज्य प्रधान सत्यपाल वर्मा की अध्यक्षता में रेस्ट हाउस में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें वाटर पंप ऑपरेटर की वेतन विसंगतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

सत्यपाल वर्मा ने बताया कि 29 जुलाई की मीटिंग जो कि विशेष सचिव अनीता मलिक जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के साथ हुई थी, उन्होंने विशेष सचिव को बताया कि वाटर पंप ऑपरेटर की संशोधित वेतनमान की फाइल एक वर्ष पहले चलाई गई थी , जो कि वित्त विभाग से ऑब्जेक्शन लग कर वापिस आई थी। जिसका जवाब पिछले महीने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मुख्यालय के द्वारा विशेष सचिव को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि वाटर पंप ऑपरेटर वेतन विसंगतियों के कारण ग्रुप सी में होते हुए भी ग्रुप डी के समान वेतन प्राप्त कर रहे हैं। विशेष सचिव ने प्रधान सत्यपाल वर्मा, सचिव धर्मवीर शर्मा को आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द वाटर पंप ऑपरेटर की वेतन विसंगतियों को दूर कर संशोधित वेतनमान लागू कर दिया जाएगा।

वर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के प्रमुख मनपाल सिंह को चेतावनी दी है कि यदि वाटर पंप ऑपरेटर की मांग निर्धारित समय पर पूरी नहीं की जाती है तो हम धरना प्रदर्शन मुख्यालय पर करेंगे और जिसकी पूरी जिम्मेवारी प्रमुख अभियंता मनपाल सिंह की होगी। कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान तेजपाल गुर्जर ने कहा है कि 1 वर्ष पूर्व चलाई गई फाइल को बार बार ऑब्जेक्शन में उलझाया जा रहा है। जिसके कारण विभाग के कर्मचारियों में रोष पैदा हो रहा है और यह एक दिन विभाग के मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के रूप में दिखाई देगा। मौके पर ब्रांच उप प्रधान नरेश मलिक, कोषाध्यक्ष जय भगवान, गौरव, शैलेंद्र कुंडू मौजूद रहे।

ऑनर किलिंग का शिकार बनी लड़की

# पुलिस ने जलती चिता से निकाला किशोरी का शव

## कलायत उप मंडल के गांव बढ़सीकरी की घटना

## कंट्रोल रूम से मिली थी पुलिस को सूचना

## अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**पीएल वर्मा।** कैथल



श्मशान में कार्रवाई करती पुलिस। मौजूद अन्य।

**कैथल** के कस्बे कलायत के गांव बड़सीकरी में एक ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि कलायत पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि कलायत के गांव बड़सीकरी में ऑनर किलिंग मामले के तहत एक 15 साल की लड़की को मार दिया गया है को श्मशान घाट में उसका दाह संस्कार किया जा रहा है।

कलायत डीएसपी कलायत एसडीएम समेत कई अधिकारी व पुलिस बल गांव के श्मशान घाट में पहुंचा और जलती हुई चिता पर पानी डालकर उसको बुलाया गया और उसके अंदर से मृतक लड़की को निकाला गया हालांकि लड़की का नीचे का हिस्सा काफी जल चुका था लेकिन थाना प्रभारी ने बताया कि हमने फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उस को पोस्टमार्टम के लिए कैथल के सरकारी हॉस्पिटल में भेजा गया है जैसे ही रिपोर्ट में सामने आएगा उस आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी लेकिन पुलिस खुद ही मान रही है कि ऑनर किलिंग का मामला है जब ऑनर किलिंग का मामला पुलिस को पता है तो पुलिस भी कहीं न कहीं इस मामले में ढील बरत रही है क्योंकि कंट्रोल रूम में सूचना मिलने के बाद ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा था और पुलिस मान भी रही है कि है ऑनर किलिंग का मामला है फिर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज क्यों किया जबकि पुलिस को उनके परिवार वालों के बारे में भी सारी जानकारी है।

पुलिस जब गांव के श्मशान घाट में पहुंची थी उस समय परिवार व गांव का कोई भी सदस्य श्मशान घाट में मौजूद नहीं था आप परिवार वालों से या गांव वालों से पूछताछ की जाएगी और उस आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान राम हम सबके आदर्श : निखिल

**सोनीपत।** युवा समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता निखिल मदान ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखे जाने पर सभी देशवासियों को बधाई दी। सोनीपत के जटवाड़ा में खिजर मकबरे के उद्यान में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया।

कार्यक्रम में उद्यान परिसर में एक हजार छायादार एवं फलदार वृक्ष जिसमें मुख्यत: अमरूद, नीबू, पीपल, बड़, नीम एवं जामुन के पौधे लगाए गए। मदान ने कहा कि एक इंसान अपनी पूरी जिंदगी में जन्म से लेकर मृत्यु तक औसतन 18 वृक्षों का उपभोग करता है। इसीलिए हमें इस संतुलन को बनाये रखने के लिए नियमित तौर पर पौधारोपण अनिवार्य है। इस मौके पर उद्यान परिसर में मौजूद लोगों ने निखिल मदान के आगे खिजर मकबरा परिसर में पेयजल की सुविधा न होने की समस्या रखी। जिस वज़ह से गर्मी के मौसम में हर व्यक्ति को परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों ने बताया कि पार्क के चारों तरफ चारदिवारी की मरम्मत भी जरूरी है, ताकि उद्यान में पशुओं से बचाव हो सके। मदान ने बताया की पुरातत्व विभाग के अधीन होने के चलते इन सभी समस्याओं के समाधान में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन वो इन सभी समस्यायों का जल्द समाधान करवाएंगे। कार्यक्रम में अतर सिंह खत्री, करतार खत्री, जोगिंद्र सिंह खत्री, मनीष, भारत सिंह, बिमला, संतोष, हरिओम, मनोज, विनोद पांचाल, दीपांशु जांगड़ा, आशीष, कौशल, ध्रूव, सुमित, भारत, मयंक, अरुण आदि लोग मौजूद रहे।

# सेक्टर-4 राम मंदिर में देर रात तक जलाए दीप

## राम मंदिर के भूमि पूजन की दिनभर मनी खुशियां

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में बुधवार देर रात सेक्टर-4 राम मंदिर में दीप जलाते लोग।

**बुधवार** रात को यहां सेक्टर-4 के राम मंदिर में लोगों ने दीये जलाकर अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन की खुशियां मनाई। लोगों ने यहां जय श्री राम के नारे लगाकर एक-दूसरे को सोशल डिस्टेंस रखते हुए बधाई दी। उन्होंने यहां पूजन किया, दीये जलाए और आरती की। मुख्य अतिथि के रूप में यहां बीजेपी जिला सचिव नवीन गोयल पहुंचे।

यह आयोजन सबका सहयोग संस्था की ओर से आयोजित किया गया। इस मौके पर आलोक, गौरव, नितिन वधवा, दीपक ठक्कर, अमित खन्ना, गांधी, नीरज शमाज़, संदीप शर्मा, रविंद्र यादव समेत काफी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में नवीन गोयल ने कहा कि 500 साल की तपस्या का यह फ्ल है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का श्रीगणेश भूमि पूजन के साथ किया। कोरोना महामारी के दौर में भी तमाम नियमों को मानते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर निर्माण की परम्परा का निर्वहन साधू-संतों की मौजूदगी में किया। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में दो दिनों से दीवाली मन रही है। लोग दीये भी जला रहे हैं और पटाखे भी फोड़ रहे हैं।

करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का ना केवल प्रतीक, बल्कि हर किसी के दिल में बसे श्रीराम के मंदिर की खुशी आज कई गुणा बढ़ गई। कई पीढियों के इंतजार के बाद, लाखों लोगों के बलिदान के बाद राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ हुआ है। नवीन गोयल ने कहा कि राम मंदिर के मुद्दे को बेहद ही गंभीरता से लिया गया। उस गंभीरता का परिणाम आज सबके सामने है। भाजपा के शासनकाल में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उनमें आज सबसे बड़ा कार्य राम मंदिर के निमाज़्ण का है। अयोध्या को उसका अस्तित्व वापस मिल रहा है। हिंदुओं को उनकी आस्था का गढ़ अब भव्य राम मंदिर के रूप में मिलेगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### जय मां सेवा समिति ट्रस्ट ने भूमि पूजन पर बांटे लड्डू



**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवी संस्था जय मां सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा लोकनायक जय प्रकाश नागरिक अस्पताल में बुधवार देर सायं अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के उपलक्ष्य में मरीजों को भोजन के साथ-साथ मिष्ठान वितरित किए। प्रधान अमरनाथ सैनी व प्रबंधक मनी जैन ने बताया कि हर्ष का विषय है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का शिलान्यास समपन्न हुआ है इसके लिए सभी देशवासी बधाई के पात्र हैं। आज की तारीख इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी। इस मौके पर राजकुमार सैनी, भगवती प्रसाद जोशी, रामनारायण खांबरा, जोगध्यान, विक्रमजीत, सुनील सैनी, विरेंद्र, राजेंद्र मैहता, विकास सैनी, प्रेम खेड़ा, प्रवीण मुंडे, दुष्यंत, रोहित सैनी, रेशम सिंह, गुरदेव, प्रवीण गाबा, शिवम खेड़ा, अश्वनी परूथी, आकाश सैनी, सोहन लाल जांगड़ा, केवल कृष्ण, अनु माल्यान, गुलाब चंद गुप्ता, जयभगवान शर्मा व राहुल जोशी, आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय परिसर में 11 छायादार पौधे किए रोपित



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में हरा भरा हो कुरुक्षेत्र हमारा पौधारोपण अभियान 2020 के 19वें चरण में वन विभाग, कुरुक्षेत्र के सहयोग से वसुधैव कुटुंबकम संस्कृति सेवा आयाम तथा प्रेरणा कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने विद्यालय प्राचार्या संतोष शर्मा, प्रेरणा कुरुक्षेत्र के संस्थापक अध्यक्ष जयभगवान सिंगला, इको क्लब खंड संयोजक डॉ. तरसेम कौशिक, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण, सुरेंद्र भट्टी, टिक्का सिंह, अलकेश मौदगिल, बालीराम, सुरेंदर सैनी, राजमोहिन्दर, शिवकुमार, प्रेमचंद, अनिल कुमार. राजेश कुमार, दिलदेवराज और अन्य पर्यावरण प्रेमियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में 11 छायादार पौधे रोपित किए।

### चेयरमैन रणधीर गोलन करेंगे सामुदायिक हॉल का उद्घाटन

**कैथल।** हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन रणधीर गोलन 7 अगस्त को सायं 4 बजे गांव टीक में सामुदायिक हॉल व वैलकम गेट का शुभारंभ करेंगे। कल आठ अगस्त को दोपहर बाद दो बजे गांव हाबड़ी, नौ अगस्त को सायं चार बजे आदर्श कॉलोनी पूंडरी, 10 अगस्त को नहरी और जल संसाधन विभाग के मुख्य इंजीनियर के साथ कौल, धेरडू, संगरौली, मटरवा खेड़ी, फतेहपुर सिरसा ब्रांच, सांच, रसीना, आहूं, हाबड़ी सब ब्रांच, कौल से मोहना माइनर, डीग, टीक व पाई पंप हाऊस का दौरा करेंगे।

### कुविवि के छात्रों ने जीता एक लाख रुपये का पुरस्कार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का यूआईईटी संस्थान कुलपति डॉक्टर नीता खन्ना के नेतृत्व में निरंतर हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर कार्य कर रहा है। यह जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी प्रो. सीसी त्रिपाठी ने बताया कि इस कड़ी में यूआईईटी संस्थान के विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कोविड-19 को देखते हुए इनोवेशन सैल मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार ऑनलाइन प्रतियोगिता में गोवा सरकार की कैटल संबंधी समस्या का समाधान करते हुए एक लाख रुपए का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। इस प्रतियोगिता में एनआईटी तिरुचिरापल्ली के अलावा अन्य तकनीकी संस्थानों एवं विवि के छात्रों ने भाग लिया था जिसमें संस्थान के विद्यार्थी हर क्षेत्र में चंहुमुखी प्रतिभा के साथ कार्य कर रहे हैं। इससे पहले इसी विषय में हमारे विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय, नॉर्थ जोन में अपने इस विषय को बड़ी बारीकी से प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया जिनको संस्थान के इनोवेशन सेल प्रभारी राहुल गुप्ता ने इन बच्चों का मार्गदर्शन किया वही सुनील नैन व विशाल अहलावत ने सहयोग किया। प्रो. त्रिपाठी ने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में गोवा सरकार की स्ट्रे कैटल चुनौती विषय को दुर्घटनाएं रहित बनाने के लिए मोबाइल ऐप तैयार की।

# रक्तदान के लिए साइकिल से तय की 120 किमी की दूरी

## सेना के लिए लगाया था शिविर, किसा सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



रक्तदान शिविर में साइकिल पर पहुंचने पर प्रेम गौतम को सम्मानित करते आयोजक।

**युवाओं** को साइकिल चलाने के प्रति जागरूक करने के लिए मां भारती रक्तवाहिनी के पदाधिकारी प्रेम गौतम ने पिछले दिनों मां भारती साइकिल क्लब का गठन किया था, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को साइकिल चलाने के प्रति जागरूक करना है।

युवाओं को साइकिल व रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोनीपत से प्रेम गौतम, कुशल दहिया, तनुज तीनों रोहतक में भारत की सेना के लिए लग रहे रक्तदान शिविर में शामिल होने के लिए साइकिल से पहुंचे। प्रेम गौतम सहित तीनों ने लगभग 120 किलोमीटर की दूरी साइकिल से ही तय की। प्रेम गौतम ने बताया कि उन्होंने अब तक दो महीने में 1500 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुके हैं।

तीनों साइकिल क्लब से भारत की सेना के लिए लग रहे रक्तदान शिविर में रोहतक पहुंचे। शिविर में संस्था ने मां भारती साइकिल क्लब को सम्मानित किया। रोहतक में सम्मानित करने के लिए वे आप और हम संस्था के विकास मिश्रा, चिराग बेरी, भारत, पुनीत कुमार का आभार व्यक्त करते हैं।

प्रेम गौतम ने बताया कि उनके साथ कुशल व तनुज इस जागरूक यात्रा का अहम हिस्सा रहे। जिसमें तनुज 14 वर्ष का है, जिसने अपनी उम्र के युवाओं के सामने 120 किलोमीटर की साइकिल यात्रा करके मिसाल कायम की है। गौतम ने बताया कि उन्होंने अपने घर के छोटे-छोटे काम व कम दूरी तक के काम साइकिल से ही करने चाहिए। जिससे हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा बना रहेगा और पर्यावरण को भी फायदा होगा। इस अवसर पर संस्था से अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, विपिन कुमार गौड़ भी मौजूद रहे।

# प्रशासन ने कॉलोनियों में अवैध निर्माण को गिराया

## 25-30 घरों की नींव सहित रोड नेटवर्क को किया ध्वस्त

**करनाल।** नियमों की अनदेखी कर अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को गिराने के लिए नगर निगम व जिला नगर योजनाकार की ओर से गुरुवार को एक संयुक्त कार्रवाई अमल में लाई गई, जिसमें नई सब्जी मण्डी के सामने बजीदा रोड पर करीब 10 एकड़ भूमि में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों में निगम की टीम ने वहां मौजूद निर्माण को गिरा दिया।

उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त निशांत कुमार यादव ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि निगम के डैमोलिशन स्कवाड ने कार्रवाई कर वहां मकानो के लिए बनाई गई सभी डीपीसी, निर्माणाधीन मकान, करीब 25 से 30 घरों की नींव व सड़क नेटवर्क को तहस-नहस किया गया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण करने वाले लोगों द्वारा कुछ विरोध हुआ, परंतु पुलिस बल के होते उनकी एक न चली। उन्होंने बताया कि प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे निगम की कार्रवाई चली। निगमायुक्त ने बताया कि टीम ने चार जेसीबी की मदद से अवैध निर्माणो को गिराया। उन्होंने बताया कि इस जगह पर पहले भी दो बार कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण गिराए गए थे, आज फिर तीसरी बार इस तरह की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# पूंडरी में बनेगा संस्कृत मॉडल स्कूल : गोलन

**कैथल।** पर्यटन निगम के चेयरमैन रणधीर गोलन ने कहा कि पूंडरी हलके में विकास तेजी से करवाया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर हलके के अन्य विकास कार्यों का खाका बनाकर सामूहिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

विकासात्मक योजनाओं व परियोजनाओं के लिए धन की कमी नही रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जहां पूरे प्रदेश का एक समान विकास हो रहा हैं, वहीं पूंडरी हलके को विकासात्मक हलको की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। चेयरमैन रणधीर गोलन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक समिति की बैठक के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ब्लाक समिति सदस्यों का आह्वान किया कि सभी को बराबर ग्रांट वितरित की जाएगी, विकास कार्य में धन की कोई कमी नही रहेगी। सबका साथ-सबका विकास नीति पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने सदस्यों से विकास कार्यों के बारे विचार विमर्श करते हुए कहा कि हलके के विकास के लिए पूरी रूप रेखा तैयार की जा रही है। पाई, भाणा, करोड़ा क्षेत्र हेतू कॉलेज बनाने की मांग मुख्यमंत्री मनोहर लाल से की है, पूरा विश्वास है कि जल्द ही यह मांग पूर्ण भी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र में एक संस्कृत मॉडल स्कूल खोलने हेतू कमेटी का गठन किया गया है। हलके पूंडरी में राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल पूंडरी में संस्कृत मॉडल स्कूल शुरू खोलने का प्रस्ताव भेजा है।

# 9 वर्ष से भूमिगत चल रहे राजस्थान निवासी आरोपी दंपति गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस द्वारा करीब 9 वर्ष पूर्व दो घोड़ी व एक घोड़ी का बच्चा चुराने के मामले में पुलिस गिरफ्त से बचते हुए भूमिगत चल रहे राजस्थान निवासी उद्घोषित आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया है। वारदात में लिप्त दो अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरीशुदा पशु बरामद किए जा चुके हैं। दंपति को न्यायिक हिरासत में भेज जेल दिया।

पुलिस अधीक्षक शशांक सावन ने बताया कि चीका निवासी रामकुमार की शिकायत पर 23 अप्रैल 2011 को दर्ज मामले अनुसार वह अपने भाई नरसी सहित अपनी-अपनी घोड़ी रेहड़ियों पर सब्जी बेचने का धंधा करते थे। शिकायत के अनुसार 22 अप्रैल 2011 की रात उनके बरामदे में बंधी उनकी दो घोड़ियों व एक घोड़ी के बच्चे को अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गये।

# मारुति सुजुकी ने आईटीआई स्टाफ और छात्रों के लिए 'केयर्स' प्रशिक्षण लांच किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जागरुकता, जवाबदेही और सुरक्षा संबंधी उपायों को बढ़ाने के लिए बनाया गया है

**आने** वाले महीनों में शैक्षणिक संस्थानों के खुलने के अनुमान में, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने देश भर में सरकार द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 'केयर्स' प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। महामारी फैलने के बाद से एमएसआईएल आईटीआई को सहयोग देती रही है।

केयर्स प्रशिक्षण में ऑनलाइन कक्षाएं शामिल होती हैं, ताकि आईटीआई के छात्रों और स्टाफ को सोशल डिस्टेंसिंग के नए दिशानिर्देशों, स्वच्छता पर नए एसओपी इत्यादि में प्रशिक्षित किया जा सके। नियमित वीडियो लर्निंग सेशन से आईटीआई कर्मचारियों और छात्रों को सेनिटाइजेशन में मदद मिलती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को कोविड स्थिति और इस तरह की चुनौतियों से निपटने के विभिन्न तरीकों के बारे में सभी हितधारकों के बीच जागरुकता, जवाबदेही और सुरक्षा से संबंधित उपायों को अपनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी सलाहकार एके तोमर ने कहा, मारुति सुजुकी ने हमारे संस्थानों में सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के साथ-साथ आईटीआई को फिर से शुरू करने के लिए एक्शन-आधारित गाइडलाइन्स तैयार करने के लिए केयर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। छात्रों और कर्मचारियों दोनों के लिए अलग-अलग ऑनलाइन शिक्षण सत्र हैं।

उन्होंने कहा, आईटीआई लगातार महामारी के प्रकोप के बाद की चुनौतियों से निपटने में लगे हुए हैं, यह प्रशिक्षण छात्रों और कर्मचारियों के बेसिक सैनिटाइजेशन को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। मारुति सुजुकी ने सभी हितधारकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संस्थानों को फिर से खोलने वाले आईटीआई केंद्रों के लिए नए एसओपी भी विकसित किए हैं। अब तक, 974 कर्मचारी 11,755 छात्रों ने कार्यक्रम के तहत केयर्स प्रशिक्षण प्राप्त किया।

राम मंदिर भूमि पूजन का जश्न मनाने के लिए

# टाइम्स स्क्वायर पर प्रदर्शित की गईं भगवान राम की तस्वीर

## जश्न मनाने के लिए लिए बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी एकत्रित हुए

**योशिता सिंह।** न्यूयॉर्क



**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास का जश्न अमेरिका के मशहूर टाइम्स स्क्वायर पर एक विशाल बिलबोर्ड पर भगवान राम की तस्वीर प्रदर्शित कर मनाया गया। यहां पर जश्न मनाने के लिए लिए बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी एकत्रित हुए।

भगवान राम और भव्य मंदिर की तस्वीर और भारतीय तिरंगा विशाल एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन पर बुधवार को प्रदर्शित किया गया। आयोजकों को बुधवार सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक इस तस्वीर को प्रदर्शित करना था, लेकिन इसे करीब चार घंट बाद दोपहर एक बजे तक ही प्रदर्शित किया गया। आयोजकों ने राम जश्न नाम की एक वेबसाइट पर कहा, कट्टरपंथी समूह हमें रोकने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन वे हिंदुओं को चुप नहीं कर सकते। रात साढ़े सात बजे टाइम्स स्क्वायर पर आएं और जश्न मनाए। (शाम को तस्वीर प्रदर्शित नहीं की जाएंगी)। प्रमुख सामुदायिक नेता एवं अमेरिकी भारत लोक मामलों की समिति के अध्यक्ष जगदीश सिहानी ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया था।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एकत्रित हुए। न्यूयॉर्क और कई अन्य राज्यों से भारतीय प्रवासी शाम को टाइम्स स्क्वायर पर एकत्रित हुए। आयोजकों ने यहां दीए जलाने, भजन गाने और मिठाइयां बांटने की व्यवस्था की थी। लोग यहां सांस्कृतिक परिधानों में सजे-धजे नजर आए। लोगों ने जय श्री राम के नारे लगा अपना उत्साह जाहिर किया। सूत्रों ने बताया कि बिलबोर्ड का ठेका लेने वाली कम्पनी ने कहा था कि कानूनी बाध्यता के चलते वह राजनीतिक विज्ञापन वहां प्रदर्शित नहीं कर सकती। सूत्रों ने हालांकि कहा कि तस्वीर का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने कहा कि केवल चार घंटे भी भगवान राम की तस्वीर को वहां प्रदर्शित किया जाना ऐतिहासिक है। तस्वीर को पहले पूरे दिन वहां प्रदर्शित किया जाना था।

सिहानी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण विश्वभर में हिंदुओं का सपना पूरा होने जैसा है। छह साल पहले तक इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, लेकिन मोदी के नेतृत्व में यह दिन आया और हम पूरे जोश के साथ इसका जश्न मनाना चाहते हैं।

## मॉडर्ना का टीका कोविड-19 से चूहों की रक्षा करने में कामयाब

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जैव प्रौद्योगिकी कंपनी मॉडर्ना द्वारा विकसित टीका चूहों की सार्स कोव-2 संक्रमण से रक्षा करने में कामयाब रहा। यही विषाणु कोविड-19 की वजह है। पत्रिका नेचर मेंप्रकाशित एक अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार एमआरएनए-1273 नाम के टीके ने चूहों में विषाणु को निष्क्रिय करने वाली एंटीबॉडीज उत्पन्न कर दीं। चूहों को एक माइक्रोग्राम के दो इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन दिए गए थे। अतिरिक्त प्रयोग करने पर पाया कि चूहों को एमआरएनए-1273 का एक एमसीजी या 10 एमसीजी टीका देने पर फेफड़े को संक्रमण से सुरक्षा मिली। अध्ययन में पाया कि टीके ने चूहों में मजबूत सीडी8 टी-कोशिका प्रतिक्रिया भी पैदा की।

# कोरोना वायरस महामारी लम्बी खिंचना अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिवर्ज बैंक ने बृहस्पतिवार को आंशका जताई कि कोविड-19 महामारी का संक्रमण लम्बे समय तक खिंचा तो उससे घरेलू अर्थव्यवस्था की हालत और पतली हो सकती है। गौर तलब है कि इस महामारी और उससे निपटने के लिए लागू सार्वजनिक पाबंदियों से कारोबार पहले से ही बुरी तरह प्रभावित हुआ है और चालू वित्त वर्ष में बड़ा आर्थिक संकुचन होने का अनुमान है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्वैमासिक बैठक के निष्कर्षों की जानकारी देते हुए कहा कि महामारी पर पहले काबू पा लिया गया तो उसका अर्थव्यस्था पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। मौद्रिक नीति समिति का अनुमान है कि ग्रामीण अर्थव्यस्था में सुधार मजबूत होगा क्यों कि खरीफ की बुवाई अच्छी चल रही है। विनिर्माण क्षेत्र की इकाइयों को दूसरी तिमाही से मांग बढ़ने की उम्मीद है। उनको लगता है कि 2021-22 की पहली तिमाही तक मांग में धीरे धीरे सुधार होगा।

दास ने कहा कि जुलाई में उपभोक्ताओं का आत्मविश्वास रिजर्व बैंक के पिछले सर्वे के समय से और भी कमाजोर हुआ है। समीक्षा में कहा गया है कि विदेशों से भी मांग अभी कमजोर बनी रहेगी। विश्व मंदी में है और विश्व-व्यापार घट रहा है। दास ने कहा, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अनुमान है कि वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) संकुचन के दौर में रहेगी। पूरे 2020-21 में वास्तविक जीडीपी के गिरने के आसार है। उन्होंने कहा कि कोविड19 जल्दी काबू में आ गया तो इससे आर्थिक संभावनाओं पर अनुकूल प्रभाव हो सकता है। इसके ज्यादा लम्बा खिंचने, मानसून सामान्य रहने का अनुमान सही न निकलने और वैश्विक वित्तीय बाजार में उठापटक बढने की स्थिति में घरेलू अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। दास ने कहा कि समिति का आकलन है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति 2020 की पहली छमाही में कमजोर बनी रही और इसमें छंटनी का रुझान रहा। उन्होंने कहा कि जुलाई में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में कोविड19 संक्रमण में नई तेजी दिखी। इससे आर्थिक हालात में मई-जून में सुधार के प्रारंभिक संकेत बाद में धीमे पड़ गए।

## आरबीआई ने स्वर्णाभूषणों के बदले कर्ज का अनुपात बढ़ाकर 90 प्रतिशत किया

**मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को गैर-कृषि कार्यों के लिए सोने के आभूषणों के बदले दिए जाने वाले कर्ज की सीमा को 75 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया। बढ़ी हुई यह सीमा 31 मार्च 2021 तक उपलब्ध होगी। आरबीआई ने विकासात्मक तथा नियामकीय नीतियों पर अपने बयान में कहा, घरों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों पर कोविड-19 महामारी के आर्थिक प्रभाव को आगे और कम करने के मकसद से गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए सोने के आभूषणों और अन्य अलंकारों को गिरवी रखकर लिए जाने वाले कर्ज के संबंध में स्वीकार्य मूल्य पर आधारित ऋण अनुपात को 75 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत करने का निर्णय किया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह छूट 31 मार्च 2021 तक मिलेगी। आरबीआई द्वारा इस बारे में विस्तृत दिशानिर्देश बृहस्पतिवार को बाद में जारी किए जाएंगे।

# ओबामा ने सीनेट उम्मीदवार सारा गिडियन का समर्थन किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मेन राज्य में सीनेट के लिए भारतीय मूल की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार सारा गिडियन का समर्थन किया है जिससे नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में सीनेट के सबसे हाई प्रोफाइल मुकाबलों में से एक के तौर पर देखा जा रहा है।

मेन राज्य असेंबली में अध्यक्ष गिडियन (48) रिपब्लिकन पार्टी की मौजूदा सांसद सुसन कोलिंस को कड़ी टक्कर दे रही हैं। डेमोक्रेट्स अमेरिकी सीनेट में बहुमत हासिल करने के लिए गिडियन पर नजर टिकाए हुए हैं। एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार गिडियन 39 के मुकाबले 44 प्रतिशत मतों से कोलिंस से आगे चल रही हैं।

गिडियन के पिता भारतीय और मां आर्मेनिया की नागरिक हैं। कई अन्य चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में भी गिडियन को कोलिंस से मामूली अंतर से आगे दिखाया गया है। कोलिंस शक्तिशाली रिपब्लिकन सीनेटरों में से एक हैं।

ओबामा ने सोमवार को एक बयान में सीनेट चुनाव के लिए गिडियन का समर्थन किया।उन्होंने देशभर के उन उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसका उन्होंने समर्थन किया है। इनमें गिडियन भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, मुझे विचारशील, सहानुभूतिपूर्ण और योग्य डेमोक्रेट्स के विविध समूह का समर्थन करने पर गर्व है। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने भी गिडियन का समर्थन किया है। गिडियन के पिता भारत से आए थे और उन्होंने रोड आइलैंड में बाल चिकित्सक के तौर पर काम किया। वहीं गिडियन का पालन-पोषण हुआ जो चार भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। बाद में वह अपने पति के साथ मेन में आ गईं।

# केनरा बैंक ने एमसीएलआर में 0.30 प्रतिशत तक कटौती की




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने गुरुवार को विभिन्न अवधि के लिए अपने कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में 0.30 प्रतिशत तक की कटौती की। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि एक दिन और एक महीने की उधारी दरों में 0.20 प्रतिशत की कमी कर इसे सात प्रतिशत कर दिया गया है।

तीन महीने की एमसीएलआर को 7.45 प्रतिशत से घटाकर 7.15 प्रतिशत कर दिया गया है। बैंक ने बताया कि छह महीने के एमसीएलआर को 7.50 प्रतिशत से घटाकर 7.40 प्रतिशत कर दिया गया है। एक साल के लिए एमसीएलआर को 7.55 प्रतिशत से कम करके 7.45 प्रतिशत कर दिया गया है। केनरा बैंक ने कहा कि संशोधित उधारी दरें सात अगस्त से लागू होंगी। एमसीएलआर में कमी से कर्जदारों का बोझ कम होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को मौद्रिक नीति की समीक्षा में ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा, लेकिन साथ ही कहा कि कोविड-19 संकट के मद्देनजर भविष्य में जरूरत पड़ी तो वह दरों में कटौती के लिए नरम रुख अपनाएगा। गवर्नर शक्तिकांत दास ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की घोषणा करते हुए कहा कि रेपो दर को चार प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।

## ग्रीन कार्ड की तय सीमा का दंड भारत के आव्रजकों को भुगतना पड़ता है

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष सीनेटर ने कहा कि देश में कानूनी स्थाई निवास के लिए जारी किए जाने वाले ग्रीन कार्ड की हर देश के लिए तय सीमा का दंड भारत के आव्रजकों को भुगतना पड़ता है और भारतीयों के लिए ग्रीन कार्ड का इंतजार 200 वर्षों तक का हो जाता है। उन्होंने इस भेदभाव को योग्यता आधारित आव्रजन प्रणाली के सिद्धांतों से असंगत बताया।

ग्रीन कार्ड अमेरिका आव्रजकों को दिया जाने वाला एक दस्तावेज है जिससे उन्हें देश में स्थाई रूप से निवास करने का अधिकार मिल जाता है। भारतीय आईटी पेशेवरों को मौजूदा आव्रजन प्रणाली से सबसे अधिक नुकसान होता है जिसके तहत हर देश को ग्रीन कार्ड जारी करने का सात प्रतिशत कोटा आवंटित किया गया है। ज्यादातर भारतीय आईटी पेशेवर उच्च कौशल वाले होते हैं और वे मुख्यत: एच-1बी कार्य वीजा पर अमेरिका आते हैं। रिपब्लिकन सीनेटर माइक ली ने बुधवार को कहा कि हो सकता है कि इसके लिए कई दशकों पहले कुछ वैध कारण हो, लेकिन अब यह ऐसी व्यवस्था बन गई है।

# दुनिया के कई देश लेबनान की मदद के लिए आगे आए

**पेरिस।** लेबनान की राजधानी बेरूत में भयानक विस्फोट के बाद जहां बचाव अभियान में जुटे कर्मी शवों की गिनती और मलबों में जिंदा लोगों की तलाश में जुटे हैं, वहीं कई देशों ने संकटग्रस्त देश की मदद के लिए हाथ बढ़या है। लेबनान पहले से ही आर्थिक संकट से गुजर रहा है और इस संकट में उसकी मुश्किल को और बढ़ा दिया है। इस विस्फोट से कम से कम 135 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों घायल हैं।

ऑस्ट्रेलिया से लेकर इंडोनेशिया और यूरोप से लेकर अमेरिका तक सहायता पहुंचाने और तलाश दल को भेजने के लिए तैयार हैं। फ्रांस और लेबनान के बीच विशेष संबंधों को प्रदर्शित करते हुए फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों बृहस्पतिवार को लेबनान का दौरा करने वाले हैं। पेरिस ने बुधवार को विशेषजों, बचाव कर्मी और जरूरी आपूर्ति की दो खेप भेजी।

वहीं, यूरोपीय संघ अपने नागरिक बचाव तंत्र का इस्तेमाल करके आपात कर्मियों और उपकरणों कों भेज रहा है। संघ के आयोग ने कहा कि उसकी योजना तत्काल वाहनों के साथ 100 दमकल कर्मियों, खोजी कुत्ते और उपकरण भेजने की है, ताकि शहरी क्षेत्र में फंसे लोगों का पता लगाया जा सके। चेक रिपब्लिक, जर्मनी, ग्रीस, पोलैंड और नीदरलैंड भी सहयोग के लिए आए हैं और कई अन्य देश में भी इस प्रयास में जुट सकते हैं। साइप्रस भी बचाव कर्मियों का दल और खोजी कुत्ते भेज रहा है। रूस ने मोबाइल अस्पताल स्थापित किए हैं और 50 आपातकर्मी और चिकित्सा कर्मियों को भेजा है। इसके अलावा रूस के तीन और विमान अगले 24 घंटे में लेबनान पहुंचने वाले हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने शुरुआत में 20 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की मदद लेबनान को देने का संकल्प लिया है, ताकि राहत कार्य में सहायता पहुंचाई जा सके। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि यह सहायता विश्व खाद्य कार्यक्रम और खाद्य, देखभाल और जरूरी सामान के लिए रेड क्रॉस को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका देश अन्य खेप पर विचार कर रहा है।

## बस परिचालकों की दिल्ली सरकार से कर में राहत की मांग

**नई दिल्ली।** कोविड-19 की मार झेल रहे दिल्ली के निजी बस परिचालकों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली की सरकार से कर आदि में राहत की मांग की है। बस परिचालकों के संगठन का कहना है कि उनके 65 से 70 प्रतिशत वाहन अब भी खड़े हुए हैं।

दिल्ली कॉन्ट्रैक्ट बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को पत्र लिखा। संगठन का दावा है कि उनके कारोबार की पूरी प्रणाली ध्वस्त होने के जोखिम काा सामना कर रही है। संगठन ने सरकार से इस साल अप्रैल से दिसंबर तक के लिए सड़क कर से राहत की मांग की है। यह संगठन अनुबंध पर स्कूलों के एवं कार्यालयों के लिए चलते वाली बसों और अखिल भारतीय पर्यटक परमिट पर चलने वाली बसों का प्रतिनिधित्व करता है। एसोसिएशन के महासचिव हरीश सब्बरवाल ने कहा, बस परिचालक भारी वित्तीय दबाव का सामना कर रहे हैं। उनके करीब 65 से 70 प्रतिशत वाहन अब भी खड़े हैं।

# कश्मीर मुद्दे पर चर्चा का पाकिस्तान का चीन समर्थित प्रस्ताव फिर विफल : टीएस तिरुमूर्ति

## यूनएससी की बंद कमरे में की गई अनौपचारिक बैठक बेनतीजा रही

**योशिता सिंह।** संयुक्त राष्ट्र



**भारत** के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की पाकिस्तान की कोशिश चीन द्वारा इस मामले पर चर्चा के लिए बुलाई गई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के बेनतीजा रहने के बाद एक बार फिर नाकाम रही।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने बताया कि सुरक्षा परिषद के कई सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर के भारत और पाकिस्तान का एक द्विपक्षीय मामला होने की बात रेखांकित की और शिमला समझौते के महत्व पर जोर दिया। तिरुमूर्ति ने कहा, संयुक्त राष्ट्र के जरिए इस मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने का पाकिस्तान का प्रयास एक बार फिर नाकाम रहा। उन्होंने ट्वीट किया, पाकिस्तान का एक और प्रयास विफल रहा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएसी) की बंद कमरे में की गई, अनौपचारिक बैठक बेनतीजा रही। लगभग सभी देशों ने जम्मू-कश्मीर के एक द्विपक्षीय मामला होने और इसके परिषद का समय एवं ध्यान देने लायक ना होने की बात को रेखांकित किया। पाकिस्तान के करीबी सहयोगी चीन ने एनी अदर बिजनेस के तहत बुधवार को जम्मू-कश्मीर मामले पर चर्चा के लिए सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई थी। भारतीय सरकार के जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त करने के एक साल पूरा होने के दिन यह बैठक बुलाई गई। सूत्रों ने बताया कि अमेरिका ने यह बात उठाई और परिषद के कई सदस्यों ने इसका समर्थन करते हुए स्पष्ट किया कि कश्मीर मुद्दा संयुक्त राष्ट्र निकाय में चर्चा के लिए नहीं है और यह भारत तथा पाकिस्तान का द्विपक्षीय मामला है। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेने और उसके दो केन्द्र शासित प्रदेशों में बांटने के भारत सरकार के फैसले के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समर्थन हासिल करने की कई नाकाम कोशिश कर चुका है।

उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले साल पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो केन्द्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित करने की घोषणा की थी। भारत ने जम्मू कश्मीर के 2019 में किए गए पुनर्गठन को अवैध एवं अमान्य बताने को लेकर बुधवार को चीन की आलोचना करते हुए कहा कि इस विषय पर बीजिंग का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है और उसे दूसरे देशों के अंदरूनी मामलों में टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। चीन, जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन के विरोध में रहा है और उसने लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने को लेकर नई दिल्ली की आलोचना की है। चीन लद्दाख के कई हिस्सों पर दावा करता है।

# अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप व्यवहार नहीं कर रहा चीन : एस्पर

**ललित के झा।** वाशिंगटन

## कोविड-19 के दौरान चीन और अधिक आक्रामक बन गया एलएसी पर तैनात की सेना

**अमेरिका** के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने कहा कि दुनिया ने देखा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान चीन और अधिक आक्रामक बन गया। उन्होंने कहा कि चीन ने भारत के साथ लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों को तैनात किया है और वह जिस तरीके से व्यवहार कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप नहीं है।

एस्पर ने कहा कि बीजिंग कोरोना वायरस त्रासदी का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने बुधवार को कहा, कोविड-19 संकट के दौरान पिछले सात महीनों में हमने देखा कि चीन और अधिक आक्रामक हो गया है। एस्पर ने कहा कि चीन अपने फायदे के लिए इस त्रासदी का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, चीन ने सच में बढ़-चढ़कर डींगें मारी है और हमने उन्हें दक्षिण चीन सागर में लगातार बलप्रयोग करते हुए देखा है। बीजिंग दक्षिण चीन सागर के करीब 13 लाख वर्ग मील के हिस्से पर अपना दावा जताता है। चीन क्षेत्र में कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य अड्डे बना रहा है। इस क्षेत्र पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलीपीन, ताइवान और वियतनाम भी अपना दावा जताते हैं। एक सवाल के जवाब में एस्पर ने कहा कि चीन ने कुछ महीनों पहले वियतनाम की मछली पकड़ने की एक नौका को डुबो दिया था। उन्होंने कहा, उन्होंने भारत में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों को तैनात कर दिया।

हमने उन्हें अंतरराष्ट्रीय नियमों के असंगत व्यवहार करते हुए देखा और हमारे कई सहयोगी एवं साझेदार अच्छी तरह से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रहे गतिरोध के बीच उन्होंने यह टिप्पणी की है।

# संक्षिप्त समाचार

## सूडान में बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित : संयुक्त राष्ट्र

**काहिरा।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि मूसलाधार बारिश ने सूडान में भारी तबाही मचाई है जिससे 50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्य समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने बुधवार देर रात कहा कि सूडान के 18 प्रांतों में से 14 प्रांत पिछले कई दिनों में भारी बाढ़-बारिश का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर दारफुर, व्हाइट नील, सेन्नार और कासला प्रांत तूफान और बाढ़ की से प्रभावित हैं। यूएनओसीएचए ने कहा, सूडान मौसम विज्ञान प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि देश के अधिकांश हिस्सों में अगस्त और सितंबर के दौरान अधिक भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे आगे और बाढ़ आ सकती है। पिछले हफ्ते भारी बारिश के कारण ब्लू नील प्रांत में बाउट बांध के गिरने से ।,200 घर बर्बाद हो गए और देश भर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। सूडान सरकार और मानवीय एजेंसियां स्थिति की निगरानी कर रही हैं और प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पिछले साल जुलाई और अगस्त के बीच सूडान के 16 प्रांतों में बाढ़ ने कुल 78 लोगों की जान ले ली।

## कच्चा तेल वायदा में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों और सुस्त हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों को कम किया जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चा तेल 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,152 रुपए प्रति बैरल रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चा तेल अगस्त माह डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 9 रुपए अथवा 0.28 प्रतिशत की हानि के साथ 3,152 रुपए प्रति बैरल रह गई जिसमें 3,688 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वहीं, कच्चा तेल सितंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 15 रुपए अथवा 0.47 प्रतिशत की हानि के साथ 3,181 रुपए प्रति बैरल रह गई जिसमें 100 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल की कीमत 0.90 प्रतिशत घटकर 41.81 डॉलर प्रति बैरल रह गई, जबकि ब्रेंट क्रूड की कीमत 0.27 प्रतिशत गिरकर 45.059 डॉलर प्रति बैरल रह गई।

## एसएसीटी ने अमोनियम सल्फेट का रिकॉर्ड उत्पादन किया

**नई दिल्ली।** उर्वरक मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी) ने जुलाई में 24,016 टन अमोनियम सल्फेट का उत्पादन किया, जो पिछले किसी भी महीने से अधिक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की इस कंपनी ने जनवरी 2020 के 23,811 टन के अपने पिछले रिकॉर्ड को पार कर लिया है। कंपनी दो उर्वरक उत्पादों- फैक्टामफोस और अमोनियम सल्फेट का उत्पादन करती है और मुख्य रूप से दक्षिण भारतीय बाजार में इनकी आपूर्ति करती है।

## धोखाधड़ी की साजिश में शामिल रहने पर भारतीय को जेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने एक भारतीय नागरिक को 200 लोगों के साथ कम से कम 1,50,000 डॉलर की धोखाधड़ी में शामिल रहने के जुर्म में एक साल से अधिक समय तक जेल की सजा सुनाई है। अदालत के दस्तावेज के अनुसार, 29 वर्षीय अनिकखान यूसुफ खान पठान ने भारत में रहने वाले कुछ लोगों के साथ मिलकर अमेरिका में रहने वाले 200 लोगों के साथ धोखाधड़ी करने की साजिश रची। पठान अमेरिका में छात्र वीजा पर रह रहा है। पूर्वी वर्जीनिया जिले के अटॉर्नी ने बुधवार को कहा, पठान ने एक ऐसी धोखाधड़ी में भूमिका निभाई, जिससे 200 मेहनती अमेरिकी लोगों के साथ ठगी हुई। साजिश रचने वालों ने उन लोगों को निशाना बनाया था, जिन्होंने हाल ही में बैक ऋण के लिए आवेदन दिया था।

## चांदी वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों और मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 2,015 रुपए की तेजी के साथ 73,908 रुपए प्रति किग्रा हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के सितंबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 2,015 रुपए अथवा 2.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,908 रुपए प्रति किग्रा हो गई जिसमें 14,765 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि चांदी वायदा कीमतों में तेजी आने का मुख्य कारण सकारात्मक घरेलू बाजार के रुख के कारण कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली थी। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में, चांदी की कीमत 2.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 27.70 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## टाटा मोटर्स की नेक्सॉन ईवी ली जा सकेगी मासिक किराए पर

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स अपने एसयूवी मॉडल नेक्सॉन के इलेक्ट्रिक संस्करण को ग्राहकों को 41,900 रुपए के तय मासिक किराए पर उपलब्ध कराएगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसके सब्सक्रिप्शन मॉडल की पेशकश की। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन तक लोगों की अधिक पहुंच बनाने और भविष्य के प्रति जागरुक ग्राहकों तक कंपनी का आधार बनाने के लिए उसने यह योजना पेश की है। बयान के मुताबिक ग्राहक न्यूनतम 18 महीने की किराया योजना से लेकर 24 और 36 माह के विकल्प में से कोई भी चुन सकते हैं। इस तरह 18 माहे लिए किराए पर गाड़ी लेने वाले ग्राहक को 47,900 रुपए का मासिक किराया देना होगा, जबकि 24 माह की अवधि में 44,900 रुपए और 36 माह के लिए 41,100 रुपए मासिक किराया देना होगा। टाटा मोटर्स ने इस कार को किराए पर उपलब्ध कराने के लिए ऑरिक्स ऑटो इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेस के साथ समझौता किया है। शुरुआत में यह योजना दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे, हैदराबाद और बेंगलुरू में उपलब्ध होगी। टाटा मोटर्स के यात्री वाहन कारोबार इकाई के अध्यक्ष शैलेश चंद्र ने कहा, ई-वाहन भविष्य हैं। इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अगुवा होने के नाते कंपनी देश में अपने उत्पादों की पहुंच और उन्हें लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एचपीसीएल का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक हुआ

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 2,252.65 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 877.48 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी बिक्री घटी है, लेकिन इसके बावजूद उसका मुनाफा बढ़ा है। तिमाही के दौरान कंपनी की बिक्री घटकर 45,945.48 करोड़ रुपए रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 74,595.64 करोड़ रुपए थी। तिमाही के दौरान एचपीसीएल को प्रत्एक बैरल कच्चे तेल को ईंधन में बदलने पर 0.04 डॉलर प्राप्त हुए। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का सकल रिफाइनिंग मार्जिन 0.75 डॉलर प्रति बैरल था। एचपीसीएल ने कहा, वैश्विक स्तर पर फैली कोविड-19 महामारी की वजह की उंची आर्थिक और मानवीय लागत बैठी है। इससे आर्थिक गतिविधियां धीमी हुई हैं। इससे अप्रैल और मई, 2020 में कंपनी की बिक्री में उल्लेखनीय गिरावट आई। हालांकि, जून में इसमें काफी सुधार हुआ।

## पेटीएम के ऋण कारोबार के सीईओ बनाए गए भावेश गुप्ता



**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रोद्योगिकी एवं सेवा कंपनी पेटीएम ने भावेश गुप्ता को अपने ऋण कारोबार का मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि गुप्ता पेटीएम के अध्यक्ष अमित नायर के प्रति जवाबदेह होंगे। पेटीएम ने कहा कि गुप्ता के नेतृत्व में कंपनी भारत के लोगों और यहां की सूक्ष्म एवं मझोली इकाइयों के लिए नए नए वित्तीय उत्पाद व सुविधाएं प्रस्तुत करने के लिए नवप्रवर्तन व सरलीकरण का काम जारी रखेगी। गुप्ता हाल में क्लिक्स कैपिटल के संस्थापक सदस्य और सीईओ के तौर पर काम कर चुके हैं। क्लिक्स कैपिटल पहले जीई कैपिटल इंडिया के नाम से जानी जाती थी। वह आईडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक से भी जुड़ रहे हैं।

# श्रीराम की कुलदेवी के मंदिर में उमड़ेंगे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

**कार्तिक पूर्णिमा, बसंत, शारदीय नवरात्र और रामनवमी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते**

**राजा रघु ने सपने में मिले देवी के यज्ञ करवाने के निर्देश पर उनको मिली थी युद्ध में विजय**



**अयोध्या (उप्र)।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की आधार शिला रखे जाने के बाद भगवान राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली के यहां स्थित मंदिर में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। देवकाली मंदिर के मंहत को उम्मीद है कि राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी देवकाली मंदिर की महत्ता की भी जानकारी मिलेगी।

ऐसी मान्यता है कि बड़ी देवकाली भगवान राम की कुलदेवी थी। यह तीन देवियों महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती का संगम है। मंदिर के महंत सुनील पाठक ने कहा, बड़ी देवकाली के मंदिर को लेकर इस इलाके में काफी श्रद्धा है। बड़ी देवकाली भगवान राम की कुलदेवी हैं। उन्होंने पीटीआई भाषा से कहा, मैं एक अयोध्यावासी होने के नाते बहुत प्रसन्न हूं कि भगवान राम को उनका जन्म स्थान मिल गया। भगवान राम भारत की आत्मा हैं। मेरा मानना है कि जब राम मंदिर के दर्शन करने श्रद्धालु अयोध्या आएंगे, तो वे बड़ी देवकाली मंदिर के दर्शन करने भी जरूर आएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि श्रद्धालुओं को जब इस मंदिर का भगवान राम के परिवार के संबंध होने के बारे में जानकारी मिलेगी, तो वे बड़ी संख्या में यहां भी आएंगे।

पाठक ने मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, भगवान राम के पूर्वज राजा रघु को सपने में देवी के दर्शन हुए थे। देवी ने उन्हें यज्ञ करवाने का निर्देश देते हुए कहा था कि युद्ध में उनकी विजय होगी। राजा रघु ने देवी के आदेश का पालन करते हुए यज्ञ करवाया और वह युद्ध में विजयी हुए, जिसके बाद उन्होंने यहां बड़ी देवकाली की मूर्ति स्थापित कराई। पाठक ने बड़ी देवकाली की महत्ता को बताते हुए कहा, भगवान राम के जन्म के बाद उनकी माता कौशल्या पूरे परिवार के साथ मंदिर आई थीं। उसके बाद ऐसी परंपरा बन गई है कि जब किसी के घर में बच्चे का जन्म होता है, तो उस परिवार के सदस्य पहले मंदिर आकर देवी के दर्शन करते हैं। बहुत से लोग कोई नया काम शुरू करने से पहले भी मंदिर में देवी के दर्शन करने आते हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु बहुत दूर-दराज के इलाकों से अपनी समस्याएं एवं मन्नतें लेकर देवी के मंदिर में आते हैं और जब उनकी समस्याएं दूर हो जाती है एवं मन्नतें पूरी हो जाती है, तो वे देवी को धन्यवाद कहने आते हैं। पाठक ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा, बसंत, शारदीय नवरात्र और रामनवमी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं।

## कश्मीर में महबूबा और नजरबंद अन्य रिहा हों : चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के विशेष प्रावधान हटाए जाने का एक साल पूरा होने के मौके पर बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और नजरबंद किए गए अन्य लोगों की रिहाई की मांग के लिए सामूहिक आवाज उठनी चाहिए।

गौरतलब है कि पिछले साल पांच अगस्त को सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधान हटा दिए थे। पूर्व मुख्यमंत्रियों फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और मुख्यधारा के कई अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया गया था। अब फारूक और उमर रिहा हो चुके हैं।

# चीन के पाक को दिए सुरक्षा परिषद में समर्थन को नकारा

**भारत ने कहा, वह देश के आंतरिक मामलों में चीन के हस्तक्षेप को दृढ़ता से करता है खारिज**

**चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर मुद्दे पर चर्चा कराने के पाक के प्रयास का किया समर्थन**



**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर मामला उठाने की एक और कोशिश करने पर चीन पर बृहस्पतिवार को निशाना साधते हुए कहा कि चीन को ऐसे निष्फल कोशिशों से उचित सीख लेनी चाहिए। भारत ने कहा कि वह देश के आंतरिक मामलों में चीन के हस्तक्षेप को दृढ़ता से खारिज करता है।

चीन ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर मुद्दे पर चर्चा कराने के पाकिस्तान के प्रयास का समर्थन किया। यह प्रयास भारत द्वारा जम्मू कश्मीर के पुनर्गठन की पहली वर्षगांठ के दिन ही किया गया था। हालांकि यह प्रयास सफल नहीं रहा। विदेश मंत्रालय ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह चीन द्वारा भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को दृढ़ता से खारिज करता है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा हमने गौर किया है कि चीन ने भारत के केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से जुड़े मामलों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चर्चा शुरू की। इसमें कहा गया है, यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने ऐसे विषय को उठाने की कोशिश की है, जो पूरी तरह से भारत का आंतरिक मामला है। पहले की तरह इस बार भी इस कोशिश को अंतरराष्ट्रीय समुदाय का खास समर्थन नहीं मिला। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम हमारे आंतरिक मामलों में चीन के हस्तक्षेप को दृढ़ता से खारिज करते हैं। उससे इस प्रकार की निष्फल कोशिशों से उचित सीख लेने का आग्रह करते हैं।

चीन द्वारा कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने का ताजा प्रयास ऐसे समय में किया गया है जब पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच सीमा मुद्दे को लेकर कटु विवाद जारी है। पिछले वर्ष 5 अगस्त को भारत ने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने और उसे दो केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित किया था।

चीन जम्मू कश्मीर के पुनर्गठन के भारत के फैसले की आलोचना करता रहा है, खास तौर पर लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का। चीन, लद्दाख के कुछ इलाके पर दावा जताता है। भारत के इस निर्णय के बाद ही चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर मुद्दे को उठाने का कई बार प्रयास किया, लेकिन इसे सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों ने खारिज कर दिया।

# माल्या की पुनर्विचार याचिका 20 को सुनेगा उच्चतम न्यायालय

**न्यायमूर्ति यूयू ललित और अशोक भूषण की पीठ ने वीडियो कांफ्रेंस से अवमानना के मामले पर सुनवाई कर दिया रजिस्ट्री को आदेश**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कारोबारी विजय माल्या की याचिका पर 20 अगस्त को सुनवाई करेगा। माल्या ने चार करोड़ डॉलर अपने बच्चों के खातों में स्थानांतरित करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराने वाले न्यायालय के 2017 के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

न्यायमूर्ति यूयू ललित और न्यायमूर्ति अशोक भूषण की पीठ ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इस मामले पर सुनवाई की। उन्होंने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी क्योंकि एक दस्तावेज रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं था। शीर्ष अदालत ने जून में अपनी रजिस्ट्री को यह बताने का निर्देश दिया था कि माल्या की पुनर्विचार याचिका पिछले तीन साल से संबंधित न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध क्यों नहीं की गई। न्यायालय की रजिस्ट्री को उन अधिकारियों के नामों समेत सभी जानकारियां देने का निर्देश दिया गया था जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में पुनर्विचार याचिका से संबंधित फाइल संभाली।

भगोड़े कारोबारी माल्या ने याचिका दायर कर उच्च्तम न्यायालय के नौ मई 2017 के उस आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग की थी। जिसमें उसे आदेश का उल्लंघन कर अपने बच्चों के खातों में चार करोड़ डॉलर स्थानांतरित के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया था। बैंक का 9,000 करोड़ रुपये का कर्ज नहीं चुकाने का आरोपी माल्या अभी ब्रिटेन में रह रहा है। न्यायालय ने 2017 का आदेश भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह की याचिका पर दिया था। इसमें कहा गया था कि माल्या ने ब्रिटिश कंपनी डिएगो से मिले चार करोड़ डॉलर अपने बच्चों को कथित तौर पर दिए जो विभिन्न न्यायिक आदेशों का घोर उल्लंघन है।

# पालघर घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने जांच की स्थिति रिपोर्ट तलब की

**न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति सुभाष रेड्डी की पीठ ने राज्य सरकार से कहा, निचली अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र को पेश करे**



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार से बृहस्पतिवार को कहा कि वह पालघर जिले में अप्रैल में दो साधुओं समेत तीन व्यक्तियों की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच और इस संबंध में की गई कार्रवाई की स्थिति से उसे अवगत कराए।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति सुभाष रेड्डी की पीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह संबंधित निचली अदालत के समक्ष दायर किए गए आरोप पत्र को उसके सामने पेश करे। उसने कहा कि वह अंतिम रिपोर्ट की समीक्षा करना चाहेगी। केंद्र की ओर से पेश महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मामले में दायर किए गए आरोप पत्र 10,000 से भी अधिक पृष्ठों में है। इस घटना में तीन लोग मारे गए थे। यह घटना राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के दौरान 16 अप्रैल की रात की है, जब तीनों व्यक्ति मुंबई के कांदीवली से गुजरात के सूरत में एक अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे। तभी भीड़ ने गढ़ चिंचले गांव के निकट उनकी कार को रोका एवं पुलिस की मौजूदगी में उन पर हमला किया और उन्हें मार डाला था।

## अभिनेता समीर ने की आत्महत्या



**मुम्बई।** टेलीविजन अभिनेता समीर शर्मा ने उपनगर मलाड स्थित अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शर्मा का शव मलाड (पश्चिम) में चिंचोली बंदर इलाके में नेहा बिल्डिंग में अपने फ्लैट की रसोई में छत के पंखे से बुधवार रात लटका मिला। शर्मा क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कहानी घर घर की और ये रिश्ते हैं प्यार के जैसे कई धारावाहिकों में काम कर चुके हैं।

मलाड पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जॉर्ज फर्नांडीस ने बताया कि मौके से कोई पत्र (सुसाइड नोट) बरामद नहीं हुआ है। संदेह है कि उन्होंने दो दिन पहले आत्महत्या की थी। उन्होंने बताया कि चौकीदार के रसोई की खिड़की से झांक कर देखने पर उसे अभिनेता का शव नजर आया और उसने फिर सोसायटी के बाकी लोगों को इसकी जानकारी दी।

अन्य एक अधिकारी ने बताया कि सोसायटी के लोगों ने पुलिस को बुलाया, जो मौके पर पहुंच कर शर्मा को अस्पताल ले गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शर्मा फरवरी से किराए के फ्लैट में अकेले रह रहे थे। पुलिस उनके परिवार से सम्पर्क करने की कोशिश कर रही है। फर्नांडिस ने कहा, हमें मौके से कोई पत्र बरामद नहीं हुआ है। यह आत्महत्या प्रतीत होती है। ऐसा संदेह है कि उन्होंने दो दिन पहले आत्महत्या की थी। हमने शव को पोस्टमार्टेम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अधार पर एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली गई है। मुम्बई में इन दिनों बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत (34) की मौत का मामला काफी चर्चा में है। वह उपनगर बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में 14 जून को मृत मिले थे।

## गोवा में सुरंग की दीवार का एक हिस्सा ढहा, ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित

**पणजी।** गोवा के परनेम में भारी बारिश के कारण एक सुरंग की दीवार का एक हिस्सा ढह गया जिसके बाद कोंकण रेलवे मार्ग पर कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। कोंकण रेलवे कोरपोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) के प्रवक्ता बब्बन घाटगे ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और मरम्मत का काम चल रहा है। केआरसीएल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उत्तर गोवा जिले के परनेम में बुधवार देर रात करीब दो बज कर 50 मिनट पर एक सुरंग के भीतर दीवार का पांच मीटर का हिस्सा ढह गया। अगले नोटिस तक इस सेक्शन पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। घाटगे ने बताया कि इस सेक्शन पर चल रही ट्रेनों का मार्ग पड़ोसी कर्नाटक राज्य के लोंदा से होकर परिवर्तित कर दिया गया है। किसी भी ट्रेन को रद्द नहीं किया गया है। जिन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

# राम मंदिर भूमि पूजन: कांग्रेसी सांसद ने कमलनाथ को थामा तो प्रियंका को सराहा

**सोनिया को भूमिपूजन को लेकर पत्र लिखकर कमलनाथ और दिग्विजय की प्रतिक्रिया पर कांग्रेस सांसद ने जताई आपत्ति**

**त्रिशूर से सांसद ने कहा, कांग्रेस महासचिव वाड्रा का राम मंदिर को लेकर अपनाया रुख है स्वीकार्य**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सदस्य टीएन प्रतापन ने राम मंदिर निर्माण के लिए हुए भूमिपूजन के संदर्भ में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रया पर आपत्ति जताते हुए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा है कि कांग्रेस अति धार्मिक राष्ट्रवाद के पीछे नहीं भाग सकती।

केरल के त्रिशूर से सांसद ने यह भी कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा राम मंदिर को लेकर जो रुख अपनाया गया है वो स्वीकार्य है, क्योंकि उन्होंने एकता की बात की। गौरतलब है कि कमलनाथ ने राम मंदिर के लिए भूमि पूजन का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने राम मंदिर का ताला खुलवाया था। बहुत समय से हर भारतवासी की आकांक्षा थी कि राम मंदिर का निर्माण हो।

कमलनाथ ने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के मुख्यद्वार पर भगवान श्रीराम की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव की शुरुआत की और आरती कर भगवान राम का पूजन भी किया। दिग्विजय सिंह ने भी राम मंदिर निर्माण के आरंभ का स्वागत किया, हालांकि उन्होंने भूमि पूजन के मुहुर्त को लेकर सवाल खड़े किए।

प्रतापन ने सोनिया को लिखे पत्र के बारे में पूछे जाने पर पीटीआई-भाषा से कहा, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रिया बहुत खराब थी। कांग्रेस का रुख भाजपा के हिंदुत्व के रुख का समर्थन करना नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा नाम प्रतापन है, मैं भी हिंदू हूं। मैं भगवान की आराधना करता हूं।

मैं अक्सर भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर जाता हूं और उनका आशीर्वाद लेता हूं, लेकिन हम उस हिंदुत्व का समर्थन नहीं कर सकते जो भाजपा और आरएसएस का है। प्रतापन ने पत्र में कहा, हम अति धार्मिक राष्ट्रवाद के पीछे इसके नरम स्वरूप के साथ भाग नहीं सकते। हमें इस हालात का अहसास करना चाहिए और तत्काल विकल्प को स्वीकार करना चाहिए। यह एकता, सौहार्द और सहिष्णुता की राजनीति की विरासत पर आधारित होना चाहिए।

# संक्षिप्त समाचार

### नए जोश के साथ विकास मार्ग पर बढ़ेगा कश्मीर: राम माधव

**नई दिल्ली।** भाजपा महासचिव राम माधव ने बृहस्पतिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा की जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल के रूप में नियुक्ति का स्वागत किया। कहा कि केंद्र शासित प्रदेश नए जोश के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने ट्वीट कर कहा, एक विनम्र, विद्वान और अनुभवी नेता, जिसके पास मंत्री के रूप में ढेर सारा प्रशासनिक अनुभव है, वह जम्मू एवं कश्मीर का प्रशासनिक मुखिया होगा। जम्मू-कश्मीर नए जोश के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ उत्तर पूर्व के राज्यों के मामलों में माधव को भाजपा के प्रमुख रणनीतिकारों में शुमार किया जाता है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के पद से गिरीश चंद्र मुर्मू के इस्तीफे के बाद सिन्हा की इस पद पर नियुक्ति हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में वे रेल राज्य मंत्री रहे और बाद में उन्हें संचार मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार भी सौंपा गया था।

### कोविड-19 की अवैध ऑनलाइन प्रयोगशालाओं पर हो कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी सरकार को अवैध रूप से संचालित और कोविड-19 जांच के लिए नमूने एकत्रित कर रहे ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने इन कथित अवैध ऑनलाइन सेवा प्रदाताओं के कोविड-19 जांच नमूने एकत्रित करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। यह याचिका एक चिकित्सक ने दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ये संस्थाएं खुद को चिकित्सा जांच प्रयोगशालाएं बताकर धोखाधड़ी कर रही हैं। अदालत ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त स्थाई वकील संजय घोष और अधिवक्ता उर्वी मोहन को इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता-चिकित्सक रोहित जैन ने वकील शशांक देव सुधी के माध्यम से दायर अपनी याचिका में कहा था कि ये स्वास्थ्य सेवा संस्थाएं आम लोगों के जीवन और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

### पहली पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने सुषमा को किया याद

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की पहली पुण्यतिथि पर बृहस्पतिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कई केंद्रीय मंत्रियों ने उन्हें याद किया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट कर कहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सरलता व सौम्यता की प्रतिमूर्ति, मृदुभाषी एवं प्रखर वक्ता, पद्म विभूषण श्रीमती सुषमा स्वराजजी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन्हें अपनी प्रेरणा बताया। कहा अब, पहले से कहीं ज्यादा उनकी याद आती है। सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ट्वीट किया, देश की पूर्व विदेश मंत्री व एक ओजस्वी वक्ता सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उन्हें सबसे ऊंचे कद की भारतीय महिला नेताओं में से एक बताया। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने एक ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी नेता और इन सबसे अधिक एक करूणामई इंसान के रूप में याद किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा, भारतीय राजनीति पर अमिट छाप छोड़ी है।

### तेलंगाना में रोजाना कोविड-19 की होंगी 40,000 जांचें

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने रोजाना कोविड-19 की 40,000 जांच करने का निर्णय लिया है। साथ ही पूरे राज्य में आक्सीजन की सुविधा के साथ 10,000 बिस्तर तैयार रखने का फैसला लिया है। बुधवार रात मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव नीत मंत्रिमंडल की बैठक में संक्रमण के प्रसार और संक्रमितों के उपचार समेत सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने पर चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को रोजाना 40,000 जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रिमंडल ने कहा है कि जो संक्रमित पाए जाएंगे, उन्हें घर में पृथक-वास में रखा जाएगा और इसके लिए उन्हें किट मुहैया कराई जाएगी। इस उद्देश्य के लिए करीब 10 लाख किट तैयार रखने का निर्णय लिया गया है। तेलंगाना के स्वास्थ मंत्री राजेंद्र और मुख्य सचिव सोमेश कुमार गुरुवार को जिलाधिकारियों से वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए बात कर उनकी जरूरतों का जायजा लेंगे और इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### आईएमए ने घरों में पृथकवास का एसओपी प्रस्ताव भेजा

**पणजी।** भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने घर में पृथक-वास में रहने वाले रोगियों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए अमल में लाई जाने वाली विशेष संचालन प्रक्रियाओं से संबंधित प्रस्ताव गोवा सरकार को सौंपा है। आईएमए गोवा के प्रमुख डॉक्टर एस सैमुएल ने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार से इस प्रकार के रोगियों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए आईएमए के सदस्य निजी डॉक्टरों की सेवाएं लेने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव में कहा गया है, वे आईएमए चिकित्सक रोगी की देखभाल के लिए हर समय फोन पर उपलब्ध रहेंगे और आपात स्थिति में उनसे जुड़ी चिकित्सा जानकारियां संबंधित चिकित्साा स्वास्थ्य अधिकारी को देंगे, ताकि आगे की कार्वाई की जा सके। इसमें रोगी को नजदीकी कोविड-19 देखभाल केंद्र ले जाना भी शामिल है।

### मैन्ग्रोव की बर्बादी के लिए मुम्बई की बाढ़ जिम्मेदार: विशेषज्ञ

**मुम्बई।** पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि अनियोजित निर्माण और मैन्ग्रोव की बर्बादी मुम्बई में हर साल बाढ़ के लिए जिम्मेदार है। तटीय सदाबहार वनस्पति को मैन्ग्रोव कहा जाता है। शहर के पर्यावरणविद देबी गोयनका ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मैन्ग्रोव काफी पानी सोख लेते हैं लेकिन मुम्बई में बुनियादी ढांचे के विकास की आड़ में उन्हें नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सड़क, ट्रांसमिशन लाइन, माल ढुलाई गलियारा बनाने के लिए मैन्ग्रोव द्वारा मुफ्त में मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक अवसंरचना को बर्बाद किया जा रहा है। गोयनका ने कहा, हमें जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और समुद्र के स्तर में वृद्धि के इस युग में हमारी प्राथमिकताओं की गंभीरता से समीक्षा करने की आवश्यकता है। इसी तरह की चिंता मैन्ग्रोव सोसाइटी ऑफ इंडिया (एमएसआई) जैसी एजेंसियों ने भी व्यक्त की। उसने अपनी 2019 की रिपोर्ट में कहा था कि महाराष्ट्र तट रेखा पर मैन्ग्रोव के बर्बाद होने के 75 मामले सामने आए हैं।

### वैन-बाइक की भिड़ंत में पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौत

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में बृहस्पतिवार सुबह तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वैन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई भिड़ंत में पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह बिसौली कोतवाली क्षेत्र के तहत आने वाले रानेट चौराहे के पास तीव्र गति से आ रही एक पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार शमशेर (45), उसकी बेटी फातिमा (20) और एक अन्य रिश्तेदार अलाउद्दीन उर्फ भूरे (55) की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। दुर्घटना के बाद वैन चालक फरार हो गया।

### स्थानीयों को नौकरीदाता कंपनियों को प्रोत्साहन देगा तेलंगाना

**हैदराबाद।** तेलंगाना मंत्रिमंडल ने एक नई नीति को मंजूरी दी है। जिसके तहत राज्य में स्थित उद्योगों में अधिकांश नौकरियां स्थानीय लोगों को दी जाए और स्थानीय युवकों को नौकरियां देने वाली कंपनियों को अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। अतिरिक्त प्रोत्साहन देने के लिए कंपनियों को दो श्रेणियों में परिभाषित किया जाएगा। बुधवार रात को जारी बयान के अनुसार पहली श्रेणी में 70 प्रतिशत अर्द्ध कुशल और 50 प्रतिशत कुशल श्रम बल स्थानीय होना चाहिए जबकि दूसरी श्रेणी में 80 प्रतिशत अर्द्ध कुशल और 60 प्रतिशत कुशल श्रमबल स्थानीय होना चाहिए। कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों को प्रौद्योगिकी शिक्षा संस्थान जैसे कि आईआईटी और पॉलीटेक्निक से जोड़ा जाएगा।

### पटनायक ने अहमदाबाद अस्पताल घटना पर दुख जताया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बृहस्पतिवार को अहमदाबाद के एक अस्पताल में आग से हुई मौतों पर दुख जताया। पटनायक ने ट्वीट किया, अहमदबाद के एक कोविड अस्पताल में आगजनी की घटना में लोगों की मौत से शोकाकुल हूं। ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

# होटल, जिम खोलने के लिए एलजी से गुहार

## दिल्ली सरकार ने दोबारा भेजा प्रस्ताव, अनिल बैजल पलट चुके हैं अरविंद केजरीवाल का फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अनलॉक-3 में होटल, जिम और साप्ताहिक बाजारों को खोलने की अनुमति देने के लिए दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल अनिल बैजल को फिर से प्रस्ताव भेजा है।

केजरीवाल सरकार के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने भेजे गए प्रस्तावों में कहा है कि राजधानी में अब लगातार कोरोना के मामले कम हो रहे हैं। हालात लगातार सुधर रहे हैं। केंद्र सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार दिल्ली सरकार को फैसले लेने का हक है। कैलाश गहलोत ने कहा कि कई राज्यों में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन वहां होटल, जिम और साप्ताहिक बाजार खुल रहे हैं। दिल्ली के लोगों को क्यों उनकी आजीविका कमाने से रोका जा रहा है। कोरोना की स्थिति में सुधार और दिल्ली वालों की



भावनाओं को देखते हुए होटल, जिम व साप्ताहिक बाजार खोल देना चाहिए। सरकार ने एलजी से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है।

गहलोत ने उपराज्यपाल को भेजे प्रस्ताव में कहा है कि उपराज्यपाल दिल्ली में कोरोना से हालात से वाकिफ हैं। अब आर्थिक गतिविधियां खोलने की जरूरत है। लॉकडाउन के चलते लोग पिछले चार महीने से परेशान हैं।

वहीं यह प्रतिबंध हटने से वे अपनी नौकरी और कारोबार फिर से शुरू कर सकते हैं। गहलोत ने लिखा है कि देशभर में होटल और साप्ताहिक बाजार खुल गए हैं। कोविड-19 मामलों में अचानक वृद्धि का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश, कर्नाटक आदि राज्यों ने भी होटल और साप्ताहिक बाजार खुले रखे हैं। दिल्ली को छोड़कर पूरे देश में होटल और साप्ताहिक बाजार खुले हैं।

केंद्र सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें बाजार और होटल खोलने की अनुमति दी गई है। दूसरी ओर, केंद्र सरकार उन्हें दिल्ली में खोलने की अनुमति नहीं दे रही है। राजस्व मंत्री के अनुसार होटल राज्य के सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार में 8 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

साप्ताहिक बाजार 5 लाख गरीब परिवारों को रोजगार मुहैया कराते हैं।

### चौबीस घंटे में कोरोना के 1,299 नए केस

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में एक बार फिर कोरोना वायरस के संक्रमण में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। गत 24 घंटे में 1299 नए केस सामने आए हैं। बुधवार को 1076, मंगलवार को 674 और सोमवार को 805 नए मामले आए थे। गुरवार को एक दिन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 15 है। राहत की बात यह है कि मरने वालों की संख्या में लगातार कमी हो रही है। इसी बीच कोरोना से पीड़ित 1008 मरीज ठीक हुए हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग बुलेटिन के अनुसार विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 10,348 हो गई। गत 23 जून को राष्ट्रीय राजधानी में एक दिन में सबसे अधिक 3,947 नए मामले सामने आए थे।

# दरिंदगी की शिकार बच्ची से मिले सीएम

### आरोपियों को हर हाल में सजा दिलाने का किया वादा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिम विहार इलाके में गत मंलवार को 12 साल की बच्ची से हैवानियत और हत्या की कोशिश के बाद घायल बच्ची का हाल जानने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एम्स पहुंचे। उन्होंने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की और डॉक्टरों से उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

केजरीवाल ने कहा कि बच्ची के साथ बहुत ही दरिंदगी की गई है। उसकी हालत बहुत ज्यादा गंभीर है। डॉक्टर बच्ची की जान बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस दोषियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। सरकार उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलवाएगी। सीएम ने बच्ची के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। वहीं दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी में कथित देरी को लेकर पुलिस पर सवाल उठाए हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मासूम बच्ची के साथ बहुत ही हैवानियत के साथ दुष्कर्म किया गया है। इसकी वजह से उसकी हालत बहुत ज्यादा गंभीर है।

बच्ची को अंदर तक चोटें आई है। जिसका जिक्र करना भी बहुत मुश्किल है। वह बेहोशी की हालत में है। डॉक्टर ने बताया कि मंगलवार को जब वह अस्पताल आई थी, तब उसकी बहुत ज्यादा गंभीर हालत थी। उसकी सर्जरी की गई है। डॉक्टर उनकी जान बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अगले 48 घंटे उसके लिए महत्वपूर्ण है। उम्मीद करते हैं कि बच्ची सही सलामत ठीक होकर अपने घर जाए।

केजरीवाल ने यह भी बताया कि उन्होंने पुलिस आयुक्त एस.एन श्रीवास्तव से भी बात की है। श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस दोषियों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। सरकार दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाएगी।

## डेंगू के 31 मामले, फीवर क्लीनिकों की स्थापना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस वर्ष एक अगस्त तक डेंगू के 30 से अधिक मामले सामने आए हैं। नगर निकायों ने बेक्टर जनित इस बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए अलग फीवर क्लीनिक स्थापित किए हैं। इसके अलावा, निगमों ने जागरूकता अभियान भी चलाए हैं क्योंकि डेंगू का मौसम ऐसे समय आया है जब शहर मार्च के बाद से कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित है।

वहीं दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में एक अगस्त तक डेंगू के 31 मामले सामने आए हैं। उसने कहा कि इसी अवधि के दौरान मलेरिया और चिकनगुनिया के मामले क्रमशः 45 और 18 हैं।

## ऑनलाइन चल रहीं अवैध लैब पर हाईकोर्ट ने दिए कार्रवाई के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी सरकार को अवैध रूप से संचालित और कोविड-19 जांच के लिए नमूने एकत्रित कर रहे ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने इन कथित अवैध ऑनलाइन सेवा प्रदाताओं के कोविड-19 जांच नमूने एकत्रित करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। यह याचिका एक चिकित्सक ने दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ संस्थाएं खुद को चिकित्सा जांच प्रयोगशालाएं बताकर धोखाधड़ी कर रही हैं।

अदालत ने पेश हुए अतिरिक्त स्थायी वकील संजय घोष और अधिवक्ता उर्वी मोहन को इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## फॉरेंसिक ऑडिट की अधूरी याचिका, सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने अपूर्ण विवरण का हवाला देते हुए उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि सरकार द्वारा दी गई रियायती भूमि पर विभिन्न परमार्थ ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे निजी अस्पताल कोविड-19 रोगियों से भारी शुल्क वसूल रहे हैं और उनके फोरेंसिक ऑडिट कराने का अनुरोध किया गया है। वहीं दूसरी तरफ भी है कि न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और तलवंत सिंह की पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता-वकील को अदालत में फिर से सभी आवश्यक विवरण के साथ एक नई याचिका दायर करने की छूट दी है।

# जीडीए की संपत्तियों के 31 मार्च तक नहीं बढ़ेंगे दाम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शहर के उन नागरिकों के लिए एक बड़ी खबर है जो गाजियाबाद में अपना आशियाना बनाने का सपना देख रहे हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अपनी तमाम सम्पत्तियों के सेक्टर रेट आगामी 31 मार्च 2021 तक न बढ़ाने का फैसला किया है, यानि कि वित्तीय वर्ष 2021 तक जीडीए अपनी किसी भी संपत्ति के रेट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं करेगा।

इस आशय का महत्वपूर्ण प्रस्ताव जीडीए बोर्ड की संपन्न हुई 156 बैठक में सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया है। लॉकडाउन में आयी मंदी का प्रभाव जीडीए की संपत्तियों पर भी पड़ा है। माना जा रहा है कि जीडीए की संपत्ति की बिकवाली में काफी गिरावट आयी है इसलिए जीडीए ने संपत्तियों के सेक्टर रेट में 31 मार्च 2021 तक कोई इजाफा नहीं करने का फैसला किया है। मंडलायुक्त व जीडीए बोर्ड अध्यक्ष अनीता सी मेश्राम की अगुवाई में संपन्न हुई बोर्ड बैठक में विकास से जुड़े कुल एक दर्जन प्रस्ताव पेश किये गये जिनमें से अधिकांश पारित कर दिये गए। इसके अलावा बोर्ड में आवंटियों पर बकाया राशि से जुड़ी महत्वपूर्ण शमन नीति 2020 को स्वीकृति दे दी गई।

यदि आवंटी पर बकाया राशि के लिए कोई जीडीए कर्मचारी जिम्मेदार है तो जांच कराकर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी और आवंटी पर कोई विलम्ब ब्याज नहीं वसूला जाएगा।



बोर्ड मीटिंग में उपस्थित अधिकारी।

### 156 बोर्ड बैठक में लिया फैसला, शमन नीति को मिली मंजूरी

# जिला अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा, चिकित्सक से हाथापाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिला अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा।

इलाज में लापरवाही बरतने व शव को देने में देरी करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। वहीं डॉक्टरो ने हंगामा करने वाले लोगों पर सरकारी कागजात फाड़ने व तोड़फोड़ करने का भी आरोप लगाया। लापरवाही बरतने के आरोपों को अस्पताल प्रबंधन ने निराधार बताया। सीएमएस डॉ वीबी ढाका ने बताया कि घरवाले पोस्टमार्टम के बिना परिजन शव लेना चाहते थे। पुलिस को मेमो भेजा गया।

मेमो की वजह से देर हुई जिसके बाद लोगो का गुस्सा भड़क गया। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया और शव को परिजनों को सौप दिया गया। थाना 20 में हंगामा करने वालों के खिलाफ शिकायत दी। कुशलपाल जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने पोस्टमार्टम की बात कही और मेमो संबंधित थाने भेज दिया।

## मास्क का दिया फर्जी ऑर्डर, दर्ज होगा केस

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 2.25 लाख रुपए के 3एम श्रेणी के मास्क का ऑर्डर देकर एक व्यक्ति से धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मनु वेदवन ने पंजाबी बाग पुलिस थाने के थाना प्रभारी को मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और 18 सितंबर तक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

अदालत ने 30 जुलाई को दिए अपने आदेश में कहा, एसएचओ को उचित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज करने और निष्पक्ष तरीके से जांच करने तथा जांच जल्द पूरी करने का निर्देश दिया जाता है।

# जाली दस्तावेजों पर लिए ठेके, जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। नकली दस्तावेजों के आधार पर एक ठेकेदार ने ठेका ले लिया। आरोपी ठेकेदार ने प्राधिकरण के भी फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरी जगह ठेका हथिया लिया। इस मामले में एक कंपनी ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया है।

मामला उजागर होने पर प्राधिकरण के एसीईओ केके गुप्त ने समिति गठित कर जांच के निर्देश दिये हैं। प्राधिकरण जांच की बात भले ही कर रहा है, लेकिन ठेका देने से पहले अच्छी तरह से जांच क्यों नहीं की गई यह सबसे बड़ा सवाल है। इसमें प्राधिकरण के अधिकारियों की भी मिली भगत हो सकती है। इससे पहले भी फर्जीवाड़े का मामला प्रकाश में आ चुका है।

जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के नेहरु नगर में पंजीकृत एक फर्म ने नेशनल हाईवे-3 पर मध्य प्रदेश में गुना से शिवपुरी के बीच वर्ष 2017 में काम करने का ठेका सरकारी कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड से लिया था। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अनुभव प्रमाण पत्र दाखिल किया था। जांच में दस्तावेज जाली पाये गए। प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को पिछले साल 26 सितम्बर को जानकारी दी थी कि अनुभव प्रमाण पत्र उनके कार्यालय से जारी नहीं किये गये हैं।

बिल्डर ने प्राधिकरण के दफ्तर का फर्जी पता लिखा था। इसके बाद टेंडर रद्द दिया गया। जांच में पता चला कि यह आवासीय भूखण्ड है। एसीईओ केके गुप्त ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं।

### ग्रेनो ने ठेकेदार का टेंडर किया रद्द

# गाजियाबाद से आगरा का सफर हुआ सुहाना

### एसी बस सेवा शुरू मंत्री अतुल गर्ग ने दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद से आगरा और बिजनौर का सफर करना गुरुवार से गाजियाबाद वासियों के लिए न सिर्फ आसान बल्कि आरामदायक भी हो गया। प्रदेश के चिकित्सा राज्य मंत्री अतुल गर्ग ने गुरुवार को पुराण बस अड्डा परिसर में गाजियाबाद से आगरा और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से बिजनौर के लिए एसी बसों का लोकार्पण किया।

गाजियाबाद से बिजनौर के लिए सुबह 8 बजे बस चलेगी, जो चार घंटे में सवारियों को बिजनौर पहुंचाने का कार्य करेगी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मंत्री गर्ग ने रोडवेजकर्मियों की तारीफ की।



रोडवेज ने लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाने का जो कार्य किया है उससे राज्य सरकार का भी मान बढ़ा है। मगर साथ ही उन्होंने रोडवेज ट्रांसपोर्ट सिस्टम में सुधार करने की भी हिदायत दी।

## दो स्टाम्प चोरों के खिलाफ डीएम ने की आरसी जारी

गाजियाबाद। साहिबाबाद की शहीद नगर कॉलोनी में दो स्टाम्प चोरों के खिलाफ जिला अधिकारी ने तहसीलदार सदर को आर सी जारी कर स्टाम्प ड्यूटी चोरी की गई धन राशि की वसूली के आदेश दिए है।

साहिबाबाद की शहीद नगर कॉलोनी के सी ब्लाक में अगस्त 2019 में स्टाम्प विभाग ने साहिबाबाद के राजेन्द्र नगर निवासी मानव अधिकार कार्यकर्ता राजीव कुमार शर्मा की शिकायत पर अवैध रूप से बनी एक पांच मंजिला बिल्डिंग में बड़े पैमाने पर स्टाम्प चोरी पकड़ी थी। इस बिल्डिंग में बने 9 फ्लैटों और 3 दुकानों को बिल्डिंग बनाने वाले 2 बिल्डरों ने फ्लैट और दुकानें खरीदने वाले लोगो को सौ सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर ही अवैध रूप से बेच डाला था।

# नोएडा प्राधिकरण ने 60 करोड़ की जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने वर्क सर्किल 7 के तहत ककराला खवासपुर तथा याकूबपुर गांव में अभियान चलाकर 13800 वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई। इस जमीन की बाजारी कीमत कई 60 करोड़ बताई जाती है।



नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल 7 के वरिष्ठ प्रबंधक सतपाल ने बताया कि ककराला गांव में खसरा संख्या 391 तथा 401 में तकरीबन 7000 वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई गई। इस पर कुछ झुग्गी झोपड़ियां तथा अस्थाई दिवार करके कमरे बना कर अवैध निर्माण किया गया था। याकूबपुर गांव में भी इसी तरह खसरा संख्या 104, 105 तथा 107 में तकरीबन 6800 वर्ग मीटर जमीन पर हबीब निवासी महुआ द्वारा नोएडा की भूमि पर अस्थाई रूप से झुग्गियां बनाकर निर्माण किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सुर्यान बने शिक्षा समिति के अध्यक्ष



नई दिल्ली। मुकेश सुर्यान दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष और राधिका अबरोल सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुने गए। सुर्यान सागरपुर वेस्ट वार्ड से निगम पार्षद हैं। वह इससे नजफगढ़ जोन वार्ड समिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वहीं राधिका सफदरजंग इंक्लेव वार्ड से निगम पार्षद हैं। शिक्षा समिति के अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुकेश सुर्यान ने कहा कि कोरोना काल में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। उनकी कोशिश होगी निगम विद्यालयों के लगभग 2.5 लाख छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा मुहैया कराई जाए। ऑनलाइन दाखिले के प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है। इस अवसर पर उपमहापौर सुभाष भड़ाना, स्थाई समिति अध्यक्ष राजदत्त, नेता सदन नरेंद्र चावला और अन्य निगम पार्षद उपस्थिति थे।

### जनमानस को प्रोत्साहित करते हैं कवि : भट्ट

नई दिल्ली। संस्कृत अकादमी के सचिव डॉ. जीतराम भट्ट ने कहा कवि जनमानस को प्रोत्साहित करने का काम करते हैं। संस्कृत सप्ताह के अवसर पर अनेक संस्कृत संस्थाओं के साथ संयुक्त रूप से वेबिनार के माध्यम से आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन में संस्कृत कवि रूप में भट्ट ने कहा युवा वर्ग को इस समय नये संसाधनों के मध्यम से लोगों तक संस्कृत भाषा के विराट स्वरूप को पहुंचाना है।

### निगम के संपत्ति कर में घोटाले का आरोप

गाजियाबाद। गाजियाबाद नगर निगम में भाजपा दल के नेता सदन पार्षद राजेंद्र त्यागी ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि शासन के निर्देश में स्पष्ट है कि निगम क्षेत्र में आने वाली प्रत्येक प्रॉपर्टी पर टैक्स आरोपित किया जाए लेकिन निगम अधिकारी प्रॉपर्टी मालिकों से मिलकर उन्हें टैक्स चोरी करा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इंदिरापुरम की दिव्यांश प्रथम सोसाइटी में 200 फ्लैट्स हैं जिसमें मात्र 11 फ्लैट्स पर ही कर लगाया है। इसके अलावा इंदिरापुरम में जयपुरिया सनराइज मार्केट है जिसमें 400 दुकाने हैं वहां केवल 60 दुकानों पर ही संपत्ति कर लगाया गया है।

### मजदूरों की समस्याओं को लेकर सीटू ने दिया धरना

गाजियाबाद। मजदूरों की समस्याओं को लेकर सीटू कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना दिया। उन्होंने अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सीटू के जिलाध्यक्ष जेपी शुक्ला ने कहा कि कोविड-19 की आड़ में उद्योगपति व सेवायोजक ठेका श्रमिक, औद्योगिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। मजदूर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। 14 मई को संघ व जिला प्रशासन के बीच बैठक सम्पन्न हुई थी जिसमें निर्णय लिया गया था कि मजदूरों को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा।

### जिला अस्पताल में प्लाज्मा बैंक बनाने की प्रक्रिया शुरू

गाजियाबाद। गाजियाबाद में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी राहत वाली खबर है। अब जिला अस्पताल में कोविड-19 संक्रमित लेवल-3 मरीजों के लिए प्लाज्मा बैंक जिला अस्पताल में बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शुरू कर दी गई है। उम्मीद है जल्द ही इसकी अनुमति प्रशासन को मिल जाएगी और प्लाज्मा बैंक शुरू कर दिया जाएगा।जिला अधिकारी अजय शंकर पांडे ने बताया कि जल्द ही जिला एमएमजी अस्पताल में प्लाज्मा बैंक बनाया जाएगा। इसके लिए आईसीएमआर से लाइसेंस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही इसे हरी झंडी दे दी जाएगी। जिसके बाद अस्पताल में पहले से ही संचालित ब्लड बैंक की इमारत में ही प्लाज्मा बैंक भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल संतोष अस्पताल में भी प्लाज्मा थेरेपी के लिए जरूरी एफेरेसिस मशीन उपलब्ध नहीं थी।

# सुषमांजलि : दिलों में घर बनाने वाली पूर्व विदेश मंत्री सुषमा को दिल से किया याद





पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन के एक साल पूरे हो जाने पर सुषमांजलि नाम से एक वर्चुअल इवेंट रखा गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से नेशन फर्स्ट कलेक्टिव, संस्कार भारती पूर्वोत्तर एवं संस्कृति गंगा न्यास ने किया।

लेखक, प्रस्तुतकर्ता वोईस ओवर कलाकार हरीश भिमानी ने इसका संचालन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडे़कर ने की। कार्यक्रम में सुषमा की सुपुत्री बांसुरी स्वराज की विशेष उपस्थिति थी। इसके अलावा, भारत के प्रमुख,लेखक, कलाकार और फिल्म निर्माता ने भी शिरकत की।

जिनमें से हैं अभिनेता मोहनलाल, प्रख्यात कवी प्रसून जोशी, निर्माता निर्देशक सुभाष घई, गायक अनूप जलोटा, निर्माता निर्देशक मधुर भंडारकर, गायक कविता कृष्णमूर्ति, अभिनेत्री कंगना राणावत, के साथ, अमीषा पटेल, ईशा गुप्ता गीतकार समीर अनजान, लेखक कमलेश पांडे, प्रियदर्शन, कुलदीप सिंह, शत्रुघन सिन्हा, गजेन्द्र चौहान और मुकेश खन्ना सहित फिल्म इंडस्ट्री से अनेको गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

जाने माने निर्देशक प्रियदर्शन इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के अध्यक्ष थे। जावड़ेकर ने कहा कि सुषमा 40 साल की सहयोगी थी, वे एक बहुत ही जिंदा दिल व्यक्ति थी। बांसुरी स्वराज ने बताया कि मां कृष्णा उपासक थी उनका मानना था की कृष्णा ने जो भी कार्य किये उसमे खुद को समर्पित कर दिया। पद्मश्री, भजन सम्राट श्री अनूप जलोटा जी ने कार्यक्रम की शुरुआत सुषमा जी के पसंदीदा गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता से की और कहा कि मेरी कई बार सुषमाजी से भेंट हुई और हर बार उनसे मिलकर मै प्रभावित होता था। वे एक बहुत ही स्पष्ट वक्ता थी और हम कलाकारों के लिए भी उनके हृदय में विशेष स्थान था। पद्मश्री, गीतकार श्री प्रसून जोशी जी ने कहा कि कॉपीराइट संशोधन बिल में सुषमाजी का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

सुषमा स्वराज के मन में जीवन के प्रति काव्य दृष्टि थी, वे कविताओं की बहुत बड़ी प्रशंसक थी और मेरी लिखी हुई कविताएँ उन्हें काफी पसंद आती थी उनकी सोच को हमेशा याद रखेंगे। पद्मश्री, अभिनेत्री कंगना रणावत ने सुषमा स्वराज जी को याद करते हुए कहा कि सुषमा ने अपने जीवन में कई बहादुरी भरे काम किये। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को अंडरवर्ल्ड के हाथों से बचाया और एक पहचान दी, वे मेरे लिए प्रेरणा स्वरूप हैं।

उनकी पूरी जिन्दगी महिला शक्तिकरण की मिसाल है उत्कृष्ट गायिका कविता कृष्णमूर्ति ने सुषमाजी की तो तू मेरा कर्मा, तू मेरा धर्मा गीत समर्पित किया और कार्यक्रम का समापन किया।

# भाग्यशाली हूं कि इस मुश्किल समय में खेल पा रहा हूं: मसूद

एजेंसी। कराची



पाकिस्तान के टेस्ट सलामी बल्लेबाज शान मसूद स्वयं और टीम के अपने साथियों को काफी भाग्यशाली समझते हैं कि कोरोना वायरस महामारी के बीच टेस्ट क्रिकेट खेल पा रहे हैं। 30 साल के मसूद ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन बुधवार को नाबाद 46 रन की पारी खेली और बाबर आजम (नाबाद 69) के साथ अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला।

मसूद ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा कि हम स्वयं को काफी भाग्यशाली समझते हैं कि इस दुखद समय में, इस महामारी के बीच, हमें असल में वह खेल खेलने को मिल रहा है जिसे हम प्यार करते हैं। अपने देश के लिए खेलने से बेहतर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि हम पिछले एक महीने से अभ्यास कर रहे थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना हमेशा अलग होता है। खिलाड़ी लय में नहीं थे क्योंकि हम तीन महीने से नहीं खेले हैं। मसूद ने बाबर की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा उसके साथ बल्लेबाजी करने में मजा आता है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा बाबर आजम के साथ बल्लेबाजी करने का लुत्फ उठाता हूं और इसमें कोई संदेह नहीं कि यह पाकिस्तान के लिए अच्छा है कि हमारी टीम में ऐसा बल्लेबाज है जिसे तीनों प्रारूपों में दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल किया जाता है। मसूद ने हालांकि कहा कि बारिश के खलल के बीच बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता।

## 'कोहली स्मिथ और विलियमसन के कद का खिलाड़ी है आजम'

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि क्रिकेट जगत पाकिस्तान के बाबर आजम को विराट कोहली और केन विलियमसन के कद के खिलाड़ियों के बीच जगह देकर फैब फोर की जगह फैब फाइव के बारे में बात करें। फिलहाल खेल रही आधुनिक युग की दिग्गज चौकड़ी में आस्ट्रेलिया के स्टार स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड के कप्तान जो रूट भी शामिल हैं।

हुसैन ने कहा कि वे फैब फोर (कोहली, स्मिथ, न्यूजीलैंड के विलियमसन और रूट) के बारे में बात करते रहते हैं, यह फैब फाइव है और बाबर आजम भी इसमें शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बाबर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 69 रन बनाए। हुसैन ने कहा कि मुझे लगता है कि शर्मनाक है। पाकिस्तान अपने घर से दूर खेल रहा है, हमेशा यूएई में खेल रहा है जहां उसके खिलाड़ियों को देखने के लिए कोई नहीं है। पाकिस्तान भारतीय क्रिकेट की परछाई में छिपा हुआ है, इससे उबर नहीं पा रहा, आईपीएल में नहीं खेल पा रहा और न ही भारत में। हुसैन ने कमेंटरी के दौरान कहा कि अगर वह विराट कोहली होता को सभी उसके बारे में बात करते, लेकिन वह बाबर आजम है इसलिए कोई उसके बारे में बात नहीं कर रहा।

# 'दिग्गज खिलाड़ी बनने के लिए बाबर को खेल की तकनीकी खामियों को दूर करना होगा'

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा ने कहा है कि शीर्ष बल्लेबाज बाबर आजम के खेल में कुछ तकनीकी खामियां हैं और दिग्गज खिलाड़ियों के बीच जगह बनाने के लिए उन्हें इन्हें दूर करने की जरूरत है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बाबर ने 69 रन की नाबाद पारी खेली और इस दौरान शान मसूद (नाबाद 46) के साथ 96 रन की अटूट साझेदारी की।

रमीज ने कहा कि बाबर अपने कंधे सामने की तरफ रखकर गेंद का सामना कर रहे थे, जिससे उन्हें ड्राइव खेलने में दिक्कत हो रही थी। रमीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि



जब ऐसा होता है, तो इसका मतलब है कि आपके सिर की स्थिति सही नहीं है। सिर कंधे के साथ स्थिर नहीं है। जब आप इस तरह खेलते हो तो आउटस्विंग का सामना करना समस्या बन जाता है। इसका मतलब है कि आप ड्राइव नहीं खेल पाते। बाबर अपनी पिछली आठ टेस्ट पारियों में चार शतक और तीन अर्धशतक जड़ चुके हैं। रमीज का हालांकि मानना है कि बाबर जूझ रहे हैं, क्योंकि वह बल्लेबाजी करते हुए हिचकते हैं और नर्वस हो जाते हैं। रमीज ने बाएं हाथ के बल्लेबाज शान मसूद की तारीफ की और कहा कि कप्तान अजहर अली इसलिए जूझ रहे हैं क्योंकि उनकी बल्लेबाज और टीम के कप्तान के रूप में अधिक सोचने की आदत है। उन्होंने कहा कि वह सभी पहलुओं का जरूरत से ज्यादा विश्लेषण करता है, फिर यह बल्लेबाजी हो या कप्तानी। उसे सहज रहना चाहिए। कप्तान की भूमिका में आना और फिर निकल जाना महत्वपूर्ण है।

# बीसीसीआई-वीवो का एक साल के लिए आईपीएल करार निलंबित

### अगले साल फिर हो सकता है बहाल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और चीन के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच गुरुवार को चीनी मोबाइल फोन कंपनी वीवो के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए टाइटल प्रायोजन करार निलंबित कर दिया। बीसीसीआई ने एक पंक्ति का बयान भेजा, जिसमें कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई और इसमें कहा गया कि वीवो इस साल आईपीएल के साथ जुड़ा नहीं होगा। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बीसीसीआई और वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 2020 में इंडियन प्रीमियर लीग के लिए अपनी साझेदारी को निलंबित करने का फैसला किया है।

वीवो ने 2018 से 2022 तक पांच साल के लिए 2190 करोड़ रुपये (प्रत्येक वर्ष करीब 440 करोड़ रुपये) में आईपीएल प्रायोजन अधिकार हासिल किए थे। दोनों पक्ष एक योजना पर काम कर रहे हैं, जिसमें वीवो फिर से तीन साल के लिए संशोधित शर्तों पर 2021 से वापसी कर सकता है। हालांकि बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी का इस पर विचार कुछ अलग था। बीसीसीआई के एक अनुभवी अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर एजेंसी से कहा कि हम यहां कूटनीतिक तनाव की बात कर रहे हैं और आप उम्मीद कर रहे हो कि नवंबर में जब आईपीएल खत्म हो जाएगा और अगला आईपीएल अप्रैल 2021 में शुरू होगा, तो चीन विरोधी भावना नहीं होगी? क्या हम गंभीर हैं? पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिसंक झड़प के बाद देश में चीन के खिलाफ भावनाएं चरम पर पहुंच गई। इसमें भारत के 20 सैनिकों की जान चली गई, जबकि चीन ने भी सैनिकों के मारे जाने की बात स्वीकार की। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुई इस घटना से भारत में चीनी कंपनियों और उत्पादों के बहिष्कार की बातें होने लगी।




### 19 सितंबर से यूएई में शुरू होगा

बीसीसीआई के अपने संविधान के अनुसार नए टाइटल प्रायोजक के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने की संभावना है। टी-20 लीग 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होगी जिसे भारत में बढ़ते कोविड-19 मामलों के कारण विदेश में आयोजित कराना पड़ रहा है। रविवार को हुई आईपीएल संचालन परिषद की बैठक में फैसला किया गया था कि वीवो अन्य प्रायोजकों के साथ बना रहेगा, लेकिन यह घटना इसके बिलकुल उलट हुई। बीसीसीआई ने गलवान घाटी में हुई घटना के बाद जून में घोषणा की थी कि आईपीएल को लेकर सभी प्रायोजन करार की समीक्षा की जाएगी। हालांकि रविवार को हुई बैठक के बाद वीवो के साथ करार बरकरार रखने के कारण बीसीसीआई की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी।

### आपसी रजामंदी से दोनों पक्षों ने बनाई अलग होने की योजना

दोनों पक्षों ने इस सत्र के लिए आपसी रजामंदी से अलग होने की योजना बनाई। हालांकि इस करार के खत्म होने से फ्रेंचाइजी को भी नुकसान हो सकता है क्योंकि उन्हें भी प्रायोजन करार से काफी बड़ा हिस्सा मिलता था।

सालाना वीवो प्रायोजन राशि का आधा हिस्सा आठ फ्रेंचाइजी में बराबर बराबर बांटा जाता है जो 27.5 करोड़ रुपये तक आता है। अधिकारी ने कहा कि अभी बीसीसीआई के लिए इतने कम समय में इस प्रायोजन राशि के बराबर प्रायोजक ढूंढना बहुत मुश्किल होगा। इसलिए बीसीसीआई और फ्रेंचाइजी दोनों को कुछ घाटे के लिए तैयार हो जाना चाहिए। बीसीसीआई को ज्यादा लेकिन प्रत्येक फ्रेंचाइजी को वीवो के जाने से संभवत: 15 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। उन्होंने कहा, इस साल सभी के लिए मुश्किल होगा लेकिन शो चलता रहना चाहिए।

# बीसीसीआई एसओपी को कड़ाई से पालन करना होगा : वाडिया

एजेंसी। नई दिल्ली

किंग्स इलेवन पंजाब के सह मालिक नेस वाडिया का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टाइटल प्रायोजक के बारे में अटकलें लगाने के बजाय ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होना चाहिए कि टूर्नामेंट के दौरान कोविड-19 का एक भी मामला सामने नहीं आए। हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुष्टि नहीं की है कि चीनी मोबाइल कंपनी विवो ने इस सत्र के लिए टाइटल प्रायोजन से हटने का फैसला किया है। ऐसी संभावना है कि कंपनी चीन और भारत के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कम से कम इस सत्र में 440 करोड़ रुपेय (प्रत्येक वर्ष) के अनुबंध से हट जाएगी।

वाडिया ने मालिकों की बुधवार शाम को हुई बैठक में एजेंसी से कहा कि काफी अटकलें चल रही हैं। मुझे लगता है कि यह सब बेकार है। हम (टीम मालिक) केवल एक चीज जानते हैं कि आईपीएल हो रहा है। हम खिलाड़ियों और इसमें शामिल होने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा के बारे में बहुत ज्यादा चिंतित हैं। अगर एक भी मामला सामने आ जाता है तो आईपीएल बरबाद हो सकता है। वाडिया ने कहा कि जून में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद आईपीएल को धीरे धीरे चीनी प्रायोजक से अलग हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो चीनी कंपनी की जगह लेने के लिए काफी प्रायोजक मौजूद हैं। उन्होंने



कहा कि मैं नहीं जानता कि बीसीसीआई ने टाइटल प्रायोजन के लिए क्या फैसला किया है। सभी टीम मालिकों की बैठक काफी अच्छी रही और हम सभी आईपीएल को सफल बनाना चाहते हैं। हमें बीसीसीआई का सहयोग करना चाहिए और जल्द ही फिर से बैठक करेंगे। मौजूदा आर्थिक माहौल में वाडिया को उम्मीद है कि प्रायोजक जुड़ने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, भले ही टीम प्रायोजक हों या फिर आईपीएल प्रायोजक। उन्होंने कहा कि सभी प्रायोजक कड़ी मेहनत करेंगे, लेकिन यह आईपीएल सबसे ज्यादा देखा जाएगा, मुझे पूरा भरोसा है। मेरी बात को याद रखिए। इस साल अगर प्रायोजक आईपीएल का हिस्सा नहीं होंगे तो यह काफी मूर्खतापूर्ण होगा। बीसीसीआई ने टीमों को 16 पेज की मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) भेजी है, ताकि टूर्नामेंट का आयोजन अच्छी तरह से हो सके, जिसमें खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ, टीम अधिकारियों और मालिकों को जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहना होगा। वाडिया ने आईपीएल के लिए संयुक्त अरब अमीरात जाने पर फैसला नहीं किया है, लेकिन कहा कि सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष का निधन

**काराकस।** वेनेजुएला फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष जीसस बेरारडिनेली का अचानक बेहोश होने के दो हफ्ते बाद निधन हो गया। अस्पताल में भर्ती होने के दौरान उन्हें अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ा था। बेरारडिनेली 61 बरस के थे। वेनेजुएला के अधिकारियों ने सार्वजनिक धनराशि के गलत इस्तेमाल के आरोप में बेरारडिनेली के खिलाफ जांच शुरू की थी, जिसके 16 दिन बाद उनकी मौत हो गई। बेरारडिनेल को 22 जुलाई को काराकस के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्हें श्वास से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा और उन्हें वेंटीलेकर पर रखा गया।

### ओडिशा एफसी ने रामोस को गोलकीपिंग कोच नियुक्त किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी ने गुरुवार को ब्राजीली रोजेरियो रामोस को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सातवें सत्र से पहले टीम का नया गोलकीपिंग कोच नियुक्त किया। राष्ट्रीय टीम के पूर्व गोलकीपिंग कोच ने भुवनेश्वर की टीम के साथ दो साल के करार पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत की सीनियर और विभिन्न उम्र ग्रुप की राष्ट्रीय टीमों के अलावा रामोस सूडान राष्ट्रीय टीम के भी गोलकीपिंग कोच रह चुके हैं। ओडिशा एफसी के मुख्य कोच स्टुअर्ट बैक्सटर ने रामोस की नियुक्ति पर कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि उनका हमारी कोचिंग टीम में जुड़ना काफी अच्छा रहेगा।

### अनिका यूएस महिला एमेच्योर चैंपियनशिप में मैच प्ले से चूकीं

**रॉकविले मैरीलैंड।** भारतीय गोल्फर अनिका वर्मा ने दूसरे दौर के अंतिम छह होल में मजबूत वापसी की, लेकिन वह महज एक शाट से अमेरिकी एमेच्योर चैंपियनशिप के मैच प्ले के लिए क्वालीफाई करने से चूक गईं। मंगलवार को आए तूफान के कारण बुधवार को दूसरा दौर देर से शुरू और काफी मुश्किल हालात में खेला गया। कोर्स काफी सख्त था, जिससे केवल सात खिलाड़ी ही 36 होल के बाद अंडर पार का स्कोर बना सकीं। भारत की युवा गोल्फर अनिका सैक्रामेंटो में बसी हैं और अमेरिकी महिला एमेच्योर चैंपियनशिप में खेलने वाली पहली भारतीय हैं। उन्होंने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर सात ओवर 151 रहा।

### कोरोना परीक्षण में कोई एनबीए खिलाड़ी पॉजिटिव नहीं

**लेक बुएना विस्टा (अमेरिका)।** नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) ने बुधवार को पुष्टि की कि उसके नवीनतम कोरोना वायरस परीक्षण में कोई खिलाड़ी पॉजिटिव नहीं पाया गया है। वाल्ट डिज्नी वर्ल्ड में बहाल हुए सत्र के दौरान खिलाड़ियों के परीक्षण किए जा रहे हैं और जैविक रूप से सुरक्षित माहौल तैयार किए जाने का फायदा मिल रहा है। पिछली बार 29 जुलाई को परीक्षण नतीजों की घोषणा के बाद 343 खिलाड़ियों का परीक्षण किया गया और संक्रमण का कोई भी पुष्ट मामला सामने नहीं आया है। इसका मतलब हुआ कि पिछले महीने जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में प्रवेश के बाद से कोई खिलाड़ी पॉजिटिव नहीं पाया गया है।

### एलपीजीए में अभी तक कोई खिलाड़ी कोरोना पॉजिविट नहीं

**सिलवानिया (अमेरिका)।** लेडिज पेशेवर गोल्फ संघ (एलपीजीए) को शुरू हुए अब दूसरा हफ्ता हो गया है और मैराथन क्लासिक में कोरोना वायरस के लिए हुई जांच में किसी भी खिलाड़ी को पॉजिटिव नहीं पाया गया है। दो खिलाड़ियों के कैडी को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया था, जिससे दोनों ने ओहियो के सिलवानिया से हटने का फैसला किया था। एलपीजीए टूर ने कहा कि पेरिने डेलाकूर और एली वाइट के कैडी कोविड-19 परीक्षण में पॉजिटिव आए थे। दोनों खिलाड़ियों ने संपर्क होने के चलते हटने का निर्णय किया और टूर ने संपर्क में आने वाले खिलाड़ियों को देखना शुरू कर दिया है। खिलाड़ियों के पास पृथकवास में जाने के लिए भी काफी समय होगा, क्योंकि मैराथन क्लासिक के बाद एलपीजीए दो हफ्तों के लिए स्कॉटलैंड में होगा। इसके बाद अमेरिका में 28 अगस्त से एनडब्ल्यू अर्कानसास चैंपियनशिप शुरू होगी।

### साइकिलिस्ट जैकबसन पोलैंड में दुर्घटना के बाद कोमा में

**वारसा (पोलैंड)।** नीदरलैंड के साइकिलिस्ट फाबियो जैकबसन दक्षिण पोलैंड में टूर डि पोलोन रेस के अंतिम चरण में दुर्घटना में सिर में चोट लगने के कारण कोमा में हैं। आयोजकों ने यह जानकारी दी। बुधवार को प्रतियोगिता के शुरुआती चरण को जीतने की कोशिशों में जुटे जैकबसन नीदरलैंड के साथी साइकिलिस्ट डाइलन ग्रोएनेवेगेन से टकराने के बाद बैरियर से टकरा गए। टूर डि पोलोन के प्रेस अधिकारी के अनुसार डेसेयुनिक क्विक स्टेप टीम की ओर से प्रतिस्पर्धा पेश करने वाले जैकबसन को गंभीर हालत में विमान में अस्पताल ले जाया गया और वह कोमा में हैं।

# पीएसएल टीमों ने लीग के लिए नए वित्तीय मॉडल की मांग की

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की छह फ्रेंचाइजियों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से टूर्नामेंट के वित्तीय और स्वामित्व मॉडल में संशोधन की अपील करते हुए कहा है कि इससे उन्हें नुकसान और पीसीबी को फायदा हो रहा है। फ्रेंचाइजियों ने पीसीबी को लिखे संयुक्त पत्र में यह मांग की है।

फ्रेंचाइजी और पीसीबी के रिश्तों में उस समय खटास आई जब बोर्ड ने समय पर भुगतान नहीं करने के कारण तीन फ्रेंचाइजियों कराची, लाहौर और मुल्तान को मौका देने से इनकार कर दिया। पीएसएल के पांचवें सत्र के अनौपचारिक आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक फ्रेंचाइजी को राजस्व से उसके हिस्से के तौर पर 20 से 22 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद थी। कोरोना वायरस महामारी के कारण लीग चरण के बाद पीएसएल सत्र को स्थगित कर दिया गया था। फ्रेंचाइजियों ने कहा है कि उन्हें जो राशि मिल रही है वे उससे कहीं अधिक खर्च कर रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भविष्य में फ्रेंचाइजी और बोर्ड के बीच होने वाली बैठकों को सिर्फ पीसीबी अध्यक्ष या सीईओ वसीम खान ही संबोधित करें। इससे पहले 28 जुलाई को संचालन परिषद की बैठक अंतिम समय में रद्द किए जाने के बाद फ्रेंचाइजियों ने पीसीबी को कड़े शब्दों में पत्र लिखा था। पीसीबी ने इसके जवाब में कहा था कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए उन्हीं फ्रेंचाइजियों को बुलाया जाएगा, तो अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताएं पूरी कर चुकी हैं। पीसीबी ने अभी तय नहीं किया है कि वह पीएसएल पांच के बाकी बचे चार मैचों का आयोजन करे या लीग चरण के खत्म होने के बाद अंक तालिका के आधार पर विजेता की घोषणा करे।

## ईसीबी नुकसान की कगार पर, खर्चों में कटौती करेगा: रिपोर्ट

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) खर्चों में कटौती के लिए कई कदम उठाने की तैयारी में है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण उसे 18 करोड़ 20 लाख पाउंड के संभावित नुकसान की आशंका है। द गार्डियन की खबर में यह दावा किया गया है। ईसीबी ने 18 प्रथम श्रेणी काउंटी और काउंटी बोर्ड के साथ बुधवार को बैठक की जहां उसने सूचित किया कि उसे मौजूदा वित्त वर्ष में कम से कम 10 करोड़ 60 लाख पाउंड का नुकसान होने की आशंका है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, इन आंकड़ों के अनुसार माना जा रहा है कि पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाकी सत्र का जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में आयोजन होगा, जिसमें पाकिस्तान दौरा और सितंबर में आस्ट्रेलियाई टीम का छह मैचों के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट का दौरा शामिल है।

# पाकिस्तान का दौरा करने में कोई समस्या नहीं: सिल्वरवुड

एजेंसी। लंदन

इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को संक्षिप्त टी-20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा करने में कोई समस्या नहीं है अगर इसका आयोजन टीम के उपमहाद्वीपीय देश के 2022 के पूर्व निर्धारित दौरे से पहले किया जाता है, तो इंग्लैंड 2005-06 से सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर पाकिस्तान दौरे पर नहीं गया है, लेकिन पिछले कुछ समय में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने दो साल में देश का दौरा करने की उम्मीद जताई है।

पाकिस्तान के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में बुधवार से शुरू हुए पहले टेस्ट के पहले दिन के खेल के दौरान सिल्वरवुड ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि मेरे लिए यह शानदार है कि इस मुद्दे पर एक बार फिर चर्चा हो रही है। हम दोबारा वहां जाने पर गौर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी तौर पर मुझे वहां जाने में कोई समस्या नहीं है। सिल्वरवुड ने संकेत किए कि उनकी टीम उलट दौरा करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज पाकिस्तान की सपाट पिचों पर खेलने के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा कि मैं कभी वहां नहीं गया इसलिए वहां आना और विकेटों को देखना अच्छा होगा। और मुझे पता है कि हमारे बल्लेबाज उनकी विकेटों पर खेलने के लिए बेताब हैं। सिल्वरवुड के बयान से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ वसीम खान ने ईसीबी से आग्रह किया था कि 2022 दौरे से पहले पाकिस्तान में अपनी टीम भेजने पर विचार करें। दोनों टीमें अभी इंग्लैंड में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेल रही हैं, जिसकी शुरुआत बुधवार को मैनचेस्टर में हुई।

## स्ट्रेंथ ट्रेनिंग शामिल करना शानदार रहा: मेमोल रॉकी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच मेमोल रॉकी ने हाल में हुए अपनी टीम के सुधार के पीछे खिलाड़ियों के लिए शुरू की गई स्ट्रेंथ ट्रेनिंग को श्रेय दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) टीवी से बात करते हुए मेमोल ने उस समय का जिक्र किया जब पहली बार टीम में इसे शुरू किया गया था। मेमोल ने कहा कि हम ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयारी कर रहे थे और मुझे याद है हमारे महासचिव कुशल दास सर और राष्ट्रीय टीम के निदेशक अभिषेक यादव के साथ बैठक हुई थी। हमारा एक लंबा शिविर हुआ था और तभी पहली बार हमने स्ट्रेंथ ट्रेनिंग को शामिल किया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास दो फिजियो थे, दोनों 24 घंटे सातों दिन लड़कियों के साथ अलग अलग ट्रेनिंग पर काम करते रहते थे। हमारा सुबह एक स्ट्रेंथ ट्रेनिंग का सत्र होता था और शाम में टैक्टिकल सत्र है।

# मौजूदा भारतीय हॉकी टीम में विश्वस्तरीय रक्षा पंक्ति : पूर्व खिलाड़ी वीआर रघुनाथ

एजेंसी। बेंगलुरू

पूर्व हॉकी खिलाड़ी वीआर रघुनाथ का मानना है कि मौजूदा भारतीय टीम के पास विश्वस्तरीय रक्षापंक्ति और स्तरीय ड्रैग फ्लिकर हैं और टीम अगले साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक के दौरान दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती दे सकती है। भारतीय टीम के स्टार ड्रैग फ्लिकरों में शामिल रहे रघुनाथ ने कहा कि टीम में चार पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों का होना टोक्यो ओलंपिक से पहले आठ बार की चैंपियन टीम के लिए अच्छा है। कोरोना वायरस महामारी के कारण टोक्यो ओलंपिक को अगले साल तक स्थगित किया गया है।

रघुनाथ ने कहा कि वे काफी अनुभवी हैं और मौजूदा डिफेंडरों ने एक साथ 50 से 80 मैच खेले हैं। वे एक दूसरे को काफी अच्छी तरह



जानते हैं और जब उन्हें दुनिया की किसी भी शीर्ष टीम के खिलाफ मुश्किल मैच स्थिति में डाला जाएगा, तो भी मुझे कोई समस्या नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि पूरा मैच खेलने वाले दो शीर्ष ड्रैग फ्लिकर की मौजूदगी भारतीय टीम के लिए फायदे की स्थिति है। हरमनप्रीत सिंह और रूपिंदर पाल सिंह दोनों अच्छे हैं और उनके काम करने का तरीका और क्षमता बिलकुल अलग है। ड्रैग फ्लिक में विभिन्न विकल्प और संयोजन होना हमेशा अच्छा होता है। रघुनाथ ने कहा कि इसके अलावा वरूण कुमार और अमित रोहिदास के रूप में भारत के पास अच्छे विकल्प हैं और जब दो शीर्ष फ्लिकर में से एक लय में नहीं होगा तो वे अच्छा साथ दे सकते हैं। 31 साल के पूर्व डिफेंडर रघुनाथ का मानना है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण हुए ब्रेक के बाद भारतीय टीम को ओलंपिक की तैयारी नई सिरे से करनी चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टीम को इस समय को एक साल के काउंटडाउन के रूप में देखना चाहिए और पिछले छह से आठ महीने में जो उसे भूल जाना चाहिए। यह नई शुरुआत करने का समय है।

## साइ ने एसएसएनआईएस डिप्लोमा कोर्स के पाठ्यक्रम में बदलाव किया

**नई दिल्ली।** खिलाड़ियों की बदलती जरूरतों के अनुसार कोचों को नए कौशल के साथ तैयार करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने राष्ट्रीय खेल कोचिंग केंद्र (एनसीएससी) में एनएसएनआईएस डिप्लोमा और स्ट्रेंथनिंग फैकल्टी के अपने पाठ्यक्रम में बदलाव किया है। साइ की 27वीं शैक्षिक परिषद ने हाल में अपनी परिषद बैठक में कई अहम फैसले किए। इनका लक्ष्य एनसीएससी में पहले से मौजूदा प्रणाली को मजबूत करके खेलों में बेहतरी को बढ़ावा देना है।

साइ ने बयान में कहा कि वैश्विक खेल पारिस्थितिकी तंत्र के बदलते ढांचे को ध्यान में रखते हुए और भारतीय कोच खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर के अनुसार ट्रेनिंग देने में सक्षम हों, पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस) के शीर्ष कोर्स के पाठ्यक्रम के ढांचे और सामग्री, खेल कोचिंग में डिप्लोमा कोर्स, में सभी संबंधित हितधारकों से चर्चा के बाद संशोधन किया गया है, जिसमें खेलों के राष्ट्रीय खेल महासंघ भी शामिल हैं।

## मैनचेस्टर यूनाईटेड और इंटर मिलान यूरोप लीग के क्वार्टर फाइनल में

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)।** मैनचेस्टर यूनाईटेड और इंटर मिलान ने अपने अपने मुकाबले जीतकर यूरोपा लीग क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जिसके साथ कोरोना वायरस महामारी के बीच खाली स्टेडियम में महाद्वीपीय फुटबॉल की वापसी हुई। यूनाईटेड ने बुधवार को लास्क लिंज को 2-1 से हराकर आस्ट्रिया के क्लब के खिलाफ कुल 7-1 के अंतर से जीत दर्ज की। इस मुकाबले का पहला चरण पांच महीने पहले खेला गया था। लास्क ने 55वें मिनट में फिलिप वीसिंगर के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन दो मिनट बाद जेसी लिंगार्ड ने यूनाईटेड को बराबरी दिला दी। एंथोनी मार्शल ने 88वें मिनट में यूनाईटेड की ओर से एक और गोल दागकर टीम की 2-1 से जीत सुनिश्चत की। इंटर मिलान ने रोमेलु लुकाकु और क्रिस्टयन एरिकसेन के गोल से गेटाफे को 2-0 से हराया। इस मुकाबले में एक ही मैच जर्मनी में खेला गया क्योंकि दोनों टीमों ने पहले चरण में हिस्सा नहीं लिया था, जिसके बाद यूरोपीय सत्र निलंबित कर दिया गया।



## एलेक्सिस सांचेज के साथ स्थाई करार करेगा इंटर मिलान

**गेलसेरकिरचेन।** मैनचेस्टर यूनाईटेड से ऋण पर मिले एलेक्सिस सांचेज के साथ इंटर मिलान स्थाई करार करेगा। मैनचेस्टर यूनाईटेड के मैनेजर ओले गुनार सोल्सकर ने यह जानकारी दी। सांचेज के स्थाई रूप से इंटर से जुड़ने की खबरों पर सोल्सकर ने ब्रिटिश प्रसारणकर्ता बीटी स्पोर्ट्स से बुधवार को कहा कि मैं पुष्टि कर सकता हूं। एलेक्सिस वहां अच्छा समय बिताएगा, एक अच्छा खिलाड़ी, मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं। यूनाईटेड की ओर से अधिकतर मैचों में बेंच पर बैठने वाले चिली के 31 साल के फारवर्ड सांचेज अगस्त में ऋण पर इंटर मिलान से जुड़े थे।

वायरस या किसी अन्य संक्रमण को पकड़ने से बचने के लिए लोग हर वक्त हाथों को साफ रखने और सैनिटाइज करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कोरोना वायरस अन्य दूषित सतहों पर भी फैल सकता है। ऐसे में जिन चीजों को आप व्यक्तिगत तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें भी आपको सैनिटाइज करना चाहिए। इसे तर्ज पर आपको अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स यानी कि मेकअप के सामान को भी सैनिटाइज करना चाहिए।



# मेकअप के सामान को भी सैनिटाइज करना है जरूरी

कोरोना वायरस से बचाव के लिए पूरी दुनिया सोशल-डिस्टेंसिंग और सैनिटाइजेशन का इस्तेमाल कर रही है। इस महामारी के समय में हर किसी के लिए अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता की देखभाल महत्वपूर्ण हो गया है। वायरस या किसी अन्य संक्रमण को पकड़ने से बचने के लिए लोग हर वक्त हाथों को साफ रखने और सैनिटाइज करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कोरोना वायरस अन्य दूषित सतहों पर भी फैल सकता है। ऐसे में जिन चीजों को आप व्यक्तिगत तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें भी आपको सैनिटाइज करना चाहिए। इसे तर्ज पर आपको अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स यानी कि मेकअप के सामान को भी सैनिटाइज करना चाहिए। क्योंकि अगर इनमें किसी भी तरह का वायरस और बैक्टीरिया चिपका हुआ रहा गया, तो ये आपकी त्वचा के संपर्क में आकर आपको संक्रमित और बीमार कर सकता है। लेकिन आप में से ज्यादातर लोग यही सोच रहे होंगे कि आखिरकार रोजाना इस्तेमाल होने वाले मेकअप ब्रश से लेकर लिपस्टिक तक को हम कैसे सैनिटाइज करेंगे? तो आइए आज हम आपको इसी के बारे में बताते हैं।

## मेकअप के समान को सैनिटाइज करने का तरीका

**मेकअप ब्रश:** मेकअप ब्रश जो आप अपने मेकअप के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें समय-समय पर किसी न किसी सफाई की आवश्यकता होती है। आप अपने ब्रश और स्पंज को एक कटोरी पानी में भिगो सकते हैं और उन्हें कुछ घंटों के लिए बैठने दे सकते हैं। इसके बाद आप उन्हें कुछ साफ पानी के नीचे चलाएं और देखें कि कैसे आपके ब्रश को उनका मूल रंग वापस आ जाएगा यानी कि ये पूरे तरीके से साफ हो जाएगा। तब जाके आप अपने कटोरे में देखें कि आप ब्रश से पहले कितनी गंदगी मेकअप के साथ अपने चहरे पर लगा रहे थे। इसे अलावा आप ब्रश के ब्रिसल्स को अल्कोहल में डाल कर भी साफ कर सकते हैं। इसके बाद आप नरम कॉटन पैड का उपयोग करके ब्रश को साफ और सूखा करें। इसी तरह आप अपने मेकअप ब्रश को हर कुछ दिनों बाद अल्कोहल-आधारित ब्रश क्लीनर या हल्के शैंपू से भी साफ कर सकते हैं।



**फेस पाउडर के पैलेट्स को :** अक्सर मेकअप करते वक्त अपने पैलेट पर कुछ पाउडर गिराते रहते हैं। ऐसे में फेस पाउडर के पैलेट को साफ करने के लिए एक स्प्रे बोतल में सैनिटाइजर भर लें और सीधे पैलेट पर स्प्रे करें। फिर इसे हल्के कॉटन से साफ करें। पाउडर का इस्तेमाल करते वक्त आपको इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए कि आप इसे जिस ब्रश और कॉटन से लगाते हैं, उसे हर कुछ दिनों बाद साफ करें।

**मेकअप पेंसिल और शार्पनर :** अपनी पेंसिल शार्पनर लें और इसे एक कटोरी में भरकर अल्कोहल को कुछ मिनट के लिए डालकर रगड़ें। इसे एक कॉटन पैड से साफ करें और सूखने के लिए छोड़ दें। अब, कॉटन पर पेंसिल और शार्पनर को थोड़ा रब करें और सूखा लें। आप चाहें तो इसे अब थोड़े देर धूप में भी रख सकते हैं।

**लिक्विड फाउंडेशन :** एक कपास पैड या स्पांज लें और इसे सैनिटाइजर लगाकर गीला कर लें। फाउंडेशन की बोतल और उसके नोजल को ठोस सफाई देने के लिए इस अल्कोहल-वेट कॉटन का इस्तेमाल करें। फिर पूरी बोतल को अच्छे से साफ करें। अब जब आप मेकअप किट और सौंदर्य उत्पादों को साफ करने की कवायद जानते हैं, तो उन्हें साफ रखने की आदत डालें।

**लिपस्टिक :** लिपस्टिक हर मेकअप प्रेमी की पसंदीदा होती है और हम इससे इनकार नहीं कर सकते। हालांकि, अपनी लिपस्टिक को साफ रखना बेहद जरूरी है क्योंकि ये सीधे आपकी त्वचा को छूती हैं। आइसोप्रोपिल अल्कोहल लिपस्टिक पर स्प्रे करें। फिर आप इसे साफ इसे हल्के हाथों से कॉटन की मदद से पोंछ कर साफ कर लें। वहीं ध्यान में ये रखें कि आपकी लिपस्टिक का इस्तेमाल सिर्फ आप ही करें, किसी और के साथ इसे शेयर न करें। वहीं इसे लगाने से पहले अपने हाथों को साफ कर लें, ऊपरी ढक्कन और लिपस्टिक बॉडी को इस्तेमाल करने बाद भी एक बार सैनिटाइजर लगा कर पोंछ लें।

आईशैडो कलर कॉम्बीनेशन को लेकर रहते हैं हमेशा कंफ्यूज?

# तो इन 5 आईशैडो कलर कॉम्बो से जमाएं अपना मेकअप गेम

**अक्सर** आप लोग मेकअप में उस चीज से कतराते हैं, जिसे हम कम ही इस्तेमाल करते हैं। यही वजह है कि हम अपने मेकअप को एक बेहतरीन टचअप नहीं दे पाते और नतीजन हम पार्लर जाने का विचार बना लेते हैं। लेकिन यहां हम आपको आईशैडो के कुछ कलर कॉम्बो बताएंगे, जो आपको एक खूबसूरत लुक देने में मदद करेगा। अगर आपने भी बहुत सारे रंगों के साथ एक महंगा आईशैडो पैलेट खरीदा है, लेकिन आप इसमें केवल कुछ ही 1-2 कलर को लगा के इसे खत्म कर देते हैं, तो यहां आपके लिए कुछ है। यहां हम आपके लिए आइशैडो गाइड है, जिससे आपको अपने आईशैडो पैलेट में बाकी कलर को चुनकर एक अच्छा आईशैडो कलर कॉम्बीनेशन बनाने में मदद मिलेगी। यहां जानिए कौन से आईशैडो कलर कॉम्बोस एक साथ सबसे अच्छा काम करेगें और आपके मेकअप गेम को ऊपर ले जाएंगे।

## ऑरेंज और पर्पल

ऑरेंज और पर्पल कलर का कॉम्बीनेशन काफी अच्छा हो सकता है। इसके लिए आप नारंगी रंग के एक छोटे से थपके के साथ एक हल्का बैंगनी या बकाइन कलर जोड़ें। यह एक डे टाइम इवेंट के लिए बेस्ट है। यह आईशैडो कॉम्बीनेशन विशेष रूप से एक लहंगा या साड़ी के साथ खूब जमेगा।

## मैटलिक यलो और ब्लैक

यलो या पीला काफी पेचीदा रंग हो सकता है, लेकिन इस कलर के आईशैडो को सही से अच्छे कलर कॉम्बीनेशन के साथ लगाया जाए, तो यह गेम बदल सकता है। अब हम आपको बताते हैं आपको कैसे यलो आईशैडो लगाना है। आप अपने एक नियमित रूप से काले स्मोकी आईज के बजाय, यलो और ब्लैक आईशैडो कॉम्बो बनाएं। इसके लिए आप अपनी आंख के अंदरूनी तरफ यलो शेड लगाएं उसके बाद आप एक ब्लैक शेड से बाहरी तरफ हल्का शेड दें और फिर आईलाईनर लगाएं। यह आपको एक स्मोकी लुक देने के साथ एक डिफरेंट लुक भी देगा।

## ब्रॉन्ज और प्लम

किसी पार्टी, फेस्टिव और वेडिंग लुक के लिए आप ब्रोंज और प्लम आईशैडो कलर से एक बेहतर कॉम्बिनेशन के बारे में सोच सकते हैं। यह एक परफेक्ट मैच है, जो लोगों का ध्यान आपकी ओर खींचने में आपकी मदद करेगा और हर कोई आपकी तारीफ करेगा। इस कलर कॉम्बीनेशन को आप ट्रेडिशनल आउटफिट, एथनिक या गाउन के साथ लगाएं।



## पिंक और ब्लू

आप एक सॉफ्ट पिंक कलर के साथ एक आईशैडो बेस सेट करें और फिर इसे स्काई ब्लू या फिर नेवी ब्लू शेड के साथ हाइलाइट करें। यह आपको एक आईमेकअप गोल सेट करने में मदद करेगा। इस कॉम्बो को ट्राई करते समय हमेशा ध्यान रखें की ब्लू शेड की अति न करें, भीतरी कोने में थोड़ा सा डैब कर निचली पलक पर लगाएं, जैसा कि यहां फोटो में दिखाया गया है।

## पीच और गोल्ड

यदि आप एक ही समय में अपनी आंखों को एक वॉर्म और स्पार्कल लुक देना चाहते हैं, तो आप पीच और गोल्ड कलर का कॉम्बो ट्राई करें। यह आपके लिए बेस्ट है, यह आपकी आंखों को गहराई देने में मदद करेगा। बस आपको इस कलर कॉम्बीनेशन को लगाते समय आपको अपनी आंखों के अंदरूनी आधे हिस्से में गोल्ड शेड और बाहरी तरफ पीच शेड लगाना है। जैसे यहां तस्वीर में बताया गया है।

# घर पर खुद से बना रही हैं आइब्रो तो जरूर फॉलो करें ये दो तरीके

**लॉकडाउन** के दौरान आपके फिटनेस के लिए जिम से लेकर ब्यूटी ट्रीटमेंट के लिए सारे पार्लर और सैलून भी बंद हैं। ऐसे में आपको फिटनेस से लेकर ब्यूटी दोनों का ध्यान घर पर खुद रखना होगा। ब्यूटी की बात की जाए, तो लड़कियों के लिए लॉकडाउन में सबसे बड़ी चुनौती हो सकती है भद्दी दिखने वाली आइब्रो। क्योंकि अधिकतर लड़कियां, कुछ हफ्तो या महीने में अपनी आइब्रो बनवाती है। ऐसे में बढ़ी हुई आइब्रो या बिना शेप की आइब्ररे आपको काफी भद्दी दिखती थी। ऐसे में हमारे पास आपके लिए घर पर आईब्रो बनाने के 2 आसान तरीके हैं, आइए यहां जानें कि घर पर आइब्रो बनाने के ईजी स्टेप्स।

लॉकडाउन के दौरान आपके फिटनेस के लिए जिम से लेकर ब्यूटी ट्रीटमेंट के लिए सारे पार्लर और सैलून भी बंद हैं। ऐसे में आपको फिटनेस से लेकर ब्यूटी दोनों का ध्यान घर पर खुद रखना होगा।



## घर पर आइब्रो बनाने का तरीका

यहां हम आपको घर पर आइब्रो बनाने का पहला तरीका और आसान स्टेप्स बता रहे हैं।

**स्टेप 1:** सबसे पहले अपने चेहरे को गुनगुने पानी से साफ करके धो लें और फिर अपनी आइब्रो को आइब्रो ब्रश से अच्छी तरह से ब्रश करें।

**स्टेप 2:** इसके बाद आप अपने एक हाथ से अपनी त्वचा को कसकर पकड़ें और धीरे-धीरे छोटी चिमटी से एक्स्ट्रा बालों को खींचें। एक बार में कई बालों को खींचने की कोशिश न करें। एक-एक करके अपने बालों को निकालें। ध्यान रखें कि बालों के विकास की दिशा में ही बालों को खींचें।

**स्टेप 3:** इतना करने के बाद आप अपने आइब्रो के लंबे बालों को काटने के लिए आइब्रो कैंची का इस्तेमाल कर बालों को काटें।

**स्टेप 4:** इसके बाद आप अपनी आइब्रो की शेप देने के लिए स्पूली या आइब्रो ब्रश से चेक करें कि बालों को सही शेप मिली है या नहीं। अगर कहीं बाल छूट गये हों या लंबे रह गय हों, तो आइब्रो ब्रश और कैंची की मदद से उन्हें हल्का सा काट लें।

**स्टेप 5:** अब आप अपनी आइब्रो के आसपास की स्किन के लाल होने पर कॉटन के कपड़े में थोड़ी बर्फ रखकर रगड़ें।

## आइब्रो वैक्सिंग

आप आइब्रो बनाने के लिए आइब्रो वैक्सिंग का विकल्प भी चुन सकते हैं। आइए यहां जानिए आइब्रो वैक्सिंग कैसे करें।

**स्टेप 1:** सबसे पहले आप अपने चेहरे को धो लें और अच्छे से साफ कर लें।

**स्टेप 2:** इसके बाद आप वैक्स को हल्का गर्म करें और इसके बाद एक पॉप्सिकल स्टिक लें।

**स्टेप 3:** अब आप एक पॉप्सिकल स्टिक की मदद से आइब्रो के नीचे की तरफ वैस्क लगाएं। वैक्स हमेशा उस दिशा में लगाएं, जिससे बाल बढ़ते हैं।

**स्टेप 4:** इसके बाद आप एक कॉटन का कपड़ा या वैक्स स्ट्रिप लें और इसे वैक्स पर रखकर, बाल बढ़ने की दिशा में अच्छे से रगड़े। कुछ सेकेंड के लिए सेट होने दें और फिर एक हाथ से स्किन टाइट खींचकर रखते हुए स्ट्रिप को विपरीत दिशा में खींच लें।

**स्टेप 5:** फिर यही तरीका आप आइब्रो के ऊपर के भाग के लिए भी दौहराएं।

## आइब्रो को अच्छी शेप कैसे दें?

सबसे पहले आप एक आइब्रो पेंसिल की मदद से अपनी आइब्रो एक अच्छी शेप दें। आप इससे अपनी आइब्रो को मोटा लंबा और डार्क बना सकते हैं। इसके अलावा, यह सलाह दी जाती है कि भौं के बीचों बीच यानी माथे के बालों को हमेशा साफ रखें। हमेशा आइब्रो तब ही बनाएं, जब कि उनकी ग्रोथ अच्छी हो जाए, इससे उन्हें एक अच्छी शेप देने में मदद मिलती है।

# त्वचा की चमक को बरकरार रखेगी मलाई

**महिलाएं** अपनी स्किन को स्वस्थ रखने के लिए कई उपाय करती हैं और बाजार में मिलने वाले ब्यूटी प्रोडक्ट्स को भी आजमाती हैं, ताकि चहरे की चमक बनी रहे, लेकिन क्या आप जानती हैं कि घर में उपस्थित मलाई भी आपको बेहतरीन परिणाम दे सकती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको मलाई लगाने के तरीकों की जानकारी देने जा रहे हैं, जिसकी मदद से त्वचा की चमक को बरकरार रखा जा सकता हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट्स के। तो आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल से जुड़ी जानकारी के बारे में।

मलाई चेहरे पर मलाई लगाएं और लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को अच्छे से धो लें। मलाई चेहरे के लिए बहुत फायदेमंद होती है। रोजाना त्वचा पर मलाई लगाने से त्वचा में निखार आने लगता है। आप मलाई में कुछ चीजें मिलाकर फेस पैक भी बना सकती हैं। मलाई और शहद स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए एक चम्मच मलाई और एक चम्मच शहद को मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं। लगाने के 20 मिनट बाद इसे ठंडे पानी से धो लें।

**मलाई :** चेहरे पर मलाई लगाएं और लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को अच्छे से धो लें। मलाई चेहरे के लिए बहुत फायदेमंद होती है। रोजाना त्वचा पर मलाई लगाने से त्वचा में निखार आने लगता है। आप मलाई में कुछ चीजें मिलाकर फेस पैक भी बना सकती हैं।

**मलाई और शहद :** स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए एक चम्मच मलाई और एक चम्मच शहद को मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं। लगाने के 20 मिनट बाद इसे ठंडे पानी से धो लें।

**मलाई और बेसन :** मलाई स्किन के लिए फायदेमंद होती है। त्वचा में निखार लाने के लिए एक बड़े चम्मच में मलाई लें और एक बड़ी चम्मच में बेसन ले लें। इन दोनों को मिला लें और चेहरे पर लगा लें। लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। आप मलाई, बेसन और हल्दी को मिलाकर फेस पैक भी बना सकती हैं।



**मलाई और नींबू :** स्किन को हेल्दी रखने के लिए एक चम्मच मलाई और एक चम्मच नींबू रस को मिला लें और इस मिश्रण से त्वचा की मसाज करें। चेहरे में निखार लाने के लिए रोजाना 4 से 5 मिनट तक आप ऐसा कर सकती हैं। मसाज करने के बाद गीली रुई से चेहरे को अच्छे से साफ कर लें।

# सिर्फ होंठों पर ही नहीं, लिपस्टिक को ऐसे भी कर सकती हैं इस्तेमाल

लिपस्टिक को बतौर ब्लश यूज करना एक अच्छा आइडिया है। इसकी मदद से आपको एक क्रीम बेस्ड ब्लश लुक मिलता है। आप लाइट कलर्स की लिपस्टिक को अपनी चीक्स पर अप्लाई करके एक परफेक्ट लुक पा सकती हैं।

**जब** मेकअप की बात होती है, तो आंखों के साथ-साथ होंठों पर भी खास ध्यान दिया जाता है। फेस मेकअप को बैलेंस करने के लिए अमूमन महिलाएं या तो होंठों पर फोकस करती हैं या फिर लिप्स को बोल्ड लुक देती हैं। अपने लिप्स को खूबसूरत बनाने के लिए यूं तो अमूमन डिफरेंट कलर्स की लिपस्टिक को होंठों पर अप्लाई करती हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि हर बार लिपस्टिक को सिर्फ होंठों पर ही लगाया जाए। दरअसल, मेकअप करना एक आर्ट है और अगर आप स्मार्टली मेकअप करती हैं, तो बेहद मिनिम मेकअप प्रॉडक्ट की मदद से भी एक ब्यूटीफुल लुक पा सकती हैं, तो चलिए आज हम आपको लिपस्टिक को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में बता रहे हैं।

## बनाएं ब्लश

मेकअप एक्सपर्ट कहते हैं कि लिपस्टिक को बतौर ब्लश यूज करना एक अच्छा आइडिया है। इसकी मदद से आपको एक क्रीम बेस्ड ब्लश लुक मिलता है। आप लाइट कलर्स की लिपस्टिक को अपनी चीक्स पर अप्लाई करके एक परफेक्ट लुक पा सकती हैं।



## बनाएं आईलाइनर

जी हां, इन दिनों कलर्ड आईलाइनर काफी चलन में हैं और अक्सर महिलाएं अपने लुक के साथ थोड़ा एक्सपेरिमेंटल होने के लिए कलर्ड आईलाइनर को अप्लाई करती हैं। लेकिन अगर आपके पास लिक्विड लिपस्टिक है तो ऐसे में आप उस बतौर कलर्ड आईलाइनर इस्तेमाल करें। आईलाइनर अप्लाई करने के लिए आप मैट लिपस्टिक को ही चुनें। इस तरह आप अपने आईमेकअप के साथ काफी एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं। मेकअप एक्सपर्ट कहते हैं कि इस तरह आपको बहुत अधिक मेकअप प्रॉडक्ट की जरूरत महसूस नहीं होगी। मेकअप एक्सपर्ट कहते हैं कि आप लिपस्टिक को सिर्फ आईलाइनर ही नहीं, बल्कि आईशैडो के रूप में भी यूज कर सकती हैं।

## बनाएं कलर करेक्टर

सुनने में आपको शायद अजीब लगे लेकिन लिपस्टिक आपके लिए कलर करेक्टर की तरह भी काम कर सकता है। मेकअप एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आपके पास रेड लिपस्टिक है तो ऐसे में आप इसे कंसीलर से पहले लगाकर एक फलॉलेस लुक पा सकती हैं। यह आपकी आंखों के नीचे के एरिया से डार्क सर्कल्स आदि को छिपाने में मदद करेगी।